वर्ष-07 - अंक 271
पृष्ट-12 मूल्य : 03 रुपया

लखनऊ
बुधवार,08 जुलाई 2026

RNI.No. UPHIN/2019/79073

केंद्रीय सुचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार CBC (DAVP) द्वारा जारी दर पर विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अख़बार

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

स्वतंत्र प्रभात

swatantraprabhat.com

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून गाज़ियाबाद , दिल्ली ,पंजाब , हरियाणा ,चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

यूपी को देश का अग्रणी कौशलयुक्त राज्य बनाने में जुटी 3
मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से आगरा में युवाओं के 4
सांसद की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास, शाषी 11

दोनों देश रामायण काल से जुड़े हैं : पीएम मोदी

पीएम मोदी को इंडोनेशिया के सर्वोच्च सम्मान 'बिन्तांग आदिपूर्ण' देकर सम्मानित किया

नुसंतारा(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इंडोनेशिया दौरे का आज दूसरा दिन है। इस दौरान राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने पीएम मोदी को इंडोनेशिया के सर्वोच्च सम्मान 'बिन्तांग आदिपूर्ण' देकर सम्मानित किया। पीएम ने इसके बाद इंडोनेशिया की संसद को भी संबोधित किया, जहां उन्होंने इस सम्मान के लिए इंडोनेशिया के राष्ट्रपति और देश की जनता का आभारत जताया। पीएम ने इस दौरान भारत-इंडोनेशिया के संबंधों के इतिहास पर भी बात की। इस बीच मोदी ने भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बांदुंग कॉन्फ्रेंस (1955) में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुकर्णो और भारत के प्रधानमंत्री नेहरू ने दुनिया को संदेश दिया कि स्वतंत्र देशों को अपने फैसले खुद लेने का पूरा अधिकार है। पीएम के इस संबोधन से ठीक पहले कांग्रेस ने भी एक बयान जारी किया। इसमें पार्टी ने बताया कि इंडोनेशिया का सर्वोच्च सम्मान इससे पहले नेहरू को मिल चुका है। वह भी मरणोपरांत। कांग्रेस ने एक्स पर इस पोस्ट के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी पर तंज भी कसा। क्या है भारत-इंडोनेशिया के रिश्तों का इतिहास? भारत और इंडोनेशिया के रिश्तों का इतिहास करीब दो शताब्दियों से भी ज्यादा पुराना है। इंडोनेशिया में भारतीय दूतावास की वेबसाइट के मुताबिक, यह रिश्ते रामायण और महाभारत के काल से हैं। भारत की तरह ही इंडोनेशिया में लोक कला और नाट्यों में इन दोनों ग्रंथों से जुड़ी घटनाओं का जिक्र मिलता है। इतना ही नहीं इंडोनेशिया में हिंदुत्व, बौद्ध धर्म और बाद में इस्लाम धर्म का आगमन भी भारत से ही हुआ। इंडोनेशिया की बड़ी आबादी एक समय हिंदू-बौद्ध धर्म को मानती थी। हालांकि, समय के साथ इस्लाम धर्म पूरे इंडोनेशिया में प्रसारित हुआ। इंडोनेशिया की सरकारी यूनिवर्सिटी- यूनिवर्सिटास नेगेरी सेमारंग में 2018 में छपी एक रिसर्च के मुताबिक, भारत और इंडोनेशिया के रिश्ते रामायण और महाभारत काल से जुड़े होने के कई सबूत मिले हैं। खासकर इंडोनेशिया में मौजूद कलाकृतियां और आर्किटेक्चर, जिनमें भारत की पौराणिक काल के इतिहास का जिक्र मौजूद है। बताया जाता है कि भारत में प्रचलित त्रेता युग के ग्रंथ- रामायण में जावा का जिक्र मिलता है। रामायण में इस जगह को यवद्वीप के नाम से जाना गया है। यहां प्रभु राम की सेना के प्रमुख सुग्रीव ने माता सीता की खोज के लिए अपनी एक टुकड़ी भेजी थी। इसी रिसर्च में कहा गया है कि हिंदू और बौद्ध धर्म भारत से ही इंडोनेशिया में फैले। इन्हीं के जरिए भारतीय संस्कृति का अहम हिस्सा रही संस्कृत और ब्राह्मी लिपियों ने भी इंडोनेशिया में जगह बनाई। आज भी इंडोनेशिया में प्रचलित भाषाओं में भारत की संस्कृत से लेकर तमिल शब्दों की झलक तक दिख जाती है। इस देश में भारत का प्रभाव कितना ज्यादा था, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विदेशी यात्रियों ने इंडोनेशिया का नाम भारत के जरिए ही पहचाना गया। इंडोनेशिया नाम लातिन शब्द इंडस (यानी भारत) और ग्रीक शब्द नेसोस (यानी द्वीप) को मिला कर बना। 18वीं सदी से इंडोनेशिया का नाम पूरी दुनिया में चलन में रहा है। पुरातनकाल के भारतीय संस्कृत और ब्राह्मी अभिलेखों को इंडोनेशिया ले गए। इसी के जरिए रामायाण और महाभारत जैसे ग्रंथों को इंडोनेशिया में प्रचार मिला। आज भी इंडोनेशिया के जावा में नाटकों में कई ओपन थिएटर बने हैं, जहां इंडोनेशिया के मुस्लिम समुदाय के लोग पूर्णिमा पर रामायण से जुड़े नृत्य में हिस्सा लेते हैं। इसके अलावा इंडोनेशिया में कई मंदिर भी हैं, जिनकी कलाकृतियों में भारतीय संस्कृति की झलक साफ दिखती है। एक और स्टडी के मुताबिक, इंडोनेशिया में जब हिंदू-बौद्ध धर्म पूरी तरह फैला था, तब कई इंडोनेशियाई नागरिक भारत में नालंदा यूनिवर्सिटी में पढ़ने पहुंचते थे। इसी दौरान भारत का प्रभाव भी इंडोनेशिया पर तेजी से बढ़ा था। बताया जाता है कि इंडोनेशिया में प्राचीन समय में हिंदुत्व, मध्यकाल में बौद्ध धर्म और 12वीं सदी के बाद इस्लाम धर्म तेजी से फैला।

प्रतापगढ़ अपनी आध्यात्मिक संस्कृति के लिये जाना जाता है : सीएम योगी

मुख्यमंत्री ने 384 करोड़ रुपए से अधिक 111 परियोजनाओं का लोकार्पण शिलान्यास की दी सौगात

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रतापगढ़। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधानसभा सदर तथा विधानसभा विश्वनाथगंज अन्तर्गत 384.71 करोड़ की 111 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास बटन दबाकर किया, जिनमें प्रतापगढ़ सदर की 42 व विश्वनाथगंज की 13 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं प्रतापगढ़ सदर की 45 एवं विश्वनाथगंज विधानसभा क्षेत्र की 11 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि जनपद प्रतापगढ़ आंवला उत्पादन का विशिष्ट क्षेत्र होने के कारण आंवला नगरी के नाम से जाना जाता है।प्रतापगढ़ की इस पुण्य भूमि को जगतगुरू धर्मसम्राट स्वामी करपात्री जी महाराज एवं जगतगुरू कृपालु जी महाराज जैसे महान संतो की पुण्य भूमि का गौरव प्राप्त है। उन्होने कहा कि जनपद प्रतापगढ़ पौराणिक काल से लेकर आधुनिक काल तक अपनी आध्यात्मिक संस्कृति के लिये जाना जाता है। माँ बेल्हा देवी धाम, माँ चन्द्रिका देवी धाम, भयहरणनाथ धाम, घुसमेश्वरनाथ धाम का आर्शीवाद इस जिले के निवासियों को प्राप्त है। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में यहां के बाबू गुलाब सिंह ने शंखनाद किया था। भारत के संविधान सभा के सदस्य के रूप में पंडित मुनीश्वरदत्त उपाध्याय, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री बाबू लाल तथा प्रसिद्ध साहित्यकार हरिवंश राय बच्चन की जन्म भूमि का गौरव इस जिले को प्राप्त है। जनप्रतिनिधियों के समर्पण और सेवा भावना से क्षेत्र का विकास होता है। उन्होने कहा कि प्रतापगढ़ में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सोनेलाल पटेल के नाम से स्थापित हुआ जिसमें नर्सिंग कालेज की स्थापना की गयी है जिसमें जनपद के युवा युवतियों को सुनहरा अवसरा मिला है। उन्होने कहा कि प्रतापगढ़ प्रगति की ओर अग्रसर होगा तो प्रदेश भी प्रगति की ओर अग्रसर होगा। उन्होने कहा कि चाहे लोक सेवा आयोग हो अथवा अधीनस्थ चयन सेवा आयोग, शिक्षा आयोग सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रतापगढ़ के युवक एवं युवतियों का नाम देखकर मुझे बड़ी प्रसन्नता होती है कि प्रतापगढ़ का युवा वर्ग सभी क्षेत्रों में नाम रोशन कर रहा है। उन्होने कहा कि 15 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन प्रदान किया जा रहा है। प्रदेश में 10 करोड़ लोगो को आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत लाभ दिया जा रहा है। उन्होने कहा कि प्रदेश में 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को 5 लाख रूपये तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध करायी जा रही है। उज्ज्वला योजना अन्तर्गत फ्री गैस सिलेण्डर एवं 65 लाख परिवारो को आवास की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। उन्होने कहा कि पिछली सरकार ने वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया दिया था, हमारी सरकार ने वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कालेज एवं वन प्रोडक्ट दिया है।आज की अयोध्या प्रभु श्रीराम के समय का स्मरण कराती है। आज अयोध्या में चतुर्दिक रोड की कनेक्टिविटी है। महर्षि बाल्मीकि के नाम से इण्टरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण हुआ है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित बी0पी0एस0सी0 परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली श्रद्धा पाण्डेय को आई पैड, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के लाभार्थी शिवम् यादव व मीनू कुमारी को स्वीकृति पत्र, मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थी हेमलता सरोज व रीना देवी को स्वीकृति पत्र, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत आर0एफ0 / सी0आई0एफ व कैडर मानदेय से सम्बन्धित पूजा मिश्रा व रुक्मणी सिंह को रूपये 25.63 करोड़ का डेमो चेक एवं अन्य कई लाभार्थियों को लाभान्वित किया। कार्यक्रम में जनपद के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बेल्हा प्रेमलता सिंह, पूर्व मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह 'मोती सिंह', पूर्व सांसद विनोद सोनकर, पूर्व मंत्री शिवकान्त ओझा, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, पूर्व विधायक अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा, प्रदेश प्रवक्ता भाजपा दिनेश प्रताप सिंह, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक राजीव प्रताप सिंह 'नन्दन', भाजपा नेता राजा अनिल प्रताप सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन ज्योति नारायण, मण्डलायुक्त प्रयागराज सौम्या अग्रवाल, पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र अजय कुमार मिश्रा, जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, मुख्य विकास अधिकारी डा0 राममोहन मीना, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, पार्टी पदाधिकारी, जनपद स्तरीय अधिकारीगण, मीडिया बन्धु, लाभार्थी व आम जनमानस उपस्थित रहे।

संक्षिप्त ख़बरें

बीकेटीसी की कार्रवाई, आरोपी कर्मचारी नौटियाल निलंबित

बदरीनाथ (चमोली)। बदरीनाथ मंदिर में चढ़ावे में हेराफेरी करने के आरोपी वैयक्तिक सहायक प्रमोद नौटियाल को निलंबित कर दिया गया है। वहीं गढ़वाल आयुक्त आनंद स्वरूप की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति को जांच सौंपी गई। समिति 15 दिन के भीतर सरकार को जांच रिपोर्ट सौंपेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बदरीनाथ मंदिर में वित्तीय अनियमितता के आरोपों का सख्त संज्ञान लिया है। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने बदरीनाथ मंदिर में चढ़ावे में हेराफेरी के आरोपी वैयक्तिक सहायक प्रमोद नौटियाल को निलंबित कर दिया है। बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी की ओर से जारी आदेश के अनुसार नौटियाल के विरुद्ध पदीय दायित्वों के निर्वहन में प्रथम दृष्टया गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आने पर तीन जुलाई 2026 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था।साथ ही मामले की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच के लिए चार सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया।

होर्मुज में तीसरे टैंकर पर ड्रोन हमला ऊर्जा आपूर्ति की बढ़ी चिंता

दुबई। होर्मुज जलडमरूमध्य में मंगलवार को तीन टैंकरों को निशाना बनाया गया। यह फारस की खाड़ी के संकरे मार्ग से गुजरने वाले जहाजों पर हुए ताजा हमलों में से एक है। ब्रिटिश सेना ने यह जानकारी दी। ब्रिटेन के यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) ने बताया कि तेल परिवहन के लिए बेहद अहम इस समुद्री मार्ग में तीसरे जहाज को ड्रोन से निशाना बनाया गया। इससे पहले मंगलवार को दिन में दो अन्य टैंकरों पर भी हमला किया गया था। यूकेएमटीओ के अनुसार, तीसरे जहाज को मामूली नुकसान पहुंचा है। इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है और जहाज अपनी यात्रा जारी रखे हुए है। यूकेटीएमओ इस क्षेत्र में जहाजों की आवाजाही पर नजर रखती है। यह घटना ऐसे समय हुई है, जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव अभी भी बना हुआ है। हालांकि, दोनों देशों के बीच एक अंतरिम समझौता हुआ है। इन हमलों से इस बात की चिंता बढ़ गई है कि इस संकरे समुद्री मार्ग से गुजरने वाले व्यापारिक जहाज फिर से निशाना बन सकते हैं।अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। साथ ही अभी तक समुद्र में प्रदूषण या तेल रिसाव के कोई संकेत नहीं मिले हैं। यूकेटीएमओ ने कहा कि मामले की जांच जारी है।

भाजपा सरकार कंपनियों की सगी है जनता की नहीं : अखिलेश यादव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा की 'धर्म' और 'धन' दोनों राजनीति का अंत हो गया है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में कच्चे तेल के दाम गिरने से पेट्रोल-डीजल के दामों में भारी कमी आई है और दूसरे देशों की पब्लिक को तेल के घटे दामों के रूप में लाभ मिला है लेकिन इसके विपरीत भारत में भाजपा सरकार दाम नहीं घटा रही है, कंपनियों को लगातार फायदा पहुँचाने में लगी है। भाजपा सरकार कंपनियों की सगी है जनता की नहीं। अखिलेश यादव ने कहा भारत में तेल या किसी भी चीज के दाम का अपना अनोखा 'भ्रष्ट अर्थशास्त्र' है जो माँग-आपूर्ति से नहीं बल्कि भाजपाई कमीशनखोरी से चलता है, जो कंपनियों के मुनाफे से जुड़ा है। सामान्य शब्दों में कहें तो कंपनियों का प्रॉफिट-लाभ जितनी ज्यादा होगा, भाजपा को कमीशन भी उतना ज्यादा मिलेगा। इसीलिए हमारे यहाँ हर चीज के दाम बढ़ने महंगाई बढ़ने का कारण भाजपा की कमीशनखोरी है, जिसका खामियाजा आम जनता को महंगे तेल, परिवहन, यातायात, खाद्य पदार्थ व अन्य सभी सामान खरीद कर भुगतना पड़ रहा है। भाजपा के जिन अनभिज्ञ, भोले-भाले समर्थकों को लगता था कि भाजपा ऐसा निकृष्ट कार्य नहीं कर सकती है, मंदिर-चोरी के बाद उनको भी समझ आ गया है कि भाजपाइयों के लिए 'धन' ही 'धर्म' है। अब तो भाजपा और उनके संगी-साथियों को देखकर लोग दरवाजा बंद कर ले रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि भाजपा की धर्म की राजनीति का अंत हो गया है, इसीलिए वो अब केवल 'धन' की राजनीति करेगी, इससे भ्रष्टाचार भी बेतहाशा बढ़ेगा और महंगाई भी क्योंकि भाजपा के जिन करोड़ों वोटों में कमी आई है, उन वोटों की कमी को भाजपा पैसे से खरीद कर पूरा करना चाहेगी लेकिन धर्म के नाम पर की गई चोरी के पैसों को कोई नहीं लेना चाहेगा। यही 'अधर्मी भाजपा' की सबसे बड़ी चिंता है। भारत की धर्मभीरू जनता पाप के पैसों की हिस्सेदार नहीं बनेगी। 'चढ़ावा-चंदा-दान' चोरी के खुलने की वजह से भाजपा की 'धर्म' और 'धन' दोनों राजनीति का अंत हो गया है। भाजपा अब कहीं की नहीं रही। जो भाजपा का साथी, वो रामघाती।

तेज गेंदबाज शापूर जादरान का निधन

नई दिल्ली। अफगानिस्तान क्रिकेट को मंगलवार को बड़ा झटका लगा, जब टीम के पूर्व तेज गेंदबाज और देश में क्रिकेट की नींव रखने वाले खिलाड़ियों में शामिल शापूर जादरान का 38 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह लंबे समय से एक दुर्लभ और जानलेवा बीमारी से जूझ रहे थे। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (ACB) ने सोशल मीडिया पर उनके निधन की जानकारी साझा करते हुए गहरा शोक व्यक्त किया। शापूर जादरान पिछले जनवरी से भारत के एक अस्पताल में गहन चिकित्सा देखभाल (आईसीयू) में भर्ती थे। पिछले साल अक्टूबर में अफगानिस्तान में उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद उनके भाई घमई जादरान और पूर्व कप्तान असगर अफगान उन्हें इलाज के लिए भारत लेकर आए थे। जादरान हेमोफैगोसाइटिक लिम्फोहि स्टियो साइटोसिस नामक दुर्लभ बीमारी से पीड़ित थे।

वायनाड भूस्खलन में चार मौतें

तिरुवनंतपुरम/वायनाड। केरल के मुख्यमंत्री वी.डी. सतीशन ने मंगलवार को वायनाड में हुए भूस्खलन की घटना को लेकर आपातकालीन बैठक की। इस बैठक में राज्य के कृषि मंत्री टी. सिद्दीकी भी शामिल हुए, जो वायनाड से ही हैं। बैठक में अनाक्कम्पॉयिल-कल्लाडी सुरंग सड़क परियोजना के वायनाड छोर पर हुए भूस्खलन की स्थिति और राहत-बचाव कार्यों की समीक्षा की गई। इसके साथ ही इस भूस्खलन का भयावह वीडियो भी सामने आया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर चलाए जाएं। उन्होंने राजस्व मंत्री ए.पी. अनिल कुमार और कृषि मंत्री टी. सिद्दीकी को तुरंत वायनाड पहुंचकर राहत एवं बचाव अभियान की निगरानी करने के लिए कहा।यह घटना मीनाक्षी पुल के पास कलाड़ी में हुई, जो सुरंग निर्माण स्थल के नजदीक है। निर्माण स्थल पर खोदी गई मिट्टी का बड़ा ढेर भूस्खलन के दौरान ढह गया, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। पिछले 24 घंटों में लगातार हुई भारी बारिश के बाद ढीली मिट्टी धंस गई और नीचे गिर गई, जिससे कार्यस्थल के कुछ हिस्से दब गए।अधिकारियों को संदेह है कि बचाव दल द्वारा खोज जारी रखने के दौरान अभी और अधिक श्रमिक और पर्यटक फंसे हो सकते हैं। यह इलाका पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है। भूस्खलन के समय कई निजी वाहन भी वहां आसपास खड़े हुए थे। निर्माण श्रमिकों को परियोजना स्थल तक ले जाने वाली एक बस भी वहां खड़ी थी।

बालिग को अपने घर लौटने के लिए राज्य नहीं कर सकता मजबूर : बॉम्बे हाईकोर्ट

मुंबई(एजेंसी)। बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि कोई भी बालिग महिला अपनी इच्छा से यह तय करने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र है कि वह कहां रहेगी, किससे शादी करेगी और आगे पढ़ाई करेगी या नहीं। राज्य या उसके अधिकारी उसे जबरन माता-पिता के घर लौटने के लिए मजबूर नहीं कर सकते। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश रविंद्र घुबे और न्यायमूर्ति गौतम अंखाड की खंडपीठ ने 2 जुलाई को दिए अपने आदेश में यह टिप्पणी की। इस आदेश की प्रति मंगलवार को उपलब्ध हुई।अदालत ने कहा कि 21 वर्षीय महिला ने हैदराबाद स्थित अपने माता-पिता के घर को अपनी इच्छा से छोड़ा था।

वह बालिग है और कानून के अनुसार यह फैसला लेने में सक्षम है कि वह कहां रहना चाहती है, शादी करना चाहती है या नहीं और अपनी पढ़ाई जारी रखना चाहती है या नहीं। हाई कोर्ट ने कहा कि ये सभी फैसले व्यक्ति की निजी पसंद से जुड़े हैं और भारतीय संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत मिले जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का हिस्सा हैं।

एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट के बाद दूंगा हर आरोप का जवाब : चंपत राय

अयोध्या(एजेंसी)। राम मंदिर के दानपात्र से चढ़ावा चोरी के मामले में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय ने पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ी है। ट्रस्ट की बैठक में उनका इस्तीफा स्वीकार किए जाने के एक दिन बाद मंगलवार को उन्होंने रामभक्तों के नाम एक पत्र जारी कर अपनी बात रखी।अपने पत्र में चंपत राय ने कहा कि 7 जून 2026 को राम मंदिर परिसर के दानपात्र की गणना के दौरान हुई चोरी की घटना के बाद तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं और उन पर व्यक्तिगत रूप से अनेक निराधार आरोप लगाए गए हैं। इसी कारण उन्होंने अब तक मौन धारण किया था।उन्होंने कहा कि 6 जुलाई को हुई ट्रस्ट की बैठक में एसआईटी की प्रारंभिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जो अब सार्वजनिक हो चुकी है। हालांकि यह रिपोर्ट 'परम गोपनीय' थी। उन्होंने रामभक्तों को आश्वस्त करते हुए कहा कि एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट आने के बाद उनके खिलाफ लगाए जा रहे सभी आरोपों और उठाए गए हर बिंदु पर क्रमवार जवाब देंगे। उनका दावा है कि अंतिम रिपोर्ट के बाद पूरा सच सामने आ जाएगा।पत्र में चंपत राय ने अपने सार्वजनिक जीवन का भी उल्लेख किया। उन्होंने लिखा कि अक्टूबर 1991 में उन्हें संगठन द्वारा अयोध्या भेजा गया था और उनका प्रचारक जीवन 45 वर्षों का रहा है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां उन्होंने कार्य किया, उनका जीवन एक खुली पुस्तक की तरह रहा है। अंत में उन्होंने सभी को आदरपूर्वक नमन किया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा के इस्तीफे पर रामनगरी के संतों ने मिश्रित प्रतिक्रिया व्यक्त की। संतों ने कहा कि जो भी निर्णय हुआ, वह परिस्थितियों के अनुरूप उचित है। साथ ही उन्होंने चंपत राय को पूरी तरह निर्दोष बताते हुए कहा कि उनका इस्तीफा नैतिकता के आधार पर दिया गया कदम है, जिसका स्वागत किया जाना चाहिए। संतों ने कहा कि राम मंदिर ट्रस्ट द्वारा प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक सशक्त एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में जो नई व्यवस्था की जा रही है, उसका भी स्वागत है।

मैं लव मैरिज की विरोधी नहीं : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल

लखनऊ(एजेंसी)। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने एकेटीयू दीक्षांत समारोह में छात्र-छात्राओं से खुलकर बात की। राजधानी के सिद्धीखेड़ा बालिका गृह की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आज कल लड़के-लड़कियां पहले भाग जाते हैं। फिर लड़कियां प्रेग्नेंट हो जाती है और ऐसे बच्चे बाद में सरकार के भरोसे हो जाते हैं। उन्हें कोई स्वीकार नहीं करता है और वे बालगृह में पहुंचा दिए जाते हैं। सामने बैठे छात्र-छात्राओं से उन्होंने कहा कि यह आप सबका पराक्रम है। ऐसा पराक्रम न करिए। उन्होंने कहा कि मेरा बेटा भी बंगलौर पढ़ने गया था। मैंने कहा कि कोई लड़की पसंद हो तो बताना, मैं शादी कर दूंगी। हालांकि उसने ऐसा नहीं किया। आपको कोई पसंद आए तो पहले आत्मनिर्भर बनिए, फिर शादी कीजिए। मैं लव मैरिज की विरोधी नहीं हूं। लेकिन आत्मनिर्भर होने तक शादी न करिए, कुछ गलत न करिए।राज्यपाल ने आंगनबाड़ी, स्कूल-कॉलेजों व विश्व विद्यालयों में हो रहे निर्माण कार्य की डिजाइन व उपयोगिता पर बड़े सवाल खड़े किये। उन्होंने कहा कि यहां होने वाले निर्माण कार्यों को देखकर निराशा होती है। लाइट जलाने का बोर्ड कमरे के बीच में लगा होता है। आंगनबाड़ी में पीने के पानी के टैब इतने ऊंचे हैं कि बच्चे पहुंच नहीं पाते हैं।ट्यॉलेट इतने ऊंचे हैं कि बच्चे पहुंच नहीं सकते हैं। एक यूनिवर्सिटी में प्रथम तल पर एक तरफ वीसी, दूसरी तरफ रजिस्ट्रार का कमरा है और बीच में लाइब्रेरी प्रस्तावित की गई है। जबकि छात्रावास वहां से एक किलोमीटर दूर है। उन्होंने इन कमियों की तरफ इशारा करते हुए कहा कि निर्माण वालों की डिग्री फर्जी तो नहीं है।

उन्होंने विवि प्रशासन को कड़े निर्देश दिए कि निर्माण में गुणवत्ता के साथ उपयोगिता का भी ध्यान रखें। निर्देश दिया कि हॉस्टल में मॉर्डन किचन बनाएं, आरओ प्लांट लगवाएं। राज्यपाल ने बताया कि आज मेडल पाने वालों में एकेटीयू के 16, सरकारी कॉलेज के 17 और प्राइवेट के 49 छात्रों को मेडल मिला है। उन्होंने कहा कि सरकारी कॉलेजों में गरीब छात्र पढ़ने जाते हैं। क्योंकि यहां शुल्क कम होता है। अपेक्षाकृत प्राइवेट में ज्यादा फीस देकर पढ़ते हैं। ऐसे में सरकारी स्कूल-कॉलेजों के शिक्षक मेहनत करें। छात्रों को सही से सिखाएं। क्योंकि यहां गरीब के बच्चे आते हैं। इसी तरह प्राइमरी स्कूलों में भी गरीब बच्चे जाते हैं। सरकारी स्कूल-कॉलेजों के शिक्षक पढ़ाई में ध्यान दें। उन्होंने वाइब्रेंट गुजरात का उदाहरण देते हुए सुझाव दिया कि प्रदेश में होने वाले निवेश से जुड़ी जानकारी वाली बुकलेट स्कूल-कॉलेजों, विश्वविद्यालयों के छात्रों को उपलब्ध कराई जाए। ताकि युवाओं को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने छात्रों से तकनीकी के साथ रचनात्मकता और संस्कृति को बनाए रखने की बात कही। एकेटीयू कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत करते हुए बताया कि एनईपी 2020 लागू करने के साथ ही छात्रों को इंटर डिसीप्लीनरी व माइनर डिग्री भी दी जा रही है।

E25 पेट्रोल लॉन्च होने की खबरें पूरी तरह अफवाह: केंद्र सरकार

नई दिल्ली(एजेंसी)। देश में इथेनॉल-मिश्रित ईंधन को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच केंद्र सरकार ने E25 पेट्रोल के जल्द रोलआउट (लॉन्च) होने वाली खबरों पर पूरी तरह विराम लगा दिया है। सरकार ने साफ किया है कि भारत में फिलहाल E25 पेट्रोल लाने का कोई फैसला नहीं लिया गया है और इसे लेकर चल रही खबरें महज अफवाह हैं। यहां इस पूरे मामले को सिलसिलेवार ढंग से समझते हैं:मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सरकारी सूत्रों ने बातचीत में स्पष्ट किया है कि E25 पेट्रोल के रोलआउट के दावे 'पूरी तरह से झूठे' हैं। सरकार का कहना है कि किसी भी नीतिगत फैसले से पहले इस ईंधन का व्यापक वैज्ञानिक और तकनीकी मूल्यांकन होना जरूरी है, जो अभी पूरा नहीं हुआ है। एक सरकारी सूत्र ने सवाल उठाते हुए कहा:जब अभी अलग-अलग गाड़ियों पर E25 ईंधन की टेस्टिंग ही चल रही है, तो इसके रोलआउट का शेड्यूल कैसे तय किया जा सकता है? ' यह स्पष्टीकरण उन मीडिया रिपोर्ट्स के बाद आया है जिनमें दावा किया जा रहा था कि सरकार चरणबद्ध तरीके से E25 पेट्रोल पेश कर सकती है। इन खबरों के कारण वाहन मालिकों के बीच इंजन की अनुकूलता और लॉन्ग-टर्म परफॉर्मेंस को लेकर चिंताएं बढ़ने लगी थीं।

संक्षिप्त खबरें

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

थाना नगर पुलिस की कार्रवाई

बस्ती। बस्ती जिले के थाना नगर पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार, थाना नगर में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 186/2026, धारा 69, 351(3), 352 बीएनएस के तहत दर्ज मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को विधिक प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में करहली चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सर्वेश कुमार चौधरी एवं थाना नगर पुलिस टीम ने मंगलवार को करहली से भोंडसर जाने वाले मोड़ के पास से आरोपी अनिल कुमार निषाद पुत्र सोमई, निवासी ग्राम सोंधिया, थाना नगर, जनपद बस्ती (उम्र 35 वर्ष) को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी ग्राम सेमरा उर्फ गलवा का ग्राम प्रधान भी है। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं मानवाधिकार आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लिया तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे माननीय न्यायालय, बस्ती के समक्ष पेश करने के लिए रवाना किया इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक सर्वेश कुमार चौधरी, कांस्टेबल चंद्रकांत पाण्डेय तथा कांस्टेबल सोनू कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सखियां लोगों को देंगी यातायात नियमों की जानकारी, जागरूकता वाहन रवाना

सड़क हादसों में कमी लाने के लिए जिले में चलेगा 15 दिवसीय विशेष अभियान

अंबेडकरनगर। मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए मंगलवार को विकास भवन से डीएम इस प्रिया ने जन जागरूकता रैली रवाना की अगले 15 दिनों तक यातायात जागरूकता समूह की सखियां आम लोगों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाएंगे जिससे जिले में मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। डीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री की प्रेरणा से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, सुरक्षित यातायात व्यवहार को प्रोत्साहित का प्रयास किया जा रहा है। इस अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप प्रदान किया जाएगा। 21 जुलाई तक चलने वाले 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में लोगों को नियमों की जानकारी देने, उसका पालन करने के लिए प्रेरित करने का काम किया जाएगा। आईआईटी मद्रास के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रोड सेफ्टी के प्रतिनिधि हेमेंद्र शर्मा ने बताया कि इंजीनियरिंग, प्रवर्तन, शिक्षा, आपातकालीन चिकित्सा सहायता तथा जनभागीदारी के समन्वित प्रयासों से ही सड़क दुर्घटनाओं, मृत्यु एवं गंभीर रूप से घायल होने की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। कहा कि अभियान का मूल संकल्प है कि 'हर नागरिक सुरक्षित घर लौटे' तथा सड़क सुरक्षा प्रत्येक व्यक्ति के दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बने। अभियान का शुभारंभ नारी शक्ति द्वारा सुरक्षित अम्बेडकरनगर' थीम के साथ किया गया। जिलाधिकारी ने बड़ी संख्या में उपस्थित सड़क सुरक्षा सखियों को संबोधित करते हुए सड़क सुरक्षा जागरूकता की शपथ दिलाई। इसके बाद जनजागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

खड़े ट्रैक्टर टैंकर से टकराई रोडवेज बस पेड़ से भिड़ी, चालक घायल

लालगंज (रायबरेली)। कोतवाली क्षेत्र के डलमऊ रोड पर चांदा टीकर गांव के पास सोमवार की देर रात एक रोडवेज बस सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर टैंकर से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर पेड़ से जा भिड़ी। हादसे में बस चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बस संख्या यूपी 41 एटी 2968 लखनऊ से सवारियां लेकर फतेहपुर जा रही थी। रात करीब 10:30 बजे चांदा टीकर गांव के पास बस सड़क किनारे खड़े पानी के टैंकर से टकरा गई। टक्कर के बाद बस का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे पेड़ से जा भिड़ी। हादसे में बस चालक राजकुमार पुत्र छोटेलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। बस में सवार यात्रियों को कोई चोट नहीं आई। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

जमीन विवाद में पुलिस पर मारपीट और अभद्रता का आरोप

» पीड़िता ने डीआईजी- एसपी से लगाई न्याय की गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बस्ती। बस्ती जिले के कलवारी थाना क्षेत्र के ग्राम कुसौरा में जमीन कब्जे के विवाद के बीच पुलिस पर मारपीट और अभद्रता का गंभीर आरोप लगाया गया है। पीड़िता सबा, पुत्री स्वर्गीय मोहम्मद कासिम, निवासी कुसौरा ने पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) को प्रार्थना पत्र देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।प्रार्थना पत्र के अनुसार, 5 जुलाई को सुबह करीब 11 बजे गांव निवासी नागेंद्र पुत्र रामजतन कथित रूप से उस जमीन पर दीवार बनाकर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे, जहां पीड़िता के अनुसार उसके पूर्वजों की आरा मशीन संचालित होती थी। सूचना मिलने पर सबा, उसकी मां कुलसुम बानो और भाई सुफियान मौके पर पहुंचे तथा निर्माण कार्य रोकने का अनुरोध किया। आरोप है कि इस दौरान दोनों पक्षों के बीच विवाद की स्थिति बन गई।

पीड़िता का कहना है कि इसके बाद परिवार ने महिला हेल्पलाइन पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। आरोप है कि नागेंद्र के बुलाने पर पहुंचे दरोगा एस.एन. सिंह ने बिना मामले की जांच किए ही सबा और उसके परिवार के साथ अभद्र व्यवहार किया। सबा का आरोप है कि दरोगा ने उसका कॉलर और गला पकड़कर धक्का दिया तथा जबरन थाने ले गए। परिवार का कहना है कि उन्हें शाम तक हवालात में रखा गया और बाद में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की निवारक धाराओं 107/151 के तहत चालान कर एसडीएम न्यायालय भेज दिया गया।

पीड़ित परिवार ने उच्च अधिकारियों से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, जमीन कब्जे के आरोपों की भी जांच कराने तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित दरोगा के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। हालांकि, इस मामले में पुलिस विभाग की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया या पक्ष सामने नहीं आया है। ऐसे में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। अब जांच के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

दासिया में बन रहे इथेनॉल प्लांट सभी मानकों का हो रहा पालन

» अटूबर 2026 तक उत्पादन शुरू करने का लक्ष्य- निदेशक रोहन जायसवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बस्ती। बस्ती जिले में रुधौली विधानसभा क्षेत्र के दासिया गांव में निर्माणाधीन अनीता डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड के प्रस्तावित इथेनॉल प्लांट को लेकर सोमवार को रेलवे स्टेशन रोड स्थित एक निजी होटल में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। कंपनी के निदेशक रोहन जायसवाल और अन्य अधिकारियों ने परियोजना की विस्तृत जानकारी देते हुए इसे पर्यावरण अनुकूल एवं आधुनिक तकनीक पर आधारित बताया।रोहन जायसवाल ने कहा कि प्लांट में अत्याधुनिक तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे किसी भी प्रकार का अशोधित या हानिकारक अपशिष्ट जल बाहर नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने दावा किया कि प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े सभी मानकों का कड़ाई से पालन किया जाएगा तथा अपशिष्ट का वैज्ञानिक ढंग से निस्तारण किया जाएगा।एनओसी संबंधी सवालों के जवाब में कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय, प्रादेशिक और स्थानीय स्तर पर आवश्यक सभी विभागीय अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त किए जा चुके हैं। साथ ही जिला पंचायत एवं ग्राम पंचायत से भी अनुमति मिल चुकी है। अधिकारियों के अनुसार शिलान्यास से पूर्व मुख्य राजस्व अधिकारी की मौजूदगी में किसानों के साथ बैठक की गई थी, जिसके

बाद नियमानुसार निर्माण कार्य शुरू कराया गया।कंपनी का दावा है कि परियोजना का लगभग 75 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और अक्टूबर 2026 तक उत्पादन शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। प्लांट में किसानों से टूटे चावल, मक्का, भूसी सहित अन्य कृषि उत्पाद खरीदकर इथेनॉल का उत्पादन किया जाएगा, जिससे किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य मिल सकेगा।

अधिकारियों के अनुसार परियोजना से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से करीब दो हजार लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। प्रेसवार्ता के दौरान पर्यावरणीय प्रभाव, भूजल संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और स्थानीय लोगों की आशंकाओं से जुड़े सवाल भी उठाए गए, जिनका कंपनी प्रतिनिधियों ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि परियोजना का संचालन सभी वैधानिक और पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप किया जाएगा तथा संबंधित विभागों की नियमित निगरानी भी होती रहेगी। इस अवसर पर कंपनी के प्रोपराइटर सुधीर जायसवाल, यूनिट हेड आर.के. दुबे, चीफ कंसल्टेंट पी.एन. पांडेय, तकनीकी विशेषज्ञ तथा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

पूर्व विधायक रुद्र प्रताप सिंह को सपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

देवरिया। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक रुद्र प्रताप सिंह के निधन पर मंगलवार को पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके भीखमपुर रोड स्थित आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर दिवंगत नेता को श्रद्धासुमन अर्पित किए और शोकाकुल परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा कि स्वर्गीय रुद्र प्रताप सिंह का निधन समाजवादी पार्टी और जनपद की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि दिवंगत नेता ने अपना पूरा जीवन जनसेवा, संगठन की मजबूती और समाज के अंतिम व्यक्ति की आवाज उठाने के लिए समर्पित किया। वे पार्टी कार्यकर्ताओं के अभिभावक, मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत थे। उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा और उनकी कमी कभी पूरी नहीं हो सकेगी। जिलाध्यक्ष ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा में विजय प्रताप यादव, हृदयनारायण जायसवाल, छेदीलाल यादव, राजेंद्र प्रसाद, उमेश नारायण शाही, बीरेंद्र लाल श्रीवास्तव, हुसैन अहमद, राजवंशी राजभर, इंद्रेश सिंह रामू, अजय यादव, अमरेंद्र यादव, अर्जुन यादव, नित्यानंद त्रिपाठी, दयाशंकर यादव, धीरेन्द्र यादव, रमेश यादव, गिरीश जायसवाल, राजनाथ सहित समाजवादी पार्टी के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे।

भाजपा जिला कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

» जननायक स्वर्गीय दादा तेजभान सिंह की श्रद्धांजलि सभा में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गौरीगंज, अमेठी। गौरीगंज स्थित भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जननायक, पूर्व विधायक एवं जनप्रिय जनसेवक स्वर्गीय दादा तेजभान सिंह की पावन स्मृति में भारतीय जनता पार्टी, अमेठी द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धा, संवेदना एवं कृतज्ञता से ओतप्रोत इस कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने स्वर्गीय दादा तेजभान सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण करते हुए कहा कि उनका संपूर्ण सार्वजनिक जीवन ईमानदारी, सादगी, कर्तव्यपरायणता, लोकसेवा एवं संगठन-निष्ठा का अनुपम उदाहरण रहा। उन्होंने राजनीति को सदैव जनसेवा का माध्यम माना तथा अंतिम समय तक जनसामान्य के सुख-दुःख में सहभागी बने रहे। कार्यकर्ताओं के प्रति उनका आत्मीय स्नेह, सहज उपलब्धता एवं मार्गदर्शक व्यक्तित्व सदैव प्रेरणा देता रहेगा।वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय दादा तेजभान सिंह का जीवन संघर्ष, समर्पण, राष्ट्रनिष्ठा एवं जनकल्याण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का पर्याय था। उनके आदर्श, सिद्धांत एवं संगठन के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव पथप्रदर्शक बने रहेंगे। उनका निधन केवल भारतीय जनता पार्टी परिवार ही नहीं, बल्कि संपूर्ण अमेठी जनपद के लिए अपूरणीय क्षति है।भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रद्धांजलि सभा में भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला,पूर्व जिलाध्यक्ष दयाशंकर यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष,राम प्रसाद मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष, वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र शुक्ला , जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र 'मटियारी', जिला उपाध्यक्ष हिंदेश सिंह, तिलोई ब्लॉक प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह 'मुन्ना', जिला उपाध्यक्ष उपमा सरोज, विवेक माहेश्वरी सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता

उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा का संचालन प्रभात शुक्ला ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने स्वर्गीय दादा तेजभान सिंह के आदर्शों पर चलने, संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा समाजसेवा के उनके अधूरे संकल्पों को आगे बढ़ाने का सामूहिक संकल्प लिया। श्रद्धांजलि सभा का वातावरण अत्यंत भावुक एवं श्रद्धामय रहा। उपस्थित प्रत्येक कार्यकर्ता की आँखें नम थीं। सभी ने एक स्वर में कहा कि स्वर्गीय दादा तेजभान सिंह का स्नेहिल व्यक्तित्व, निष्कलंक जनसेवा, संगठन के प्रति उनकी अटूट निष्ठा एवं समाज के प्रति उनका समर्पण सदैव अमिट स्मृतियों में जीवंत रहेगा और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा प्रदान करता रहेगा।

नकली एवं अमानक कीटनाशकों पर सख्त कार्रवाई, 26 प्रतिष्ठानों का संयुक्त निरीक्षण

05 संदिग्ध कीटनाशक नमूने जांच के लिए भेजे गए, 4 विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बलरामपुर जनपद में किसानों को गुणवत्तापूर्ण कृषि आदान उपलब्ध कराने तथा नकली, अमानक एवं भ्रामक प्रचार-प्रसार के माध्यम से बेचे जा रहे कीटनाशी रसायनों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। शासन के निर्देशों तथा जिलाधिकारी डॉ विपिन कुमार जैन के निर्देश के अनुपालन में गठित संयुक्त टीमों ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में कीटनाशक विक्रेताओं, निजी गन्ना समितियों का सघन निरीक्षण किया। यह कार्रवाई किसानों के हितों की रक्षा तथा गुणवत्तायुक्त कृषि आदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए की गई। निरीक्षण अभियान के दौरान 26 कीटनाशी विक्रेताओं, निजी गन्ना समितियों एवं चीनी मिल केंद्रों का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। टीमों ने विक्रय लाइसेंस, स्टॉक रजिस्टर, क्रय-विक्रय अभिलेख, कीटनाशकों की गुणवत्ता, भंडारण व्यवस्था तथा निर्धारित मानकों के अनुपालन का गहन परीक्षण किया। साथ ही यह भी देखा गया कि किसानों को केवल अनुमोदित एवं गुणवत्तापूर्ण कीटनाशी रसायन ही उपलब्ध कराए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान कीटनाशी अधिनियम, 1968 एवं कीटनाशी नियमावली, 1971 के अंतर्गत विभिन्न कीटनाशी रसायनों के 05 संदिग्ध नमूने संग्रहित कर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजे गए हैं। प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाए जाने वाले विक्रेताओं एवं संबंधित कंपनियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त निरीक्षण के समय अभिलेखों एवं मानकों में पाई गई कमियों के कारण 04 कीटनाशी विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उनसे निर्धारित समयावधि में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने अथवा अनियमितता सिद्ध होने की स्थिति में उनके विरुद्ध लाइसेंस निलंबन अथवा अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि अधोमानक एवं नकली कीटनाशी रसायनों का प्रयोग न केवल मिट्टी की उर्वरता और पर्यावरण को प्रभावित करता है, बल्कि फसलों में कीट एवं रोगों की प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाता है, जिससे किसानों की लागत बढ़ती है और उत्पादन प्रभावित होता है। इसलिए गुणवत्तायुक्त एवं प्रमाणित कृषि आदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे केवल लाइसेंसधारी विक्रेताओं से ही कीटनाशी दवाओं की खरीद करें, खरीद का पक्का बिल अवश्य प्राप्त करें तथा किसी भी संदिग्ध या नकली उत्पाद की सूचना तत्काल कृषि विभाग को दें।

चार पहिया वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, एक की मौत

एक का ट्रामा सेंटर तो दूसरे का मेडिकल कालेज में चल रहा इलाज

अंबेडकरनगर। टांडा कोतवाली क्षेत्र के एनएच -233 टांडा बांदा मार्ग पर मौहरिया के पास चार पहिया वाहन व बाइक में भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक की मौत हो गई। एक का लखनऊ ट्रामा सेंटर तो दूसरे का सदरपुर मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। घटना सोमवार देर रात की है, जब तीनों एक बाइक से ढाबे से खाना खाकर घर लौट रहे थे। सामने से आ रहे चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दिया। इससे कृष्ण वर्मा (14) पुत्र कपिल देव वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक पर सवार घायल सुरेंद्र वर्मा (21) का महामाया राजकीय मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर इमरजेंसी वार्ड में इलाज चल रहा। दिव्यांशु (18) निवासी भुवालपुर थाना इब्राहिमपुर जो अपनी नानी के यहां रहता है काफी दिनों से ब्राहिमपुर कुसुमा में रहता था। उसे लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। मंगलवार को पोस्टमार्टम कराने में पुलिस की शिथिलिता पर टांडा ब्लाक प्रमुख सुरजीत वर्मा ने नाराजगी जताई।

समाजसेवी मनीष मिश्रा ने 100 मेधावी छात्राओं को वितरित किया टेबलेट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बस्ती। बस्ती जिले केअटल प्रेक्षागृह में 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 100 प्रतिभाशाली बेटियों को समाज सेवी मनीष मिश्रा ने टैबलेट वितरित किया। समाजसेवी मनीष मिश्रा का यह प्रयास बस्ती की बेटियों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने, उन्हें उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रोत्साहित करने तथा उनके उज्ज्वल भविष्य में एक छोटा-सा योगदान है।

समाजसेवी मनीष मिश्रा का हमेशा से मानना है कि जब किसी बेटी के हाथ में शिक्षा के साथ तकनीक भी पहुंचती है, तो उसके सपनों को नई उड़ान मिलती है। आज के डिजिटल युग में तकनीक केवल एक साधन नहीं, बल्कि अवसरों, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का माध्यम है। समाज सेवी मनीष मिश्रा का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है।

समाजसेवी ने पहले भी महिलाओं को सिलाई मशीन समेत अन्य सामग्री वितरित कर चुके हैं। समाजसेवी ने कहा कि महिलाएं

ही राष्ट्र के निर्माता है हमारा पूरा प्रयास महिलाओं को स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने का है। छात्राओं को टैबलेट मिलते ही छात्राओं के मुख पर मुस्कान आ गई। टैबलेट पाने वाली 100 प्रतिभाशाली छात्राओं ने समाजसेवी मनीष मिश्रा के द्वारा महिलाओं के लिए किए जा रहे जनहित कार्यो के प्रति आभार व्यक्त किया। समाजसेवी मनीष मिश्रा ने मीडिया से बातचीत में बताया कि ऐसा ही जनहित का कार्यक्रम लगातार जारी रहेगा और एक सप्ताह बाद 100 बेरोजगार छात्रों को रोजगार दिया जाएगा।

12 जुलाई को 44 लाख पौधरोपण का लक्ष्य, तैयारियों में जुटा प्रशासन

» जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्स्ना ने विभागों को दिए समन्वय व पौधों के संरक्षण के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बस्ती। बस्ती जिला अधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी 12 जुलाई 2026 को 44 लाख पौधरोपण (वृहद वृक्षारोपण) अभियान की तैयारियों के संबंध में जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना ने कहा कि वृक्षारोपण अभियान पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण तथा भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अभियान को केवल पौधारोपण तक सीमित न रखा जाए, बल्कि लगाए गए प्रत्येक पौधे के संरक्षण एवं संवर्धन की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पौधों के जीवित रहने की दर बढ़ाना सभी संबंधित विभागों की प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। जिलाधिकारी ने वन विभाग, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, नगर निकाय, शिक्षा, उद्यान, सिंचाई, लोक निर्माण तथा अन्य संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करें तथा वृक्षारोपण स्थलों का पूर्व निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर लें। पौधों की गुणवत्ता, प्रजातियों के चयन तथा स्थानीय भौगोलिक एवं पर्यावरणीय परिस्थितियों के अनुरूप रोपण सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान विभागवार लक्ष्य, पौधों की उपलब्धता, गड्ढों की खुदाई, सिंचाई व्यवस्था, पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड, नियमित मॉनिटरिंग तथा जियो-टैगिंग सहित अन्य व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अभियान की प्रत्येक गतिविधि की सतत निगरानी की जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही निर्धारित की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि वृक्षारोपण के उपरांत पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण की कार्ययोजना पहले से तैयार रखी जाए, जिससे अभियान के अपेक्षित परिणाम प्राप्त हो सकें। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों द्वारा की जा रही तैयारियों की जानकारी देते हुए निर्धारित समय-सीमा के

भीतर सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने का आश्वासन दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान, सीआरओ कीर्ति प्रकाश भारती, डीएफओ डा. शिरीन, सीएमओ डा. राजीव निगम, डीडीओ सुशील कुमार श्रीवास्तव, पीडी आनन्द कुमार गुप्ता, एसडीएम हिमांशु कुमार, मनोज प्रकाश, उमाकान्त तिवारी, रश्मि यादव, शत्रुघ्न पाठक, राजेश यादव, डीपीआरओ धनश्याम सागर, जिला विद्यालय निरीक्षक संजय सिंह, डीएचओ अरूण कुमार त्रिपाठी, उप कृषि निदेशक अशोक कुमार, अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी अवधेश कुमार, डीसी मनरेगा संजय शर्मा, बीएसए अनूप तिवारी, ईओ नगर पालिका अंगद गुप्ता सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

वन महोत्सव के समापन दिवस पर किया गया वृक्षारोपण

» एसपी अमेठी व सीडीओ द्वारा नवीन पुलिस लाइन्स गौरीगंज में किया गया वृक्षारोपण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

अमेठी। जिलाधिकारी अमेठी व पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. द्वारा पुलिस लाइन गौरीगंज में वन महोत्सव के अंतिम दिवस पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। वृक्ष मानवता की रक्षा के लिए बहुत जरूरी हैं, वृक्ष लगाकर हम अपने पर्यावरण व परिवेश को स्वच्छ व सुन्दर बना सकते हैं। प्रकृति के प्रति सकारात्मक रवैये को लेकर सभी को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने एवं वातावरण के लिए खतरनाक प्लास्टिक जैसे कई पदार्थों का उपयोग बंद करने के लिये जागरूक किया गया। वृक्षारोपण के उपरान्त जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों को पौधे वितरित कर उन्हें प्रकृति के

प्रति जागरूक रहने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अमेठी अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारीगण, तथा विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण को हरा-भरा बनाने और रोपे गए पौधों की सुरक्षा व देखभाल करने का संकल्प लिया। वृक्षारोपण के उपरान्त अधिकारीगण द्वारा आगामी दिनांक 12.07.2026 को प्रस्तावित वृक्षारोपण महाअभियान कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से मीटिंग कर संबंधित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिये गये।

पिकअप के टक्कर से बाइक सवार वृद्ध घायल

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के जगन्नाथपुर पेट्रोल पंप के पास गोपीगंज मीरजापुर मार्ग पर पिकअप के टक्कर से बाइक सवार वृद्ध गिरकर घायल हो गए, गोपीगंज थाना क्षेत्र के बलनपुर गांव निवासी राजमणि पाल 60 वर्ष अपने बेटे के साथ विंध्याचल दर्शन करने के लिए जा रहे थे जगन्नाथपुर गांव के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे झटके से पीछे बैठे वृद्ध गिरकर घायल हो गए घायल अवस्था में आसपास के लोगों द्वारा मौके पर पहुंचकर सरकारी एंबुलेंस की सहायता से उसे गोपीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया।

12 जुलाई को 'एक पेड़ मां के नाम' थीम पर होगा वृहद वृक्षारोपण अभियान

अमेठी में 53.66 लाख पौधे रोपित करने का लक्ष्य, तैयारियों को अंतिम रूप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

अमेठी। आगामी 12 जुलाई को प्रदेशभर में आयोजित होने वाले वृहद वृक्षारोपण अभियान-2026 के तहत अमेठी जनपद में 'एक पेड़ मां के नाम' थीम पर 53 लाख 66 हजार 100 पौधे रोपित किए जाएंगे। अभियान की तैयारियों को लेकर नवीन पुलिस लाइन गौरीगंज सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने जिला वृक्षारोपण समिति की संयुक्त समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करना सभी विभागों की जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए कि पौधारोपण से जुड़ी सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं तथा अभियान को जनभागीदारी के माध्यम से जनआंदोलन का स्वरूप दिया जाए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों, किसान समूहों एवं आम नागरिकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र ने बताया कि जनपद को वर्षाकाल 2026 में 53.66 लाख पौधों के रोपण का लक्ष्य मिला है। इसमें वन विभाग को 26.93 लाख तथा अन्य विभागों को 26.73 लाख पौधे लगाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) के अवसर पर 5.39 लाख पौधे लगाए जा चुके हैं, जबकि शेष 48.27 लाख पौधों का रोपण वन महोत्सव सप्ताह, 12 जुलाई के विशेष अभियान तथा अन्य कार्यक्रमों के दौरान किया जाएगा।

डीएफओ ने विभागवार लक्ष्य की जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम्य विकास विभाग को 14.29 लाख, कृषि विभाग को 3.26 लाख, पर्यावरण विभाग को 3.05 लाख, उद्यान विभाग को 2.05 लाख, पंचायती राज विभाग को 1.48 लाख, राजस्व विभाग को 82,500, उच्च शिक्षा विभाग को 17,300, स्वास्थ्य विभाग को 14,000, बेसिक शिक्षा विभाग को 12,000, माध्यमिक शिक्षा विभाग को 11,500, लोक निर्माण विभाग को 11,900, पशुपालन विभाग को 9,900, सिंचाई विभाग को 8,900, उद्योग विभाग को 7,000, विद्युत विभाग को 6,500, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग को 6,000, सहकारिता विभाग को 5,600 तथा पुलिस विभाग को 5,040 पौधे लगाने का लक्ष्य आवंटित किया गया है। बैठक में बताया गया कि सभी विभागों द्वारा पौधारोपण स्थलों का चयन एवं गड्ढों की खुदाई का कार्य शत-प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। वर्तमान में पौधशालाओं से पौधों का उठान कराया जा रहा है ताकि निर्धारित तिथि तक सभी व्यवस्थाएं पूर्ण हो सकें।

प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि जनपद के सभी विकासखंडों में वन विभाग की 29 पौधशालाओं में 81.90 लाख पौधे उपलब्ध हैं। इनमें इमारती, फलदार, शोभाकार, औषधीय, सुगंधित, चारा एवं पर्यावरणीय प्रजातियों के पौधे शामिल हैं। प्रमुख प्रजातियों

में सागौन, शीशम, नीम, पीपल, पाकड़, बरगद, आम, अमरूद, आंवला, जामुन, महुआ, सहजन, कदंब, अर्जुन और खैर शामिल हैं। इसके अतिरिक्त उद्यान विभाग की एक तथा 17 निजी पौधशालाओं में भी पर्याप्त पौधे उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि 12 जुलाई के अभियान के लिए वन विभाग द्वारा 221 स्थलों पर 26.93 लाख तथा अन्य विभागों द्वारा 3,790 स्थलों पर 26.73 लाख गड्ढों की खुदाई पूरी कर ली गई है। अभियान की प्रभावी मॉनिटरिंग एवं रिपोर्टिंग के लिए प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय में कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि पौधों के ढुलान का कार्य शीघ्र पूरा करते हुए अभियान को व्यापक जनसहभागिता से जोड़ें। साथ ही पिछले वर्षों में लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल पर भी विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि वृक्षारोपण अभियान के दीर्घकालिक एवं सकारात्मक परिणाम सुनिश्चित हो सकें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ज्योति सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

यूपी को देश का अग्रणी कौशलयुक्त राज्य बनाने में जुटी योगी सरकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को आधुनिक तकनीक, उद्योगों की आवश्यकताओं तथा रोजगारोन्मुखी कौशल से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने सोमवार को विधानभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय समीक्षा बैठक में कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक युवा को हुनरमंद बनाकर रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। इसके लिए विभाग की सभी योजनाओं का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। मंत्री अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की जनपद एवं मुख्यालय स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए तथा प्रत्येक प्रशिक्षण केंद्र की प्रगति की सतत निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा और प्रत्येक अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जवाबदेही एवं संवेदनशीलता के साथ करें। कौशल विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की आवश्यकताओं को देखते हुए युवाओं के लिए अधिक से अधिक शॉर्ट टर्म एवं रोजगारपरक कौशल पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जाएं। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सॉफ्ट स्किल, डिजिटल लर्निंग, संवाद कौशल, इंटरव्यू तैयारी, रिज्यूमे लेखन तथा व्यक्तित्व विकास जैसे विषयों को भी शामिल किया जाए, जिससे प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं की रोजगार क्षमता और अधिक बढ़ सके। मंत्री अग्रवाल ने कहा कि योगी सरकार की मंशा केवल प्रशिक्षण उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि प्रशिक्षण के बाद युवाओं को रोजगार से जोड़ना भी है। इसलिए विभाग उद्योगों के साथ मजबूत समन्वय स्थापित करे तथा स्थानीय उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि आईटीआई एवं कौशल विकास संस्थानों में आयोजित होने वाले रोजगार मेलों की जानकारी अधिक से अधिक युवाओं तक पहुंचाई जाए ताकि प्रत्येक इच्छुक अभ्यर्थी को अपनी योग्यता एवं रुचि के अनुसार रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिल सके। बैठक में अटल आवासीय विद्यालयों में संचालित स्किलिंग कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। जिसमें बताया गया कि इन विद्यालयों में विद्यार्थियों को आधुनिक कौशल आधारित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही अगले माह से आश्रम पद्धति विद्यालयों में भी स्किलिंग कोर्स प्रारंभ किए जाएंगे, जिससे सामाजिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के विद्यार्थियों को भी तकनीकी दक्षता प्राप्त हो सके। मंत्री अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं की सफलता की कहानियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। ऐसे युवाओं के वीडियो, अनुभव एवं उपलब्धियों को सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से साझा किया जाए ताकि अधिक से अधिक युवा प्रेरित होकर कौशल विकास कार्यक्रमों से जुड़ें। कौशल विकास मंत्री ने कहा कि प्रशिक्षण संस्थानों में आधुनिक तकनीकों जैसे रोबोटिक्स, ऑटोमेशन, सीएनसी, डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग तथा इंडस्ट्री 4.0 से संबंधित प्रशिक्षण को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने उद्योगों के साथ साझेदारी मजबूत करने, प्रशिक्षण सामग्री को समय-समय पर अद्यतन करने तथा विद्यार्थियों को वास्तविक औद्योगिक वातावरण के अनुरूप तैयार करने पर विशेष बल दिया।

अमीनाबाद इंटर कॉलेज में बेटियों की शिक्षा का नया अध्याय शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखनऊ। वर्ष 1887 में स्थापित ऐतिहासिक अमीनाबाद इंटर कॉलेज में बेटियों की शिक्षा का नया अध्याय शुरू हो गया है। नगर निगम द्वारा संचालित इस विद्यालय में छात्राओं के प्रवेश को मंजूरी मिलने के बाद मंगलवार से कक्षा 6 से 12 तक दाखिले की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई। पहले ही दिन कक्षा 6 में चार छात्राओं और कक्षा 11 में तीन छात्राओं ने प्रवेश लिया। इस प्रकार पहले दिन कुल सात छात्राओं का दाखिला हुआ। सोमवार को आयोजित नगर निगम की कार्यकारिणी की बैठक में अमीनाबाद इंटर कॉलेज में छात्राओं के प्रवेश को मंजूरी दी गई थी। निर्णय के बाद विद्यालय प्रशासन ने प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी। लंबे समय से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान रखने वाले इस ऐतिहासिक विद्यालय में छात्राओं के प्रवेश की शुरुआत को महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। अमीनाबाद इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों को न्यूनतम फीस में शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। ऐसे में छात्राओं के प्रवेश की शुरुआत से आर्थिक रूप से कमजोर एवं सामान्य परिवारों की बेटियों को भी कम खर्च में अपनी शिक्षा जारी रखने का अवसर मिलेगा। नगर निगम द्वारा संचालित यह विद्यालय उन परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण विकल्प है, जो सीमित आर्थिक संसाधनों में अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाना चाहते हैं। छात्राओं के लिए प्रवेश शुरू होने से अमीनाबाद और आसपास के क्षेत्रों की बेटियों को विशेष लाभ मिलने की उम्मीद है। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल ने नवप्रवेशित छात्राओं से भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने छात्राओं से बातचीत करते हुए उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। महापौर ने कहा कि बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आगे बढ़ने के समान अवसर उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। ऐतिहासिक अमीनाबाद इंटर कॉलेज में छात्राओं के प्रवेश की शुरुआत इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। नगर निगम द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। वर्ष 1887 से शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दे रहे अमीनाबाद इंटर कॉलेज में छात्राओं के प्रवेश की शुरुआत विद्यालय के इतिहास में एक महत्वपूर्ण बदलाव है। कार्यकारिणी के निर्णय के बाद शुरू हुई यह व्यवस्था क्षेत्र की बेटियों को कम खर्च में शिक्षा जारी रखने का नया अवसर प्रदान करेगी।

अवशेष पात्रों को अभियान चलाकर जारी हों नए राशन कार्ड : मनोज पाण्डेय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के खाद्य तथा रसद एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री मनोज पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत शेष पात्र लाभार्थियों की पहचान कर अभियान चलाकर नए राशन कार्ड जारी किए जाएं। उन्होंने कहा कि राशन वितरण व्यवस्था को और अधिक सुगम एवं पारदर्शी बनाने के लिए ई-पॉस मशीनों में नेटवर्क संबंधी समस्याओं का शीघ्र समाधान कराया जाए। विधान भवन सभागार में आयोजित रसद स्थायी समिति (2025-26) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्री ने विभागीय योजनाओं और सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा की। बैठक में प्रमुख सचिव एवं आयुक्त अतुल सिंह सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत 15.20 करोड़ यूनिट का आच्छादन निर्धारित है, जबकि वर्तमान में 14.64 करोड़ लाभार्थियों को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। इस पर मंत्री ने शेष पात्र व्यक्तियों को भी योजना से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि राशन कार्डों के सत्यापन के दौरान अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डों की जांच शासनादेशों के अनुरूप निष्पक्ष ढंग से की जाए। समिति के सदस्यों ने कई जिलों में ई-पॉस मशीनों में नेटवर्क की समस्या के कारण राशन वितरण में देरी और लाभार्थियों को लंबा इंतजार करना पड़ने का मुद्दा उठाया। इस पर मंत्री ने जिलाधिकारियों और बीएसएनएल अधिकारियों के समन्वय से नेटवर्क संबंधी समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि इन भवनों का निर्माण परिवहनीय मार्गों के किनारे तथा आबादी के निकट कराया जाए, ताकि लाभार्थियों को खाद्यान्न प्राप्त करने में सुविधा हो। बैठक में यह सुझाव भी दिया गया कि अन्नपूर्णा भवनों में आवश्यक वस्तुओं के साथ-साथ एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) तथा स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री की भी व्यवस्था की जाए।

उच्च अधिकारियों के आदेशों की धज्जियां उड़ाता पारा थाना!

मारपीट लूट और धमकी के आरोप के बावजूद एफआईआर नहीं।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में 60 वर्षीय महिला ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का लगाया आरोप, एसीपी के हस्तक्षेप के बाद एफआईआर दर्ज कराने के दिए गए निर्देश। भारतीय जन समाज पार्टी के कार्यालय पहुंचकर न्याय के लिए लगाई गुहार राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजमोहन सिंह के तत्परता दिखाते हुए एसीपी के आदेश पर हुआ मेडिकल पारा थाना क्षेत्र की रहने वाली 60 वर्षीय मजीदा पत्नी स्व0 कादिर ने पुलिस आयुक्त को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि 3 जुलाई 2026 की रात करीब 9:30 बजे बब्बू अली पुत्र कादिर एवं समसुन पत्नी बब्बू अली जबरन उनके घर में घुस आए। आरोप है कि दोनों ने घर में गाली-गलौज करते हुए बहू रोशनी के साथ मारपीट की तथा लोहे की रॉड से हमला कर उसे घायल कर दिया। पीड़िता का यह भी आरोप है कि बीच-बचाव करने पर उनके साथ भी मारपीट की गई, जिससे उनके कान और हाथ में गंभीर चोटें आईं। साथ ही कान में पहना सोने का टॉप्स, जिसकी कीमत लगभग ?8,000 बताई गई है, छीन लेने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़िता का कहना है कि घटना की सूचना तत्काल 112 और 108 पर दी गई तथा 4 जुलाई को पारा थाने में लिखित तहरीर भी दी गई, लेकिन न तो एफआईआर दर्ज की गई और न ही तहरीर की प्राप्ति रसीद दी गई। उनका आरोप है कि पुलिस ने घंटों थाने में बैठाए रखा, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। बाद में पीड़िता ने भारतीय जन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजमोहन सिंह से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजमोहन सिंह ने एसीपी काकोरी से संपर्क कर मामले में तत्काल कार्रवाई, मेडिकल परीक्षण तथा एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिलाए। शिकायतकर्ताओं का यह भी आरोप है कि थाना प्रभारी से कई बार फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

अब देखना यह होगा कि उच्च अधिकारियों के निर्देशों के बाद पारा थाना मामले में निष्पक्ष कार्रवाई कर पीड़िता को न्याय दिलाता है या नहीं।

वी-बी जी राम जी योजना को गति देने के लिए मोहनलालगंज ब्लॉक में मंथन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मोहनलालगंज (लखनऊ)। केन्द्र सरकार की नई वी-बी जी राम जी योजना एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित वृक्षारोपण महाभियान को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने के उद्देश्य से मंगलवार को विकास खण्ड मोहनलालगंज के अटल बिहारी बाजपेई सभागार कक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता खण्ड विकास अधिकारी शिवकुमार ने की, जबकि संचालन एवं तकनीकी मार्गदर्शन एपीओ उदय राज शर्मा द्वारा किया गया। बैठक में विकास खण्ड के सभी तकनीकी सहायकों एवं ग्राम रोजगार सेवकों ने भाग लिया। अधिकारियों ने योजना के सफल क्रियान्वयन, कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्ध प्रगति तथा जियो टैगिंग एवं ऑनलाइन फीडिंग सहित सभी आवश्यक प्रक्रियाओं पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार चल रहे व्यापक वृक्षारोपण महाभियान को जनभागीदारी के साथ सफल बनाने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास को नई दिशा देने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पौधरोपण कराया जाए तथा उसकी नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। बैठक में मौजूद ग्राम रोजगार सेवकों एवं तकनीकी सहायकों को निर्देशित किया गया कि वे आपसी समन्वय के साथ योजनाओं का शत-प्रतिशत पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को नई गति मिल सके।

संक्षिप्त खबरें

यूपीईएसएससी ने प्रवक्ता भर्ती-2022 का अंतिम परिणाम घोषित, 18 विषयों के 624 पदों पर चयन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज ने सहायता प्राप्त अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में प्रवक्ता (बालक/बालिका) भर्ती-2022 का अंतिम चयन परिणाम घोषित कर दिया है। आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि विज्ञापन संख्या-02/2022 के अंतर्गत 18 विषयों के कुल 624 प्रवक्ता पदों के लिए लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के उपरांत चयनित अभ्यर्थियों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के युवाओं को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से सरकारी सेवा में अवसर उपलब्ध कराना आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी क्रम में प्रवक्ता भर्ती-2022 की पूरी प्रक्रिया निष्पक्षता और शुचिता के साथ संपन्न कराई गई। उन्होंने सभी चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

20 नवंबर, 2026 तक सभी परियोजनाओं को गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश : जयवीर सिंह

लखनऊ। वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत परियोजनाओं के कार्य को प्रत्येक दशा में 20 मई, 2026 तक हर हाल में शुरू करने के सभी कायदार्यी संस्था को निर्देश दिए गए थे। जिन परियोजनाओं की लागत 01 करोड़ रूपये है, उन्हें समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ नवंबर-2026 तक पूरा कर लोकार्पण किया जाना है। इस क्रम में विभिन्न संस्थाओं द्वारा उन्हें आवंटित परियोजनाओं पर तेजी से कार्यवाही की जा रही है। राजकीय निर्माण निगम को 32 परियोजनाएं स्वीकृत की गयी थी, जिसमें से 30 परियोजनाओं की निविदा कार्यवाही प्रगति पर है और 02 परियोजनाओं का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

यह जानकारी आज यहां प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि यूपीपीसीएल को आवंटित 65 कार्यों पर निविदा की कार्यवाही प्रगति पर है। 61 परियोजनाओं पर कार्य शुरू करा दिया गया हैं और 01 परियोजना का कार्य पूरा कर दिया गया है।

12 जुलाई को उच्च शिक्षा विभाग लगाएगा 20 लाख पौध

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 12 जुलाई को आयोजित होने वाले 'वृक्षारोपण महायज्ञ-2026' में उच्च शिक्षा विभाग 20 लाख पौधरोपण करेगा। इस अभियान में प्रदेश के 77 विश्वविद्यालयों और करीब 8 हजार महाविद्यालयों की भागीदारी होगी। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि प्रदेश के लगभग 50 लाख छात्रों की सहभागिता से हरित उत्तर प्रदेश का लक्ष्य और मजबूत होगा। मंत्री ने कहा कि योगी सरकार ने वृक्षारोपण को केवल सरकारी कार्यक्रम तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे पर्यावरण संरक्षण, जल सुरक्षा और भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य से जोड़कर जन-आंदोलन का स्वरूप दिया है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण महायज्ञ का उद्देश्य केवल हरियाली बढ़ाना नहीं, बल्कि पर्यावरण संतुलन स्थापित करना और प्रदेश में हरित आवरण का विस्तार करना है। योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि प्रदेश में 22 सरकारी विश्वविद्यालय, 56 निजी विश्वविद्यालय तथा लगभग 8 हजार महाविद्यालय हैं, जिनमें करीब 50 लाख छात्र अध्ययनरत हैं। यदि प्रत्येक छात्र एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल करे तो यह अभियान ऐतिहासिक सफलता हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि अधिकांश शिक्षण संस्थानों में परिसर सुरक्षित हैं, जिससे पौधों का संरक्षण भी बेहतर ढंग से किया जा सकेगा। उन्होंने सभी विश्वविद्यालयों, कुलपतियों, कुलसचिवों और क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अभियान को मिशन मोड में संचालित किया जाए। जिन संस्थानों में चारदीवारी नहीं है, वहां परिसर की सीमा पर पौधरोपण कर प्राकृतिक हरित बाउंड्री विकसित की जाए, जबकि जिन परिसरों में बाउंड्री मौजूद है वहां उसके किनारे सघन पौधरोपण कराया जाए। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार ने वृक्षारोपण को 'एक पेड़ माँ के नाम', 'गुरु के नाम' तथा रक्षाबंधन पर 'भाई-बहन के नाम' जैसे भावनात्मक अभियानों से जोड़ा है, ताकि लोग पौधे लगाने के साथ उनकी नियमित देखभाल भी करें।

रक्षा लेखा विभाग के अधिकारियों ने यूपीएसआईएफएस का परिभ्रमण किया

साइबर युग में अपराध के तरीके बदल रहे हैं, रहना होगा सावधान: डॉ0 जी.के. गोस्वामी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में 7 जुलाई 2026 उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस लखनऊ में आज रक्षा लेखा विभाग, क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र (RTC कैंट लखनऊ) में प्रशिक्षणरत रक्षा लेखा विभाग के 40 अधिकारियों ने परिभ्रमण किया। जिन्हें संस्थान के विषय विशेषज्ञों द्वारा साइबर एवं फोरेंसिक विषयों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर संस्थापक निदेशक डॉ0 जी.के. गोस्वामी ने सभागार में उपस्थित समस्त अधिकारियो को संबोधित करते हुए कहा कि साइबर युग में अपराध के तरीके बदल रहे हैं इसलिए हमें सावधान रहना होगा पहले फिजीकल दुनियां में अपराध होते थे लेकिन अब डिजीटल दुनियां में अपराध हो रहे है ऐसे में तकनीक के बारे मे हम सभी को अधिक से अधिक जानकारी रखनी होगी और उसी के अनुसार कार्य करना होगा अन्यथा साइबर ठगी के शिकार हो सकते हैं। उन्होंने डेटा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिसके पास जितना डेटा होगा वह उतना ही मजबूत होगा, कुछ देश इसलिए शक्तिशाली हैं क्योंकि वह अपनी तकनीक और डाटा अन्य देशो से शेयर नहीं करते उन्होंने कहा कि अभी आप लोगों का प्रशिक्षण का काल है जितना जिज्ञासु होगें उतना ही नई-नई चीजों को सीख पायेगें।यह संस्थान वर्तमान में साइबर सुरक्षा तथा फोरेंसिक विषय में विभिन्न संस्थानों को तकनीकी दक्षता आज निपुण कर रहा है। इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक हेमराज मीना ने प्रशिक्षु अधिकारियो को संस्थान के बारे में ब्रीफ किया तथा आज के युग में साइबर फोरेंसिक क्यों महत्वपूर्ण है? इस विषय पर प्रकाश डाला कार्यक्रम के अंत में उप निदेशक जितेन्द्र श्रीवास्तव ने सभागार में उपस्थित समस्त अधिकारियों का अभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी संतोष तिवारी ने तथा डॉ इंद्रजीत ने साइबर विषय पर व्याख्यान दिया। प्रशिक्षु अधिकारियो ने डीएनए तथा एआई लैब का भी विजिट किया। इस अवसर पर, उप निदेशक चिरंजीब मुखर्जी, अतुल यादव, डॉ0 आनंद प्रकाश, अमित मिश्र, राहुल दिवेदी, डॉ0 पलक, आरआई शैलेन्द्र सिंह एवं कार्तिकेय सहित अन्य उपस्थित रहे।

जिन्हें संस्थान के विषय विशेषज्ञों द्वारा साइबर एवं फोरेंसिक विषयों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर संस्थापक निदेशक डॉ0 जी.के. गोस्वामी ने सभागार में उपस्थित समस्त अधिकारियो को संबोधित करते हुए कहा कि साइबर युग में अपराध के तरीके बदल रहे हैं इसलिए हमें सावधान रहना होगा पहले फिजीकल दुनियां में अपराध होते थे लेकिन अब डिजीटल दुनियां में अपराध हो रहे है ऐसे में तकनीक के बारे मे हम सभी को अधिक से अधिक जानकारी रखनी होगी और उसी के अनुसार कार्य करना होगा अन्यथा साइबर ठगी के शिकार हो सकते हैं।

बारिश से पहले पंपिंग स्टेशन, सीवर और नालों की सफाई पूरी करें, लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त: ए.के. शर्मा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने वर्षाकाल की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी नगर निकायों को निर्देश दिए हैं कि बारिश शुरू होने से पहले पंपिंग स्टेशनों, सीवर नेटवर्क और नालों की सफाई का कार्य हर हाल में पूरा कर लिया जाए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि जलभराव, सीवर ओवरफ्लो अथवा सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। सोमवार को लखनऊ स्थित संगम सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री ने प्रदेश के सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों की वर्षा पूर्व तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान आमजन को जलभराव, गंदगी, कचरे के ढेर और सीवर बैक फ्लो जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े, इसके लिए सभी निकाय युद्धस्तर पर विशेष अभियान चलाएं। मंत्री ने कहा कि बारिश के मौसम में संक्रामक रोग फैलने की आशंका बढ़ जाती है। इसे देखते हुए सभी निकाय नियमित रूप से ब्लीचिंग पाउडर, एंटी-लार्वा दवाओं तथा अन्य आवश्यक रसायनों का छिड़काव सुनिश्चित करें, ताकि संक्रमण और महामारी की संभावनाओं पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां भी पंपिंग स्टेशन और पंपिंग सेट स्थापित हैं, उनका तत्काल रखरखाव पूरा किया जाए तथा उन्हें पहले से चलाकर परीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान मशीनों के खराब होने या रखरखाव का बहाना स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी मशीनें हर समय पूर्ण रूप से कार्यशील स्थिति में रहनी चाहिए। समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री ने लखनऊ, वाराणसी, कानपुर, गोरखपुर, गाजियाबाद और आगरा नगर निगमों के अलावा मुजफ्फरनगर, मऊ, पीलीभीत सहित विभिन्न नगर पालिकाओं एवं निकायों के अधिकारियों से वर्षा पूर्व तैयारियों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने नगर आयुक्तों को निर्देशित किया कि सफाई व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग स्वयं करें तथा नागरिकों से प्राप्त प्रत्येक शिकायत का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी सीवर ओवरफ्लो, नालियों की सफाई में लापरवाही, जलभराव या स्वच्छता व्यवस्था में कमी पाई गई तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध जवाबदेही तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव गुरुप्रसाद, निदेशक अनुज कुमार झा, विशेष सचिव सत्य प्रकाश पटेल, मिशन निदेशक ऋतु सुहास सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि प्रदेश के सभी नगर आयुक्त एवं संबंधित अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री ने लखनऊ, वाराणसी, कानपुर, गोरखपुर, गाजियाबाद और आगरा नगर निगमों के अलावा मुजफ्फरनगर, मऊ, पीलीभीत सहित विभिन्न नगर पालिकाओं एवं निकायों के अधिकारियों से वर्षा पूर्व तैयारियों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने नगर आयुक्तों को निर्देशित किया कि सफाई व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग स्वयं करें तथा नागरिकों से प्राप्त प्रत्येक शिकायत का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें।

चार नए राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों में गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा पर जोर, आधुनिक सुविधाएं विकसित करने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले मंत्री आशीष पटेल ने मंगलवार को विधानसभा स्थित कार्यालय कक्ष में मिर्जापुर, प्रतापगढ़, बस्ती और गोंडा के चार नवनिर्मित राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों की प्रशासकीय परिषद की बैठक की। बैठक में कॉलेजों के शैक्षणिक सत्र प्रारंभ करने, निर्माण कार्य और आधारभूत सुविधाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए।

मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से सरदार वल्लभभाई पटेल राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बस्ती, मां पाटेश्वरी देवी राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, गोंडा, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, प्रतापगढ़ तथा सम्राट अशोक राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, मिर्जापुर की स्थापना की जा रही है। इन संस्थानों के शुरू होने से पूर्वांचल और मध्य उत्तर प्रदेश के हजारों विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग शिक्षा के लिए दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। आशीष पटेल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कॉलेजों में भवन, प्रयोगशालाएं, वर्कशॉप, पुस्तकालय और छात्रावास सहित सभी मूलभूत सुविधाएं अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित की जाएं, ताकि विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा का बेहतर वातावरण मिल सके। उन्होंने कहा कि बदलते औद्योगिक परिवेश को देखते हुए नए इंजीनियरिंग कॉलेजों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), रोबोटिक्स, डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी और इंडस्ट्री 4.0 जैसे आधुनिक पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। साथ ही स्थानीय उद्योगों के सहयोग से विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप और प्लेसमेंट की प्रभावी व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

संपादकीय

आस्था की सुरक्षा के लिए नई चुनौती

भारत में मंदिर केवल पूजा-अर्चना के स्थान नहीं हैं, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था, संस्कृति और सामाजिक जीवन के केंद्र भी हैं। विशेष रूप से अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण और उद्घाटन के बाद देशभर के प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की संख्या और चढ़ावे में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। ऐसे में यदि किसी मंदिर में चढ़ावे की चोरी या सुरक्षा में चूक जैसी घटना सामने आती है, तो उसका असर केवल एक मंदिर तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे धार्मिक तंत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो जाते हैं। इसी कारण जब किसी प्रमुख मंदिर में चोरी या वित्तीय अनियमितता की घटना सामने आती है, तो प्रशासन अन्य मंदिरों की सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था की भी समीक्षा शुरू कर देता है। इसका उद्देश्य केवल अपराधियों तक पहुँचना नहीं, बल्कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकना भी होता है। मंदिरों में बढ़ती सुरक्षा की आवश्यकता देश के अनेक बड़े मंदिरों में प्रतिदिन लाखों रुपये का चढ़ावा आता है। त्योहारों, विशेष अवसरों और धार्मिक आयोजनों के दौरान यह राशि कई गुना बढ़ जाती है। नकद दान के साथ-साथ सोना, चांदी और अन्य बहुमूल्य वस्तुएँ भी श्रद्धालु अर्पित करते हैं। ऐसे में इन मंदिरों की सुरक्षा किसी बैंक या अन्य महत्वपूर्ण संस्थान से कम चुनौतीपूर्ण नहीं रह जाती। सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि आधुनिक तकनीक के उपयोग के बावजूद यदि निगरानी व्यवस्था में कहीं भी लापरवाही हो, तो चोरी या गबन जैसी घटनाएँ संभव हो सकती हैं। इसलिए केवल सीसीटीवी कैमरे लगाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित मॉनिटरिंग, रिकॉर्डिंग की समीक्षा और सुरक्षा व्यवस्था का समय-समय पर ऑडिट भी आवश्यक है। प्रशासन की बढ़ी सतर्कता- किसी प्रमुख मंदिर में चोरी की घटना के बाद पुलिस और जिला प्रशासन सामान्यत: अन्य प्रमुख मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था का भी आकलन करते हैं। इसमें कई बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जाता है— सीसीटीवी कैमरों की स्थिति और उनकी कार्यक्षमता। चढ़ावे की गिनती और सुरक्षित भंडारण की प्रक्रिया। सुरक्षा कर्मियों की तैनाती और उनकी जवाबदेही। प्रवेश एवं निकास द्वारों की निगरानी। दानपात्र खोलने की पारदर्शी व्यवस्था। रिकॉर्ड रखने और डिजिटल निगरानी की प्रणाली। इन व्यवस्थाओं का उद्देश्य श्रद्धालुओं के विश्वास को मजबूत बनाए रखना होता है। तकनीक बन सकती है सबसे बड़ी सुरक्षा- आज कई प्रमुख मंदिर आधुनिक तकनीक का उपयोग कर रहे हैं। हाई-रिजॉल्यूशन कैमरे, फेस रिकग्निशन, डिजिटल एक्सेस कंट्रोल, बायोमेट्रिक प्रवेश, अलार्म सिस्टम और कंट्रोल रूम जैसी व्यवस्थाएँ सुरक्षा को मजबूत बना रही हैं। इसके अलावा चढ़ावे की गणना में भी मशीनों और डिजिटल रिकॉर्डिंग का उपयोग बढ़ रहा है। इससे मानवीय त्रुटियों और अनियमितताओं की संभावना कम होती है तथा प्रत्येक प्रक्रिया का रिकॉर्ड सुरक्षित रहता है। श्रद्धालु मंदिर में दान केवल धार्मिक भावना से नहीं, बल्कि विश्वास के आधार पर करते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि चढ़ावे की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी हो। नियमित ऑडिट, सार्वजनिक वित्तीय रिपोर्ट, बैंकिंग प्रणाली के माध्यम से जमा और बहुस्तरीय निगरानी व्यवस्था से लोगों का भरोसा और मजबूत होता है। यदि किसी मंदिर में वित्तीय प्रबंधन पारदर्शी हो, तो चोरी या गबन की आशंकाएँ भी काफी हद तक कम हो जाती हैं। सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं मंदिरों की सुरक्षा केवल प्रशासन या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है। मंदिर ट्रस्ट, कर्मचारी, स्वयंसेवक और श्रद्धालु भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। संदिग्ध गतिविधियों की तत्काल सूचना देना, सुरक्षा नियमों का पालन करना और निगरानी व्यवस्था में सहयोग करना सामूहिक जिम्मेदारी है। किसी एक घटना के आधार पर सभी मंदिरों की व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगाना उचित नहीं होगा। देश के अधिकांश मंदिरों में सुरक्षा और वित्तीय प्रबंधन की व्यवस्थाएँ प्रभावी ढंग से संचालित होती हैं। फिर भी किसी भी घटना से सीख लेकर सुरक्षा तंत्र को और मजबूत बनाना प्रशासनिक दृष्टि से आवश्यक कदम है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि बड़े मंदिरों के लिए एक समान सुरक्षा प्रोटोकॉल तैयार किया जाए। समय-समय पर सुरक्षा ऑडिट, कर्मचारियों का सत्यापन, डिजिटल लेखा-जोखा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित निगरानी और नियमित प्रशिक्षण जैसी व्यवस्थाएँ भविष्य में ऐसी घटनाओं की संभावना को कम कर सकती हैं। मंदिरों की सुरक्षा केवल संपत्ति की रक्षा का विषय नहीं है, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था की सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है। यदि किसी प्रमुख मंदिर में चोरी की घटना सामने आती है, तो उससे सबक लेते हुए अन्य मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा और सुदृढ़ीकरण एक स्वाभाविक तथा आवश्यक प्रशासनिक कदम है। पारदर्शिता, आधुनिक तकनीक, जवाबदेही और जनसहभागिता के माध्यम से ही यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि श्रद्धालुओं का विश्वास अटूट बना रहे और मंदिर सुरक्षित, व्यवस्थित तथा विश्वसनीय धार्मिक केंद्र बने रहें।

राजीव शुक्ला -(संपादक)

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से आगरा में युवाओं के स्वावलंबन और स्वरोजगार की नई उड़ान

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' (डल्ट।) राज्य के शिक्षित और कुशल युवाओं के लिए एक क्रांतिकारी कदम साबित हो रहा है। इस महत्वाकांक्षी योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के लाखों युवाओं को रोजगार प्रदाता के रूप में विकसित करना है। इसके तहत प्रदेश सरकार युवाओं को अपने नए उद्यम, स्टार्ट-अप या सूक्ष्म उद्योग शुरू करने के लिए बेहद आसान शर्तों पर वित्तीय सहायता और संसाधन उपलब्ध करा रही है, जिससे राज्य के औद्योगिक और आर्थिक परिदृश्य को जमीनी स्तर पर एक नई मजबूती मिल रही है। यह अभियान उत्तर प्रदेश को 'वन ट्रिलियन डॉलर' की अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प को गति देने में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में छोटे-छोटे उद्योगों की स्थापना से स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं, जिससे युवाओं का पलायन थमा है और स्थानीय अर्थव्यवस्था सशक्त हो रही है। इसी कड़ी में आगरा जनपद में इस योजना का क्रियान्वयन अत्यंत प्रभावी ढंग से हो रहा है, जहां जिला प्रशासन और स्थानीय बैंक शाखाओं के सक्रिय सहयोग से युवाओं के सपने तेजी से साकार हो रहे हैं। इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता इसकी विशिष्ट वित्तीय संरचना है, जो नए उद्यमियों के लिए शुरुआती जोखिम को काफी कम कर देती है। इसके अंतर्गत युवाओं को उद्योग और सेवा क्षेत्र में अपना व्यवसाय स्थापित करने के लिए 5 लाख रुपये तक के ब्याज मुक्त ऋण की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसका सीधा मतलब यह है कि युवाओं को अपनी पूंजी के लिए साहूकारों या बैंकों की जटिल और महंगी ब्याज दरों पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा। योग्य लाभार्थियों को योजना की धनराशि सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की जाती है। प्रदेश सरकार का लक्ष्य इस योजना के माध्यम से प्रतिवर्ष एक लाख युवाओं को सीधे लाभान्वित करना है, जिससे आने वाले समय में राज्य के भीतर लाखों नए सूक्ष्म और लघु उद्योगों का जाल बिछाया जा सके। योजना के तहत पात्रता के लिए आवेदक की उम्र 21 से 40 वर्ष के बीच, शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 8वीं पास और किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कौशल प्रशिक्षण का प्रमाणपत्र, डिप्लोमा या डिग्री होना अनिवार्य है। आगरा जनपद में इस दूरदर्शी योजना के जमीनी स्तर पर सफल क्रियान्वयन और इसके सकारात्मक प्रभाव का एक उत्कृष्ट उदाहरण गोकुलपुरा निवासी श्री कृष्णा यादव हैं। सीमित संसाधनों और आर्थिक चुनौतियों के कारण उनके लिए स्वयं का उद्योग स्थापित करना आसान नहीं था। वे हमेशा अपना व्यवसाय शुरू करने का सपना देखते थे, लेकिन पूंजी की कमी उनके मार्ग में सबसे बड़ी बाधा थी। इसी दौरान उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की जानकारी मिली। उन्होंने योजना का अध्ययन किया और आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए केनरा बैंक, सिकंदरा-बोदला रोड शाखा, आगरा से 5 लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण और योजना के अंतर्गत 50 हजार रुपये का अनुदान प्राप्त किया।

इस वित्तीय सहायता से कृष्णा यादव ने कार्डबोर्ड उद्योग की स्थापना की। शुरुआत में बाजार की प्रतिस्पर्धा और उत्पादन प्रबंधन जैसी चुनौतियों का सामना करने के बावजूद उनकी लगातार मेहनत और गुणवत्ता ने उनके व्यवसाय को सफलता की राह पर आगे बढ़ाया। आज उनकी इकाई सुचारु रूप से संचालित हो रही है और उन्होंने अपने साथ दो अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध कराया है। इसी तरह आगरा के ही खातीपाड़ा, लोहमंडी के निवासी श्री परवीन अली ने भी इस योजना का लाभ उठाकर अपने सपनों को नई उड़ान दी है। वे लंबे समय से स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने की इच्छा रखते थे, लेकिन आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण उनका सपना पूरा नहीं हो पा रहा था। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत आवेदन करने पर उनकी पात्रता के आधार पर बैंक ऑफ बड़ौदा, आगरा शाखा द्वारा 5 लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण और सरकार की ओर से 50 हजार रुपये का अनुदान स्वीकृत किया गया। प्राप्त वित्तीय सहायता से परवीन अली ने कारपेट उद्योग से संबंधित अपना व्यवसाय प्रारंभ किया। आधुनिक संसाधनों और बेहतर प्रबंधन के साथ उन्होंने अपने कार्य को आगे बढ़ाया और आज उनकी इकाई सफलतापूर्वक संचालित हो रही है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अपने व्यवसाय के माध्यम से उन्होंने 4 अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध कराया है, जिससे उन परिवारों की आर्थिक स्थिति में भी व्यापक सुधार आया है। आगरा जनपद में योजना की शानदार सफलता को देखते हुए प्रशासन द्वारा युवाओं के स्वरोजगार और स्टार्टअप के सपनों को तेजी से साकार करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष में प्राप्त लक्ष्यों के सापेक्ष जनपद में शत-प्रतिशत ऋण वितरण सुनिश्चित किया गया है। युवा उद्यमियों को और अधिक बढ़ावा देने के लिए प्रशासन द्वारा तय लक्ष्यों में और अधिक वृद्धि करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि जिले के अधिक से अधिक युवाओं को इस कल्याणकारी योजना का लाभ मिल सके। वित्तीय सहायता के साथ-साथ यह अभियान युवाओं की व्यावसायिक क्षमता को निखारने पर भी पूरा ध्यान केंद्रित करता है। ऋण प्राप्त करने के लिए कौशल प्रशिक्षण की अनिवार्यता यह सुनिश्चित करती है कि जो भी उद्यम शुरू हो, वह बाजार की व्यावहारिक समझ के साथ आगे बढ़े। डिजिटल साक्षरता और आधुनिक व्यापारिक तौर-तरीकों को बढ़ावा देने के लिए भी इसमें विशेष प्रावधान किए गए हैं, ताकि स्थानीय स्तर पर तैयार उत्पाद वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान ने न केवल युवाओं के सपनों को पंख दिए हैं, बल्कि प्रदेश को देश के एक प्रमुख स्टार्टअप और उद्यमशीलता केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक ठोस नींव रख दी है। बिना गारंटी का यह ब्याज मुक्त ऋण युवाओं के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रहा है और उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर समाज में सम्मानजनक जीवन जीने की राह दिखा रहा है। सरकारी सहायता, जिला प्रशासन के मार्गदर्शन, बैंक अधिकारियों के सहयोग और युवाओं के दृढ़ संकल्प के बल पर आज प्रदेश का युवा वर्ग स्वावलंबन की नई इबारत लिख रहा है।

यह अभियान उत्तर प्रदेश को 'वन ट्रिलियन डॉलर' की अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प को गति देने में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में छोटे-छोटे उद्योगों की स्थापना से स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं, जिससे युवाओं का पलायन थमा है और स्थानीय अर्थव्यवस्था सशक्त हो रही है। इसी कड़ी में आगरा जनपद में इस योजना का क्रियान्वयन अत्यंत प्रभावी ढंग से हो रहा है, जहां जिला प्रशासन और स्थानीय बैंक शाखाओं के सक्रिय सहयोग से युवाओं के सपने तेजी से साकार हो रहे हैं। इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता इसकी विशिष्ट वित्तीय संरचना है, जो नए उद्यमियों के लिए शुरुआती जोखिम को काफी कम कर देती है।

जनपद- आगरा

ज्योतिबा फुले श्रमिक कन्यादान योजना : श्रमिक रमेश की बेटी की धूमधाम से हुई शादी

गरीब परिवारों में बेटी की शादी हमेशा एक बड़ी चिंता का विषय रही है। दहेज, बारात और अन्य खर्चों का बोझ अक्सर माता-पिता को कर्ज के जाल में फंसा देता है। उत्तर प्रदेश सरकार की ज्योतिबा फुले श्रमिक कन्यादान योजना ऐसे ही गरीब श्रमिक परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना ने हजारों श्रमिकों की बेटियों के हाथ पीले करवाकर उनके सम्मान की रक्षा की है। कानपुर नगर के जाजमऊ क्षेत्र के एक कारखाने में काम करने वाले रमेश प्रसाद की कहानी भी इसी बदलाव की गवाह है। रमेश प्रसाद पिछले 15 वर्षों से कारखाना अधिनियम 1948 के अंतर्गत पंजीकृत एक चमड़ा फैक्ट्री में श्रमिक के रूप में कार्यरत हैं। उनकी मासिक मजदूरी 18,000 रुपये है। इस सीमित आय में परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा था। ऊपर से बड़ी बेटी सीमा की शादी की उम्र होने पर रमेश की चिंता बढ़ गई थी। बेटी की शादी के लिए पैसा कहाँ से आएगा, यह सोचकर उनकी रातों की नींद उड़ जाती थी। साहूकार से कर्ज लेता तो पूरी जिंदगी ब्याज भरते निकल जाती। इसी दौरान रमेश को फैक्ट्री के श्रमिक कल्याण अधिकारी से ज्योतिबा फुले श्रमिक कन्यादान योजना के बारे में पता चला। अधिकारी ने बताया कि यदि श्रमिक की मासिक मजदूरी 24,000 रुपये से अधिक न हो तो उसकी पुत्री की शादी के लिए सरकार 51,000 रुपये की एकमुश्त आर्थिक सहायता देती है। यह सुनकर रमेश की आँखों में उम्मीद की चमक आ गई। उन्होंने तुरंत आवश्यक दस्तावेज जुटाए और श्रम विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर दिया।

योजना के तहत पात्रता की जांच के बाद रमेश का आवेदन स्वीकृत हो गया। बेटी की शादी की तारीख तय होते ही श्रम विभाग द्वारा 51,000 रुपये की धनराशि सीधे रमेश के बैंक खाते में भेज दी गई। यह राशि समय पर मिलने से रमेश का बड़ा बोझ हल्का हो गया। श्रमिक श्री रमेश ने बताया कि सरकार से मिली इस मदद से मैंने बेटी के लिए जरूरी सामान खरीदा, बारातियों के खाने-पीने का इंतजाम किया और बिना किसी कर्ज के शादी संपन्न कराई। रमेश की बेटी सीमा की शादी पूरे रीति-रिवाज और धूमधाम से हुई। बारात आई, द्वारचार हुआ, कन्यादान हुआ और बेटी हंसी-खुशी विदा हुई। मोहल्ले के लोग भी यह देखकर हैरान थे कि एक मामूली श्रमिक की बेटी की शादी इतने अच्छे से कैसे हो गई।

रमेश गर्व से कहते हैं, आज मेरी बेटी अपने ससुराल में खुश है। यह सब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार की वजह से संभव हुआ है। अगर यह योजना न होती तो शायद मैं बेटी की शादी इतनी इज्जत से नहीं कर पाता। रमेश की पत्नी सुनीता देवी भावुक होकर कहती हैं, हम गरीबों के लिए बेटी की शादी सबसे बड़ा सपना और सबसे बड़ा डर दोनों होता है। सरकार ने हमारी बेटी का कन्यादान कर के हमारा डर खत्म कर दिया। अब हम दूसरी बेटी की शादी के लिए भी निश्चित हैं। सरकार ने हम जैसे श्रमिकों को सच में सहारा दिया है। ज्योतिबा फुले श्रमिक कन्यादान योजना प्रदेश के लाखों पंजीकृत कारखाना श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा का मजबूत स्तंभ है। सरकार द्वारा श्रमिको के कल्याण के लिए संचालित ज्योतिबा फुले श्रमिक कन्यादान योजना के अन्तर्गत 24,000 रुपये से कम मासिक आय वाले श्रमिकों को पुत्री के विवाह हेतु 51,000 रुपये की सहायता देती है। यह योजना साबित करती है कि सरकार श्रमिकों के सुख-दुख में साथ खड़ी है। रमेश की बेटी की हंसी और उनके परिवार का सम्मान ही ज्योतिबा फुले श्रमिक कन्यादान योजना की सबसे बड़ी सफलता है।

योजना के तहत पात्रता की जांच के बाद रमेश का आवेदन स्वीकृत हो गया। बेटी की शादी की तारीख तय होते ही श्रम विभाग द्वारा 51,000 रुपये की धनराशि सीधे रमेश के बैंक खाते में भेज दी गई। यह राशि समय पर मिलने से रमेश का बड़ा बोझ हल्का हो गया। श्रमिक श्री रमेश ने बताया कि सरकार से मिली इस मदद से मैंने बेटी के लिए जरूरी सामान खरीदा, बारातियों के खाने-पीने का इंतजाम किया और बिना किसी कर्ज के शादी संपन्न कराई। रमेश की बेटी सीमा की शादी पूरे रीति-रिवाज और धूमधाम से हुई। बारात आई, द्वारचार हुआ, कन्यादान हुआ और बेटी हंसी-खुशी विदा हुई। मोहल्ले के लोग भी यह देखकर हैरान थे कि एक मामूली श्रमिक की बेटी की शादी इतने अच्छे से कैसे हो गई।

-सोनी सिंह, सूचना अधिकारी

मेष -मेष राशि आज आपको बातचीत और निर्णय लेने के दौरान अतिरिक्त सतर्कता बरतनी होगी। कार्यक्षेत्र में पहले से अधूरे पड़े कार्य दोबारा आपके सामने आ सकते हैं। व्यापार करने वाले लोगों को पुराने संपर्कों से लाभ मिलने की संभावना है, जबकि नए समझौते सोच-समझकर करना उचित रहेगा। पारिवारिक वातावरण सामान्य रहेगा और पुराने मतभेद दूर होने के संकेत मिल सकते हैं। दांपत्य जीवन में सहयोग बना रहेगा।

वृषभ-आर्थिक मामलों में आज संतुलित दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक रहेगा। खर्चों में बढ़ोतरी की संभावना है, इसलिए बजट पर विशेष ध्यान दें। व्यापार में पहले किए गए निवेश से लाभ मिलने के संकेत हैं। नौकरी करने वाले लोगों को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ व्यवहार में संयम रखना चाहिए।

मिथुन -आज किसी भी महत्वपूर्ण निर्णय में जल्दबाजी करने से बचें। कार्यक्षेत्र में पुराने अवसर दोबारा मिल सकते हैं, जिनका उचित लाभ उठाया जा सकता है। व्यापार में धैर्य बनाए रखना आवश्यक रहेगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई में अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है।

कर्क -लंबे समय से रुके हुए कार्यों को पूरा करने के लिए आज का दिन अनुकूल माना जा सकता है। दूर स्थान या विदेश से जुड़े कार्यों में कुछ देरी संभव है। कार्यक्षेत्र में किसी भी दस्तावेज को ध्यानपूर्वक जांचने के बाद ही आगे बढ़ें।

सिंह -आज मित्रों और सहकर्मियों के साथ सामंजस्य बनाए रखने से कार्यों में सफलता मिलेगी। लंबे समय से किए जा रहे प्रयासों का सकारात्मक परिणाम मिलने की संभावना है। व्यापार में अटका हुआ धन प्राप्त हो सकता है।

कन्या-कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं, इसलिए धैर्य और समझदारी के साथ अपने कार्य पूरे करें। व्यापार में पुराने ग्राहकों से लाभ मिलने की संभावना बनी रहेगी। पारिवारिक जीवन में विश्वास और सहयोग का वातावरण बना रहेगा। स्वास्थ्य के लिहाज से गर्दन या कंधों में हल्की परेशानी महसूस हो सकती है, इसलिए शरीर को पर्याप्त आराम दें।

तुला-आज भाग्य आपका साथ दे सकता है, लेकिन योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ना अधिक लाभकारी रहेगा। नौकरी में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। व्यापार में पुराने अनुभव आपके लिए लाभदायक सिद्ध होंगे। परिवार में धार्मिक और सकारात्मक वातावरण बना रहेगा। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने की योजना बन सकती है। स्वास्थ्य सामान्य रहने की संभावना है।

वृश्चिक-धन और निवेश से जुड़े मामलों में आज विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आवश्यक दस्तावेजों से जुड़े कार्यों में देरी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में गोपनीय बातों को साझा करने से बचें। व्यापार में धैर्य बनाए रखें और जल्दबाजी से बचें।

धनु -साझेदारी से जुड़े मामलों में सोच-समझकर निर्णय लेना आपके लिए बेहतर रहेगा। कार्यक्षेत्र में सामूहिक प्रयासों से सफलता मिलने की संभावना है। व्यापार में पुराने सहयोगियों का साथ लाभदायक सिद्ध हो सकता है।

मकर-कार्यक्षेत्र में छोटी-छोटी गलतियों से बचने का प्रयास करें। संवाद की कमी के कारण भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। व्यापार में पुराने कार्यों को समय पर पूरा करने पर ध्यान दें। परिवार का सहयोग प्राप्त होगा।

कुंभ-रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलने के संकेत हैं। विद्यार्थियों को पुराने विषयों की दोबारा तैयारी करने से लाभ होगा। नौकरी में नई योजनाओं को फिलहाल स्थगित रखना उचित रहेगा।

मीन-पारिवारिक मामलों में धैर्य और समझदारी से काम लेना लाभदायक रहेगा। संपत्ति या वाहन से जुड़े कार्यों में कुछ विलंब हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपका अनुभव आपके लिए उपयोगी सिद्ध होगा। व्यापार में परिवार का सहयोग मिलेगा।

घरेलू श्रम को सम्मान से मातृशक्ति को मिलेगी प्रतिष्ठा

भारतीय समाज में गृहिणियों को हमेशा से परिवार की धुरी माना जाता रहा है, किंतु घरेलू कार्यों में उनके अथक योगदान के बावजूद वे कभी आर्थिक विमर्श का केंद्र नहीं रहीं। इसी संदर्भ में हाल ही में सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाली गृहिणियों के मुआवजे को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया कि घरेलू कार्य करने वाली महिलाएं राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और उनके श्रम का मूल्यांकन किया जाना चाहिए। महिलाओं के घरेलू कार्यों की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में करीब 17 प्रतिशत हिस्सेदारी मानी जाती है। ऐसे में निश्चित रूप से किसी गृहिणी के वास्तविक योगदान का मूल्य आंका जाना बेहद जरूरी है, दरअसल ,यह फैसला घरेलू श्रम को सम्मान और पहचान दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। साथ ही यह उस रूढ़िवादी सोच पर भी प्रहार है, जो महिलाओं के अवैतनिक श्रम को अनुत्पादक मानती रही है।दरअसल भारतीय समाज में एक अजीब भ्रम लंबे समय से रहा है कि घर अपने आप चलता है। रसोई में खाना खुद बनता है, बच्चे अपने आप बड़े हो जाते हैं और कपड़े खुद धुल जाते हैं। लेकिन असल में इस चमत्कार का नाम है गृहिणी। उसे हर काम करते हुए देखा जाता है, किंतु कमाते हुए नहीं माना जाता। बीते दिनों दिल्ली हाईकोर्ट ने भी इस भ्रम को तोड़ा था। जब अदालत ने कहा कि नौकरी न करने वाली पत्नी को 'बेकार' नहीं कहा जा सकता। यह केवल कानूनी टिप्पणी नहीं, बल्कि सामाजिक आईना है। इसमें वह चेहरा साफ दिखता है, जिसे समाज देखने से बचता रहा है। एक गृहिणी का श्रम भारतीय अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा अदृश्य स्तंभ है।हाल के अध्ययनों से भी स्पष्ट होता है कि घरेलू श्रम का आर्थिक महत्व बेहद बड़ा है।

भारत के 2024 के समय-उपयोग सर्वेक्षण के अनुसार महिलाएं प्रतिदिन औसतन 305 मिनट (करीब 5 घंटे) अवैतनिक घरेलू सेवाओं में लगाती हैं, जबकि पुरुष औसतन 98 मिनट ही देते हैं। वे परिवार के सदस्यों की देखभाल जैसे अवैतनिक देखभाल कार्यों में भी पुरुषों की तुलना में कई गुना अधिक समय व्यतीत करती हैं। दूसरी ओर, 2024 की वैश्विक लैंगिक अंतर रिपोर्ट के अनुसार भारत में महिलाओं की श्रमबल भागीदारी में सुधार के बावजूद वेतनयुक्त कार्यों के साथ-साथ घरेलू जिम्मेदारियों का असमान बोझ बना हुआ है। साल 2024 के एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण में भी पाया गया कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में गृहिणियां भोजन बनाना, बच्चों और बुजुर्गों की देखभाल, सफाई, पानी और अन्य घरेलू प्रबंधन जैसे कार्यों में प्रतिदिन कई घंटे लगाती हैं, जिनका बाजार मूल्यांकन किया जाए तो परिवारों को इसके लिए बड़ी राशि खर्च करनी पड़े। अनेक अर्थशास्त्री मानते हैं कि यदि अवैतनिक घरेलू श्रम को राष्ट्रीय आय के आकलन में शामिल किया जाए।

पारिवारिक त्याग की अनदेखी कर आज़ादी की चाह

फरीदाबाद में राहुल नाम के लड़के ने आत्महत्या कर ली। इससे पहले उसने वीडियो बनाया और कहा कि वह घर के सारे काम करता है, व्यापार भी करता है, फिर भी उसकी पत्नी उसे मारती-पीटती है। दूसरा किस्सा पुणे के केतन का है, कहा गया कि उसकी मंगेतर सिया ने अपने मित्र चेतन की मदद से उसे लोहागढ़ पहाड़ी से धक्का दे दिया। सिया इस रिश्ते से खुश नहीं थी क्योंकि केतन के सिर पर बाल नहीं थे और वह हकलाता भी था। इन दोनों मामलों में युवाओं ने जान गंवाई। इनके घर वालों, परिजनों पर क्या गुजरी, इसकी सहज ही कल्पना की जा सकती है। मगर अफसोस की बात ये है कि इन दोनों की मृत्यु को स्त्री अधिकारों के नाम पर सेलिब्रेट किया गया। कहा गया कि अब तक स्त्रियां सहती रही हैं, मगर अब वे बदला ले रही हैं। मुस्कान सोनी नाम की दांतों की डॉक्टर ने तो बाकायदा केतन की मौत का मजाक उड़ाया कि उसके साथ तो ऐसा होना ही था और हा-हा-हा करते वीडियो पोस्ट किया। हालांकि बाद में इस डॉक्टर ने माफी भी मांगी।जब हम अधिकारों की बात करते हैं, तो उनका अर्थ हमारे दैनंदिन जीवन की सुविधाओं से जुड़ा होता है। छोटे, बड़े की भावना को खत्म करने की बात होती है। लेकिन मृत्यु पर हंसना, मीम्स बनाना, कहना कि वक्त आ गया है कि अब स्त्रियों को अपने प्रति किए गए हर अपराध का बदला लेना चाहिए, कितना दुखद है। अंग्रेजी की एक बड़ी लेखिका और एक बड़े लेखक ने तो यह तक कहा कि सिया ने केतन को मारा, इसके लिए सिर्फ वह ही नहीं, बल्कि हमारे परिवारों का ढांचा जिम्मेदार है। जहां लड़कियों को कुछ करने की आजादी नहीं। वे न अपनी मर्जी से शादी कर सकती हैं, न देर रात लौट सकती हैं, न शराब पी सकती हैं। ऐसा कहने वाले वे लोग हैं, जो बहुत अच्छी आर्थिक स्थिति वाले हैं। जिनके इर्द-गिर्द सेवकों और सिक्योरिटी गार्ड्स की पूरी फौज है, लेकिन ज्ञान वे उन आम लड़कियों को दे रहे हैं, जो अमूमन अपराध की जद में होती हैं। 'अपनी सुरक्षा अपने हाथ' वाली कहावत इन पर चरितार्थ होती है। फिर देर रात तक पार्टी करना या शराब पीना आम लड़कियों का जीवन नहीं है। और क्या स्त्रियों के लिए शराब पीना इतनी अच्छी बात है। फिर ऐसा क्यों है कि अक्सर महिलाएं अपने घर के आसपास शराब के ठेके खुलने का विरोध करती हैं। शराबबंदी की मांग करती हैं क्योंकि शराब के कारण ही उनके पति तरह-तरह की हिंसा करते हैं। यदि वे पैसे भी कमाएं, तो उनके पैसे शराब पीने के लिए छीन लिए जाते हैं। उन्हें घर से बाहर निकाल दिया जाता है। गांधी जी जिन्होंने कहा था कि शराब आत्मा का नाश करती है, उनकी इस शिक्षा को भी लोग भूल गए हैं। डाक्टरों की सलाह भी याद नहीं रखते, जो कहते हैं कि शराब पीने से शरीर के तमाम अंगों पर प्रभाव पड़ता है। मानसिक स्वास्थ्य भी खराब होता है। यदि इन लोगों की मानें तो देश में चलने वाले जितने नशा मुक्ति केंद्र हैं, उन्हें बंद कर देना चाहिए। लेकिन 'माई लाइफ और माई च्वाइस' का विचार एलीट स्त्री-पुरुषों के मन में इतना बसा हुआ है कि वे अपनी शर्तों को दूसरों पर लाद रहे हैं और इन्हें ही दूसरों की च्वाइस बता रहे हैं। वे सिया का बचाव करते हुए उसके घर वालों और हर एक के घर वालों को दोष दे रहे हैं। पश्चिम का उदाहरण बार-बार दिया जा रहा है कि वहां देखो स्त्रियों को कितनी आजादी है। क्या सचमुच! अपने यहां माता-पिता बच्चों को हमेशा बच्चा मानते हुए, उनकी सुरक्षा की चिंता करते हैं। उनकी पढ़ाई-लिखाई का खर्चा उठाते हैं। पढ़ने के लिए विदेश भेजते है। करोड़ों रुपये का लोन लेते हैं, उसे खुद चुकाते हैं। बच्चों के लिए घर बनाते हैं। यानि कि अपनी उम्र और सारे संसाधन वे बच्चों के लिए लगा देते हैं, जिससे उनका जीवन आसान हो सके। माता-पिता के सारे संसाधन चाहिए, लेकिन जीवन अपनी शर्तों पर जीना है। कौन रोकता है, लेकिन फिर संसाधन भी खुद जुटाइए। माता-पिता की जमीन-जायदाद में भी हिस्सा मत मांगिए। बीमारी-हारी में भी अपनी मदद खुद कीजिए। ड्रीम वैडिंग करना हो, तो खुद पैसे जुटाइए। उनके सम्पर्कों का भी लाभ मत उठाइए।अधिकार बिना कर्तव्यों के नहीं मिलते। सिर्फ कर्तव्य ही नहीं, अधिकारों की कीमत भी चुकानी पड़ती है। लेकिन आजादी के नाम पर कीमत कोई चुकाना नहीं चाहता। हां मन की बात न हो, तो हत्या की जा सकती है। अतिवादी लोग इसे जायज ठहराने के लिए झंडा बुलंद कर सकते हैं। विदेश में लोन लेकर पढ़ने वाले बच्चों के माता-पिता इस कर्ज को नहीं चुकाते। विदेशों में कई ऐसे आदमियों से मिली, जिनकी उम्र पचास के पार है, लेकिन अभी तक वे अपनी पढ़ाई के लिए उठाए गए कर्ज को चुका रहे हैं। भारत में तो माता-पिता की हालत ये है कि ताउम्र खटते भी हैं और पिटते भी हैं। बातें बनाते रहिए कि बुजुर्गों के लिए क्या-क्या होना चाहिए। विमर्शों की नकारात्मकता कितनी है कि जहां मौत का भी जश्न मनाया जाए।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

संक्षिप्त खबरें

बीईओ ने बन्द कराया दो गैर-मान्यता प्राप्त विद्यालय बंद

रुद्रपुर, देवरिया। शासन की मंशा के अनुरूप गैर-मान्यता प्राप्त विद्यालयों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी राजकिशोर सिंह ने विकास खंड रुद्रपुर क्षेत्र में संचालित दो अवैध विद्यालयों को बंद कराते हुए उनके संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की। निरीक्षण मे भगवानपुर 'फाउंडेशन क्लास' के नाम से बिना मान्यता के एलकेजी से कक्षा आठ तक तथा डहरौली चौराहे पर 'सरस्वती ज्ञान मंदिर' नाम से कक्षा एक से पांच तक बिना मान्यता के विद्यालय संचालित पाया गया। विद्यालय संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तत्काल विद्यालय बंद करा दिया गया और बच्चों को घर भेज दिया गया।

वांछित चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रतनपुर/महराजगंज। परसामलिक पुलिस ने सोमवार को न्यायालय के आदेश पर दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दोनों आरोपी काफी समय से फरार चल रहे थे। जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दोगहरा निवासी यूनिस पुत्र यूसुफ और रिजवान पुत्र आरिस अली के खिलाफ धारा 323 और 504 के तहत मुकदमा दर्ज था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही दोनों आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर थे। सोमवार को न्यायालय से आदेश मिलने के बाद परसामलिक थाने के उपनिरीक्षक घनश्याम सिंह यादव, कांस्टेबल लालजी यादव और रामप्रवेश गौड़ की टीम ने दबिश देकर दोनों को धर दबोचा। थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए दोनों वांछित आरोपियों का विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय चालान कर दिया गया है।

आईजीआरएस मामलों में लापरवाही, तीन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

देवरिया। आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने सख्ती दिखाई है। फीडबैक समीक्षा में शिकायतों का संतोषजनक निस्तारण नहीं मिलने पर खंड विकास अधिकारी भागलपुर, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। डीएम ने स्पष्ट किया कि संतोषजनक जवाब न मिलने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा के दौरान ग्राम देवड़ा में नाली निर्माण, शहीद विजय मौर्य मार्ग के अधूरे निर्माण, शवदाह गृह, जन्म प्रमाण पत्र तथा परिवार रजिस्टर से जुड़े मामलों के निस्तारण में अनियमितताएं पाई गईं। शिकायतकर्ताओं के असंतुष्ट होने और आख्या में त्रुटियां मिलने पर यह कार्रवाई की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस शासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी प्रत्येक शिकायत का स्थलीय सत्यापन कर तथ्यपरक और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही या औपचारिकता स्वीकार नहीं की जाएगी।

अग्निकांड पीड़ितों के बीच पहुंचे 'बुलबुल' जायसवाल, राहत सामग्री बांटकर हरसंभव मदद का दिलाया भरोसा

पडरौना। जंगल बकुलाहा के बेलवानिया टोला में हुए अग्निकांड की सूचना मिलते ही नगर पालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष 'बुलबुल' जायसवाल मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और राहत सामग्री वितरित कर हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। इस दौरान श्री जायसवाल ने अग्निकांड से प्रभावित गोरख प्रसाद, ओमप्रकाश प्रसाद, अवधेश प्रसाद एवं गोलू प्रसाद के परिवारों को आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराई। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा रहना हम सभी का नैतिक दायित्व है और जनसेवा ही उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर अग्निपीड़ित परिवारों को शीघ्र राशन सामग्री तथा आवास योजना का लाभ उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही शासन द्वारा संचालित सभी राहत एवं पुनर्वास योजनाओं का लाभ जल्द से जल्द प्रभावित परिवारों तक पहुंचाने का अनुरोध किया। श्री जायसवाल ने कहा कि किसी भी आपदा की स्थिति में जरूरतमंदों की सहायता के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे और पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर सभासद प्रतिनिधि सोनू कुशवाहा, सर्वेश जायसवाल, अंकित टीब्रेवाल, आकाश वर्मा, अनूप गौड़, मंथन सिंह, काशी राजभर सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

ख़जनी मुख्यालय छोड़ शहर भागते अफसर!

» सीएम सिटी में रात को सूने रहते सरकारी आवास

खजनी तहसील में शासन के आदेश बेअसर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ख़जनी/गोरखपुर। मुख्यमंत्री के गृह जनपद गोरखपुर की खजनी तहसील में शासन के रात्रि विश्राम संबंधी निर्देशों के पालन पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि तहसील के जिम्मेदार अधिकारी शाम होते ही किसी न किसी बैठक का हवाला देकर मुख्यालय छोड़ अपने शहर स्थित आवासों के लिए रवाना हो जाते हैं। इससे न केवल शासन के निर्देशों की अनदेखी हो रही है, बल्कि आम जनता को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि खजनी तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी, तहसीलदार और नायब तहसीलदार के लिए सरकारी आवास बने हुए हैं, लेकिन इसके बावजूद कोई भी अधिकारी नियमित रूप से वहां रात्रि विश्राम नहीं करता। आरोप है कि शाम लगभग पांच बजे के बाद तहसील मुख्यालय पर जिम्मेदार अधिकारी नहीं मिलते। ऐसे में यदि किसी आपात स्थिति, दुर्घटना या प्रशासनिक आवश्यकता के समय अधिकारियों से संपर्क करना पड़े तो लोग निराश होकर लौटने को मजबूर हो जाते हैं।

स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि शासन के निर्देशानुसार अधिकारियों को प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक अपने कार्यालय में बैठकर आम जनता की शिकायतें सुननी चाहिए, लेकिन अधिकांश अधिकारी 11:30 बजे से पहले कार्यालय नहीं पहुंचते। इससे दूर-दराज गांवों से सुबह-सुबह आने वाले फरियादियों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। कई बार बिना सुनवाई के ही लोगों को वापस लौटना पड़ता है। क्षेत्र के रामरेखा, मोहन, लौकुश, प्रमोद और विवेक सहित कई ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि अधिकारी मुख्यालय पर रात्रि विश्राम करेंगे और निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित रहेंगे तो आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो सकेगा तथा शासन की मंशा भी पूरी होगी।

ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों की इस कार्यशैली से शासन की छवि प्रभावित हो रही है। लोगों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि रात्रि विश्राम और समय पर कार्यालय में उपस्थिति के शासनादेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए। हालांकि, इन आरोपों पर संबंधित अधिकारियों का पक्ष प्राप्त नहीं हो सका। उनका पक्ष मिलने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

निर्माण कार्यों में लापरवाही पर सख्ती, दो ठेकेदारों पर एफआईआर के निर्देश

देवरिया। कलेक्ट्रेट सभागार में सीएमआईएस निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने निर्माण कार्यों में देरी और लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाया। परासी-चकलाल मार्ग तथा भुजौली कॉलोनी की निर्माण परियोजनाओं में शिथिलता पाए जाने पर संबंधित दो ठेकेदारों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। साथ ही अधिशासी अभियंता नलकूप, अधिशासी अभियंता जल निगम (नगरीय) और जिला पर्यटन अधिकारी का एक-एक दिन का वेतन रोकने का आदेश दिया। बैठक में जीएसटी कार्यालय, मेडिकल कॉलेज और अन्य निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए तथा ट्रॉमा सेंटर का शीघ्र हैंडओवर को कहा। डीएम ने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होगा। समय सीमा का उल्लंघन या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी और कार्यदायी संस्था के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

प्रेमी संग लापता हुई 19 वर्षीय युवती, पिता की तहरीर पर अपहरण का मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सहजनवां गोरखपुरः हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के एक गांव से 19 वर्षीय युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों का आरोप है कि गांव का ही एक युवक युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। घटना के बाद परिवार में हड़कंप मच गया। काफी तलाश के बावजूद युवती का कोई सुराग नहीं मिलने पर पिता ने पुलिस से शिकायत की, जिसके आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार, घटना 5 जुलाई की शाम करीब 6:30 बजे की है। युवती घर से निकली थी, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने पहले अपने स्तर पर रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में उसकी तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इसी दौरान उन्हें जानकारी मिली कि गांव का ही युवक सोनू पुत्र सदल भी उसी समय से घर से गायब है। इसके बाद परिजनों को आशंका हुई कि वह युवती को अपने साथ लेकर चला गया है।

युवती के पिता ने हरपुर बुदहट थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि आरोपी युवक उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि युवती और आरोपी युवक दोनों की तलाश के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। मोबाइल फोन की लोकेशन और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उनकी तलाश तेज कर दी गई है। साथ ही आसपास के थाना क्षेत्रों को भी आवश्यक सूचना भेजी गई है। घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। परिजन युवती की सकुशल बरामदगी की मांग कर रहे हैं, जबकि पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, युवती के मिलने के बाद उसके बयान और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि युवती की शीघ्र बरामदगी के लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं और मामले में किसी भी तथ्य को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा।

एकपक्षीय पत्थर नसब आदेश के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन

भूमि कब्जाने की कोशिश का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सहजनवां/गोरखपुर। सहजनवा तहसील क्षेत्र के कुआवल कला गांव में कथित एकपक्षीय पत्थर नसब (सीमा निर्धारण) के आदेश को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश सोमवार को खुलकर सामने आया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और उपजिलाधिकारी (एसडीएम) केशरी नंदन तिवारी को ज्ञापन सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलाने की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष राजनाथ राव ने आरोप लगाया कि गांव की आराजी संख्या 169 एवं 171 आपस में सटी हुई हैं। गाटा संख्या 171 के संबंध में विपक्षी पक्ष द्वारा पत्थर नसब कराने के लिए न्यायालय में वाद दाखिल किया गया था। इस दौरान कुछ काश्तकारों को ही पक्षकार बनाया गया, जबकि आसपास के कई वास्तविक काश्तकारों को न तो पक्षकार बनाया गया और न ही उन्हें किसी प्रकार की सूचना अथवा नोटिस दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया का लाभ उठाकर प्रधान पति ने अन्य किसानों को गुमराह करते हुए एकपक्षीय आदेश प्राप्त कर लिया और अब गाटा संख्या 169 की भूमि पर भी कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने हस्तक्षेप नहीं किया तो गांव में विवाद और तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ग्रामीणों ने एसडीएम को दिए गए ज्ञापन में मांग की कि पूरे प्रकरण की राजस्व अधिकारियों से निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा सभी संबंधित काश्तकारों का पक्ष सुनने के बाद ही किसी प्रकार की कार्रवाई की जाए। साथ ही विवादित भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश भी दिए जाएं, ताकि किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे की आशंका समाप्त हो सके। उपजिलाधिकारी केशरी नंदन तिवारी ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत प्राप्त हो गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच कराई जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए निष्पक्ष तरीके से प्रकरण का निस्तारण कराया जाएगा। प्रदर्शन में अमित भारती, रामहित, मुन्नार, ऋतुराज, अजय, विशाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई कर भूमि विवाद का जल्द समाधान कराने की मांग की।

खेत से चोरी हुआ मोटर पंप बरामद, दो युवक गिरफ्तार

देवरिया। जनपद के मदनपुर थाना पुलिस ने खेत से चोरी हुए मोटर पंप के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का मोटर पंप बरामद किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ के आधार पर मामले की आगे की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार पांच जुलाई की रात थाना क्षेत्र के ग्राम कोल्हुआ निवासी अनुराग पाण्डेय के खेत से सिंचाई के लिए लगा मोटर पंप चोरी हो गया था। पीड़ित की तहरीर पर छह जुलाई को मदनपुर थाने में चोरी का मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बहसुआ गांव के बगीचे के पास से अनिकेत यादव और कृष्णा यादव उर्फ बड़े को गिरफ्तार कर लिया। दोनों की निशानदेही पर चोरी किया गया मोटर पंप बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपियों के विरुद्ध दर्ज चोरी के मुकदमे का खुलासा हुआ। गिरफ्तार दोनों आरोपी बहसुआ गांव के निवासी हैं और उनकी उम्र करीब 19 वर्ष है। पुलिस ने बरामद मोटर पंप को कब्जे में लेकर आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक राघवेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक अवधेश राम तथा मदनपुर थाने के अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

जल जीवन मिशन को धता बता अपूर्ण पड़ी पानी की टंकी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोलाबाजार गोरखपुर। गोला ब्लॉक के ग्राम पंचायत बरईपुरा उर्फ पड़ौली और गंगवल में तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी जल जीवन मिशन के तहत लोगों को स्वच्छ जल मुहैया कराने वाला नल सुखा पड़ा है। अभी तक इन दोनों ग्राम पंचायतों में पानी की टंकी भी अपूर्ण पड़ी हुई है। प्राप्त विवरण के अनुसार जल जीवन मिशन के तहत केन्द्र और राज्य सरकारों ने हर नागरिक को पीने के लिए स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के निमित्त जगह जगह लगभग 1.5 करोड़ की लागत से ओवर हेड टैंक लगाने की योजना बना कर कारदाई कम्पनियों को दे दिया गया।

इसी योजना के तहत ग्राम पंचायत बरईपुरा उर्फ पड़ौली और ग्राम पंचायत गंगवल में वर्ष 2023 में स्वच्छ जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी बनना आरम्भ हुआ लेकिन तीन वर्ष बाद भी इन दोनों जगह की टंकी अपूर्ण पड़ी है। जिसके चलते आम नागरिकों के घर तक जाने वाली टोटी स्वच्छ जल नही पहुच पा रहा है। जो कम्पनियां ठेका लिया वह इसे अधर में लटकाए छोड़ रखी है। जिसके चलते ग्रामीण स्वच्छ जल से बंचित है।

बरईपुरा उर्फ पड़ौली के सम्पुर्णानन्द पाण्डेय, शिव प्रताप राय, सौरभ पाण्डेय, प्रेम पाण्डेय, सुरेन्द्र चौरसिया गंगवल से श्रीराम, शैलेश विश्वकर्मा, रजनीश दूबे आदि लोगों ने कहा कि गांव की अच्छी भली सड़क को तोड़ कर पाइप डाल दिए, लोगों ने सोचा चलो जनहित का कार्य है। बाद में बनवाने के लिए कह रहे हैं बनवा देंगे वह भी उबड़ खाबड़ लगा कर छोड़ दिया और अभी तक टंकी तैयार ही नहीं हो पाई है। पता नही यह कब तक तैयार होगी और हर घर नल योजना का लाभ हम ग्रामवासियों को मिल सकेगा। इस विषय में जब जल निगम के जेई पंकज कन्नौजिया से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि इन ग्राम पंचायतों का जो कम्पनी ठेका लिया है। उसके द्वारा विलम्ब किया गया है। उनको नोटिस दिया गया है। जल्द ही यहां पर कार्य चालू हो जाएगा।

गोरखपुरः रामलला के चढ़ावे में कथित अनियमितता पर कांग्रेस का प्रदर्शन

गोरखपुर में पदयात्रा निकाल सरकार से मांगी निष्पक्ष जांच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोरखपुर। अयोध्या स्थित राम जन्मभूमि मंदिर के चढ़ावे में कथित चोरी और अनियमितताओं के आरोपों को लेकर मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी, गोरखपुर ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष के आह्वान पर आयोजित इस कार्यक्रम के तहत कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने टाउन हॉल स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा से गोलघर स्थित काली मंदिर तक पदयात्रा निकालकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। पदयात्रा का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश कुमार तिवारी ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि यदि देश की सबसे बड़ी आस्था के केंद्रों में शामिल श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के चढ़ावे को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं, तो इसकी पारदर्शी जांच कराकर सच्चाई जनता के सामने लाई जानी चाहिए।

जिलाध्यक्ष राजेश कुमार तिवारी ने कहा कि प्रभु श्रीराम करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र हैं। ऐसे में मंदिर के चढ़ावे में कथित गड़बड़ी की खबरें केवल आर्थिक अनियमितता का मामला नहीं हैं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं से जुड़ा गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय, निष्पक्ष और समयबद्ध जांच की मांग करती है। साथ ही यदि जांच में किसी की भूमिका सामने आती है तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित चढ़ावे के प्रबंधन की व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार के विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि धर्म और आस्था के नाम पर राजनीति करने वाले लोग इस मुद्दे पर जवाब देने से बच रहे हैं। पदयात्रा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि श्रद्धालुओं की आस्था के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा और पार्टी इस मुद्दे को जनता के बीच लगातार उठाती रहेगी। प्रदर्शन में गोरखलाल श्रीवास्तव, प्रमोद नायक, सतेन्द्र निषाद, स्नेहलता गौतम, श्रीश उपाध्याय, ज्ञान पाण्डेय, डॉ. चिन्मय पाण्डेय, राजीव कुमार पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

24 विद्यार्थियों को मिला कंप्यूटर सेट, डिजिटल शिक्षा की ओर बढ़ा मजबूत कदम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कुशीनगर। पडरौना नगर के सुभाष चौक स्थित ओमकार वाटिका कॉलोनी में संचालित जॉब्स कंप्यूटर इंग्लिश स्पोकन सेंटर में विद्यार्थियों के तकनीकी एवं शैक्षणिक विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कंप्यूटर सेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मनीष 'बुलबुल' जायसवाल रहे। उनके करकमलों द्वारा संस्था की ओर से कुल 24 विद्यार्थियों को कंप्यूटर सेट वितरित किए गए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में कंप्यूटर शिक्षा समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। तकनीकी ज्ञान युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी प्रदान करता है।जायसवाल ने संस्था द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को संसाधन उपलब्ध कराना उनके भविष्य को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को मन लगाकर अध्ययन करने तथा तकनीकी शिक्षा का भरपूर लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के संचालक श्री वीरेंद्र सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा संस्था की शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर अमित शर्मा दीपक सिंह हरिओम सिंह अभिषेक कुमार संजीत मनीष कुमार यादव सुमित दीक्षित आदर्श दीक्षित वैष्णवी जायसवाल अमित राय नंदिनी राव अनूप गोंड आकाश पाण्डेय प्रमोद यादव श्याम टिबरेवाल मंथन सिंह काशी राजभर सहित विद्यार्थियोंके अभिभावकों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

वन महोत्सव सप्ताहः बहादुर यादव मेमोरियल पीजी कॉलेज में हुआ पौधारोपण

भटनी, देवरिया। वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को नगर पंचायत भटनी स्थित बहादुर यादव मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार के सदस्यों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रमेश चंद्र वर्मा ने पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महाविद्यालय के प्रबंधक कैप्टन जयराम यादव ने कहा कि वन मानव जीवन का आधार हैं। बढ़ते जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव को कम करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। सहसंस्थापिका श्रीमती मीना देवी ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेश कुमार गोंड, डॉ. अभिनव द्विवेदी, मनीष यादव, बालकिशन यादव, आईटीआई के प्राचार्य उमेश चंद्र यादव तथा कार्यालय के कर्मचारी अभिषेक, सहित महाविद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

सरकारी अस्पतालों की कार्यशैली पर उठे सवाल

जांच और कार्रवाई की मांग को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

आंख के चिकित्सक पर गलत मेडिकल करने, पीएचसी-सीएचसी में रात्रि निवास न होने और अवैध अस्पतालों के संरक्षण का लगाया आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कुशीनगर। जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं में कथित अनियमितताओं और सरकारी अस्पतालों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता पप्पू पाण्डेय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न बिंदुओं पर जांच एवं कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि सरकारी अस्पतालों में कई चिकित्सक रात्रि निवास नहीं करते, जिससे गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पाता। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी आरोप लगाया कि सामान्य उपचार योग्य मरीजों को भी गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जाता है।ज्ञापन में पुरुष एवं नेत्र चिकित्सालय पडरौना में तैनात एक नेत्र चिकित्सक पर कथित रूप से गलत मेडिकल परीक्षण करने और निजी प्रैक्टिस करने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की गई। साथ ही जनपद के पीएचसी एवं सीएचसी केंद्रों पर चिकित्सकों की उपस्थिति, रात्रि निवास तथा स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा कथित रूप से अवैध अस्पतालों के संचालन को संरक्षण दिए जाने की भी जांच कराने की मांग उठाई गई। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मांग की कि ज्ञापन में उल्लिखित सभी पांच बिंदुओं पर एक सप्ताह के भीतर जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस दौरान मनोज कुमार गौड़, अशोक कुमार, मुमताज अहमद, शाहिल अंसारी, अब्दुल कलीम, दिलीप कुमार मिश्र, रमेश दास, सचिदानंद, योगेंद्र, सद्दाम हुसैन, नंदलाल, बबलू पटेल, बलराम साहनी, अवधेश, महेश प्रसाद, राजू प्रसाद, किशन, अबरेज आलम, अमित सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

रास्ते के विवाद में हत्याः तीन महिलाओं समेत आठ आरोपी गिरफ्तार, बरामद

देवरिया। जनपद के रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के नौतन-हथियागढ़ गांव में रास्ते के विवाद में हुई युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन महिलाओं समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक चाकू, एक लोहे का पाइप और दो डंडे भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार तीन जुलाई को रास्ते के विवाद को लेकर हुई मारपीट में राजू विश्वकर्मा उर्फ चंदन की मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी प्रीति शर्मा की तहरीर पर रामपुर कारखाना थाने में हत्या समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 190 तथा आर्म्स एक्ट की धारा 4/25 की भी बढ़ोतरी की। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बरईपुर खास से विशुनपुर चिरकिहवा जाने वाले मार्ग पर स्थित पुलिया के पास से अनुज कुमार सिंह, हितेश सिंह उर्फ आर्यन उर्फ भोलू, प्रेम सिंह उर्फ प्रदीप, गिरिजेश सिंह, गोरख सिंह, रानी देवी, दुर्गावती और सुभावती देवी उर्फ प्रभा देवी को गिरफ्तार किया। सभी आरोपी नौतन-हथियागढ़ गांव के निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त एक चाकू, लोहे का पाइप तथा दो डंडे बरामद किए गए हैं। सभी आरोपियों को न्यायालय भेजते हुए आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष अश्वनी प्रधान समेत रामपुर कारखाना थाने के पुलिसकर्मी शामिल रहे।

सद्बुद्धि पदयात्रा निकाल कांग्रेस ने श्रीराम मंदिर प्रकरण की किया निष्पक्ष जांच की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

देवरिया। जिला कांग्रेस कमेटी ने जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' के नेतृत्व में अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी और वित्तीय अनियमितताओं के विरोध में सद्बुद्धि पदयात्रा निकाली। पदयात्रा टाउन हॉल स्थित कांग्रेस कार्यालय से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए राम-जानकी मंदिर पहुंची, जहां प्रार्थना और संकल्प के साथ इसका समापन हुआ। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए नारेबाजी भी की।

जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ने कहा कि श्रीराम मंदिर करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। ऐसे पवित्र स्थल से जुड़ी कथित वित्तीय अनियमितताओं के आरोप गंभीर हैं और इनकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। उन्होंने मांग की कि पूरे प्रकरण की जांच उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश की निगरानी में कराई जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने कहा कि यदि जांच में अनियमितताओं की पुष्टि होती है तो दोषियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जानी चाहिए। पूर्व जिलाध्यक्ष रामजी गिरी ने कहा कि मंदिरों में श्रद्धालुओं के चढ़ावे के प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए। कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि आस्था के नाम पर किसी भी प्रकार की अनियमितता स्वीकार्य नहीं है। पदयात्रा के समापन पर राम-जानकी मंदिर में देश, प्रदेश और समाज में सत्य, सद्भाव तथा न्याय की स्थापना की कामना की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

सोशल मीडिया पर वायरल खबर से बौखलाई आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने रविवार छुट्टी के दिन वितरित किया बच्चों को मिलने वाला पोषक आहार

लखीमपुर- खीरी विकास खंड निघासन क्षेत्र से जुड़ा ग्राम पंचायत बम्हनपुर में एक बार आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रभारी द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल खबर से बौखलाई तो रविवार छुट्टी के दिन ही वितरित करने लगी, बच्चों को मिलने वाला पोषक आहार वितरण के लिए अचानक शनिवार के दिन धात्री व गर्भवती महिलाओं को स्कूल बुलाकर रजिस्टर भरा कर महिलाओं से फोटो व हस्ताक्षर करवाए आखिर फिर तुरंत क्यूं नहीं वितरण किया गया बच्चों को मिलने वाला पोषक आहार आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रभारी द्वारा रविवार छुट्टी के दिन वितरित किया गया पुष्पहार क्षेत्र में बना चर्चा का विषय अब देखना होगा उक्त प्रकरण में संबंधित अधिकारियों द्वारा क्या आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रभारी कि इस संबंध में जांच करवा कर कार्रवाई सुनिश्चित करतीं या फिर मामले को ठन्डे बस्ते में डाल देंगी!

सतगता देसी शराब दुकान पर अवैध कारोबार का आरोप

ललितपुर। ग्राम पंचायत सतगता की देसी शराब दुकान (दुकान संख्या-21106) को लेकर क्षेत्रवासियों ने समाधान दिवस में जिलाधिकारी को शिकायत पत्र सौंपकर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत में कहा गया है कि पूर्व में आबकारी विभाग एवं पुलिस की संयुक्त छापेमारी के दौरान दुकान पर देसी, अंग्रेजी व बीयर का अवैध भंडारण एवं बिक्री पकड़ी गई थी। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि मामले में जब्त माल होने के बावजूद संबंधित दुकान संचालकों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई और बाद में दुकान का स्थानांतरण ग्राम पंचायत बूचा में कर दिया गया। शिकायत पत्र में आरोप लगाया गया है कि संबंधित प्रकरण में अधिकारियों को गुमराह कर कार्रवाई को दबा दिया गया। साथ ही यह भी कहा गया है कि जब्त माल दैलवारा कंपोजिट एवं किसलवास कंपोजिट शराब दुकानों का था, लेकिन संबंधित दुकानों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई।

भू-माफियाओं पर अवैध कॉलोनी बसाने का आरोप

ललितपुर। शहर के आजादपुरा तृतीय (डैम रोड) क्षेत्र में अवैध कॉलोनी निर्माण को लेकर विवाद गहरा गया है। वार्ड नंबर-16 के दर्जनों स्थानीय निवासियों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर आरोप लगाया है कि कृषि भूमि पर अवैध रूप से कॉलोनी विकसित की जा रही है, जिसके चलते वर्षों पुराने सार्वजनिक रास्ते और पानी निकासी की नाली को बंद कर दिया गया है। इससे क्षेत्र के सैकड़ों परिवारों का आवागमन प्रभावित हो गया है और जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, गोविंद सागर डैम रोड स्थित रेस्ट हाउस के पीछे स्थित कृषि भूमि, जो श्रीमती गिरजा पत्नी खुशीलाल, हरि कुशवाहा एवं अमित कुशवाहा के नाम दर्ज बताई गई है, पर अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही है। आरोप है कि निर्माण कार्य के दौरान पारंपरिक रास्ते और नाली को मलबा डालकर बंद कर दिया गया, जिससे क्षेत्र के लगभग 300 से 400 मकानों के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ललितपुर में विकास कार्यों को मिली रफ्तार

ललितपुर। नगर पालिका परिषद ने नगर के आधारभूत विकास को गति देते हुए वार्ड नंबर 11 (सिविल लाइन) और वार्ड नंबर 5 (झांसीपुरा) में करोड़ों रुपये की लागत से कराए जाने वाले सीसी सड़क, नाली, नाला एवं फुटपाथ निर्माण कार्यों का विधिवत भूमि पूजन कराया। नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने वार्ड पार्षद मुस्तफ़ा खान और जानकी प्रसाद के साथ वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के बीच विकास कार्यों का शुभारंभ किया। भूमि पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। क्षेत्रवासियों ने पालिका अध्यक्ष और जनप्रतिनिधियों का पुष्प मालाओं से स्वागत कर नगर में लगातार हो रहे विकास कार्यों की सराहना की।

लोगों ने कहा कि लंबे समय से सड़क और जल निकासी की समस्याओं से जूझ रहे क्षेत्र को इन परियोजनाओं से बड़ी राहत मिलेगी तथा बरसात में जलभराव की समस्या का भी समाधान होगा। वार्ड नंबर 11 में डाइट के सामने से सदनशाह चौराहे तक नाला निर्माण, सदनशाह चौराहे से पिसनारी तिराहे तक फुटपाथ निर्माण तथा के.के. जैन हॉस्पिटल के समीप नहर पर सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। वहीं वार्ड नंबर 5 के झांसीपुरा क्षेत्र में पिसनारी बयाना नाला से आगे तक सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा कि नगर का प्रत्येक वार्ड उनके लिए समान रूप से महत्वपूर्ण है और प्रत्येक नागरिक तक बेहतर आधारभूत सुविधाएं पहुंचाना परिषद की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि केवल निर्माण कार्य कराना ही उद्देश्य नहीं है, बल्कि ऐसी व्यवस्थाएं विकसित करना लक्ष्य है जिससे नागरिकों का जीवन अधिक सुरक्षित, सरल और सुविधाजनक बन सके।

फर्राटा पंखे ने ली दो जिंदगी

सोते समय अचानक गिरा ऊपर, करंट से तड़प-तड़प कर पति-पत्नी की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बिलसंडा (पीलीभीत)। थाना क्षेत्र के गांव मीरपुर हेमूपुरा में सोमवार रात करंट लगने से गांव निवासी पति-पत्नी हरीशंकर (50) और कमला (47) की तड़प-तड़प कर मृत्यु हो गई। दोनों पड़ोस के गांव रायपुर में शादी समारोह से लौटकर आए और गांव के बाहर बने मकान में सो गए थे। मंगलवार सुबह जब बेटे संतकुमार ने दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो दोनों के शव जमीन पर पड़े थे और उनके ऊपर फर्राटा पंखा रखा था। दोनों के शरीर बुरी तरह झुलसे हुए थे। गांव निवासी हरीशंकर खेती-बाड़ी कर परिवार का भरण पोषण करते थे। बड़े बेटे संत कुमार ने बताया कि उनके माता-पिता हरीशंकर और कमला देवी सोमवार को पड़ोस के गांव रायपुर में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। उनके दो मकान हैं, एक गांव के अंदर और दूसरा गांव के बाहर बना है। वह गांव वाले मकान में अपने भाइयों के साथ रुक गया था। रात में शादी से लौटने के बाद माता-पिता बाहर वाले मकान में सो गए। मंगलवार सुबह करीब आठ बजे जब संत कुमार ने पिता के मोबाइल पर फोन किया तो रिसीव नहीं हुआ, उसे चिंता हुई। पहले उसने उन लोगों के घर जानकारी की, जहां माता-पिता शादी में गए थे। वहां पता चला कि वे रात में ही वापस आ गए थे। जब वह गांव के बाहर बने मकान पहुंचा तो देखा घर के बाहर पिता की बाइक खड़ी थी और अंदर से पिता का फोन बज रहा था। खिड़की से झांककर देखा तो माता-पिता जमीन पर पड़े थे और उनके ऊपर पंखा रखा था। हरीशंकर के पेट और हाथ पर गहरे घाव थे, जबकि कमला देवी का चेहरा बुरी तरह झुलस गया था। ऐसा लग रहा था कि दोनों ने करंट की चपेट में आने के बाद बचने का प्रयास किया होगा, लेकिन वह दोनों तड़प-तड़प कर दम तोड़ गए। संत कुमार ने तुरंत अन्य स्वजन और पड़ोसियों को बुलाया। दरवाजा न खुलने पर उसे तोड़ा गया। अंदर का नजारा देखकर सभी सन्न रह गए। आशंका जताई जा रही है कि फर्राटा में पहले से करंट आ रहा था, उसमें कमला का सोते समय लग गया, इसके कारण पंखा उनके ऊपर गिर गया कमला को बचाने के प्रयास में हरीशंकर भी चपेट में आ गए दोनों की मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बिलसंडा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार्रवाई को शुरू किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक जगदीप मलिक ने बताया कि सूचना मिलने पर गांव पहुंचे थे, जानकारी जुटाई गई है।

बिरधा में निकली 'स्कूल चलो अभियान' की जागरूकता रैली, अधिकारियों ने दिखाई हरी झंडी

ललितपुर। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकासखंड बिरधा में सोमवार को 'स्कूल चलो अभियान-2026' के तहत भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) इरशाद अहमद, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अधीक्षक डॉ. छत्रपाल सिंह एवं खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) गौरव कुमार शुक्ला ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी इरशाद अहमद ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है और कोई भी बच्चा विद्यालय जाने से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों का विद्यालयों में नियमित नामांकन एवं उपस्थिति सुनिश्चित कराने का आह्वान किया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. छत्रपाल सिंह ने बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और नियमित विद्यालय उपस्थिति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ बच्चा ही बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकता है।

बरेली: दहेज के लिए पिलाया तेजाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरेली। दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को तेजाब पिला दिया। सूचना पर पहुंचे पिता ने बेटी को अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई। इससे पहले पिता के शिकायती पत्र पर पुलिस ने पति और सास-ससुर के विरुद्ध प्राथमिकी लिख ली थी। विवाहिता की मौत के बाद अब उसे दहेज हत्या में तरमीम किया जाएगा। मूल रूप से सुभाष नगर के बेहटी गांव निवासी रामवीर वर्तमान में उत्तराखंड के रुद्रपुर में रहते हैं। रामवीर ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी बेटी प्रीति की शादी मार्च में कैंट निवासी धर्मेंद्र के साथ की थी। शादी में उन्होंने करीब 16 लाख रुपये खर्च किया। इसके बाद भी ससुराल वाले दहेज में दो लाख रुपये की और मांग कर रहे थे। जब यह बात उनकी बेटी ने उन्हें बताई तो उन्होंने बेटी को समझा दिया। आरोप है कि 14 जून को उनके उनकी बेटी के पति धर्मेंद्र, ससुर ज्वाला प्रसाद और सास कमला देवी ने उनकी बेटी को जबरन तेजाब पिला दिया। सूचना पर जब रामवीर बेटी के ससुराल पहुंचे तो आरोपितों ने उन्हें भी जबरन तेजाब पिलाया। पिता ने आनन फानन में रामपुर गार्डन स्थित नारायणा अस्पताल में बेटी को भर्ती कराया जहां से उसे उसे जीवनदान अस्पताल में रेफर कर दिया गया। वहां भी उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। इस पर जीवनदान अस्पताल से प्रीति को दिल्ली रेफर कर दिया गया। सोमवार को प्रीति के स्वजन उसे दिल्ली लेकर जा रहे थे कि रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। इससे पहले मिले शिकायती पत्र पर कैंट थाने में पुलिस प्रीति के पति धर्मेंद्र, ससुर ज्वाला प्रसाद और सास कमला देवी के विरुद्ध प्राथमिकी लिख चुकी थी। इंस्पेक्टर कैंट संजय धीर का कहना हैं कि विवाहिता की मौत हो गई है अब मुकदमे को दहेज हत्या में तरमीम कर आरोपितों की गिरफ्तारी की जाएगी।

बरेली उप कृषि निदेशक (शोध) संभागीय कृषि परीक्षण एवं प्रदर्शन आयोजित

समस्त कर्मचारियों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरेली/यह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप कृषि निदेशक(शोध) पवन कुमार प्रजापति एवं विशिष्ट अथिति डॉ नरेन्द्र प्रताप (वानस्पतिविद) तथा कार्यक्रम का शुभारंभ कार्तिक सिंह क्षेत्र अधिकारी इफको बरेली द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के स्वागत एवं अभिनंदन के साथ किया गया। अपने संबोधन में इफको के नैनो उर्वरकों (नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी) की प्रयोग विधि, कार्यप्रणाली एवं कृषि में उनकी उपयोगिता के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। साथ ही उन्होंने *संभागीय कृषि प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केंद्र, बिलवा फार्म पर किए जा रहे नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी के प्रदर्शन के संदर्भ में जानकारी देते हुए। उनके उद्देश्यों से कर्मचारियों को अवगत कराया। मुख्य अतिथि पवन कुमार प्रजापति ने अपने संबोधन में सभी कर्मचारियों से इफको द्वारा संचालित नैनो उर्वरक प्रयोगों को सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नैनो उर्वरकों के वैज्ञानिक उपयोग एवं उनके कृषि उत्पादन में योगदान पर विस्तृत चर्चा की। इस कार्यक्रम में बीज परीक्षण प्रभारी कृतज्ञ गंगवार, परीक्षण प्रभारी संजीव कुमार, फार्म अधीक्षक' हेमंत गंगवार जैव उर्वरक प्रभारी विकास कुमार कुमार सहित सभी कर्मचारी उपस्थित रहें।

बरेली में बड़ी कार्रवाई: आजम खां और तौकीर रजा के करीबी का 'यादगार-ए-आमद' बारातघर सील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरेली। हिंसा के आरोपित मौलाना तौकीर रजा व रामपुर के सपा नेता आजम खां के करीबी नसीम का अवैध बरातघर यादगार-ए आमद सोमवार को सील कर दिया गया। 25 साल पहले घनी आबादी वाले सैलानी मुहल्ले में 600 वर्ग मीटर भूमि पर इसे अवैध रूप से बनाया गया था। बिना नक्शा स्वीकृत कराए वह इस बरातघर से आय अर्जित करता रहा मगर, किसी अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया। बीते दिनों बरेली विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सौम्या पांडेय के सामने उसकी फाइल आई, तब कार्रवाई हो सकी। माना जा रहा कि अवैध निर्माण पर जल्द ही प्राधिकरण का बुलडोजर गरज सकता है। पिछले साल 26 सितंबर को इत्तेहाद ए मिल्लत काउंसिल के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा ने शहर में हिंसा कराई थी। उस समय पुलिस ने तौकीर समेत 100 से अधिक आरोपितों को जेल भेजा। इसके साथ ही तौकीर के मददगारों पर आर्थिक चोट भी की जाने लगी थी। दो दिसंबर 2025 को बरेली विकास प्राधिकरण के तत्कालीन उपाध्यक्ष मनिकंडन ए. ने तौकीर के करीबी राशिद खान के अवैध गुड मैरिज हाल बुलडोजर चलवाकर ध्वस्त करा दिया था। राशिद को तौकीर व आजम खां का करीबी बताया जाता था। इसी तरह, सूफी टोला में सरफराज वली खां के एवान-ए-फरहत बारात घर, पीलीभीत बाइपास रोड स्थित आरिफ के अवैध शोरूम, नफीस के रजा पैलेस समेत 15 से अधिक अवैध निर्माण ध्वस्त कराए गए थे। अब प्रशासन ने एक बार फिर से तौकीर व आजम के करीबियों की कुंडली निकालते हुए कड़ी कार्रवाई तेज कर दी है। इस बार प्राधिकरण के निशाने पर राशिद के बड़े भाई नसीम का यादगार-ए-आमद बरातघर आया। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि सपा शासनकाल में नसीम की आजम खां से घनिष्ठता हुई थी। बाद में तौकीर के साथ सक्रियता बढ़ गई। प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सौम्या पांडेय ने बताया कि यादगार-ए-आमद बरातघर मानचित्र स्वीकृत कराए बिना बनाया गया था।

उसे अग्निशमन विभाग की ओर से अनापत्ति प्रमाणपत्र भी नहीं दिया गया था। नियमों का उल्लंघन का बरातघर संचालन कराया जा रहा था, इसलिए सील करा दिया गया। लखनऊ कोचिंग अग्निकांड के बाद बीडीए भी एक्शन मोड में है। बीडीए उपाध्यक्ष सौम्या पांडेय खुद अलग-अलग क्षेत्रों में निकल माल-शोरूम, कोचिंग-लाइब्रेरी की जांच कर नियमों को ताक पर रखने वाले ऐसें संस्थानों के विरुद्ध कार्रवाई का निर्देश दे चुकी हैं। अब सोमवार को यादगार-ए आमद मैरिज हाल को सील करने बाद सैलानी में बीडीए की दिसंबर में की गई अवैध निर्माण की ध्वस्तीकरण की गूंज फिर से उभरने लगी। उधर, बीडीए उपाध्यक्ष सौम्या पांडेय ने अब तक अवैध निर्माण के विरुद्ध कठोर कार्रवाई क्यों नहीं की गई इसके पीछे लापरवाह लोगों की भी जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए हैं। शहर में आइ लव मोहम्मद के नाम पर प्रदर्शन कर तौकीर व उसके गुर्गों ने पूरे शहर को तनाव में झोंक दिया था। स्थिति यह हो गई थी कि कई दिन तक इंटरनेट तक बंद करना पड़ गया था। इसके बाद बीडीए ने पुराना शहर के सूफीटोला-सैलानी में दिसंबर में सरफराज वली खां के एवान-ए-फरहत बारात और उससे सटे राशिद खां के गुड मैरिज हाल को भी ध्वस्त कर दिया था। दोनों अवैध बरातघरों के विरुद्ध 12 अक्टूबर 2011 को ध्वस्तीकरण आदेश पारित किये गए थे।

बलिया में युवक को पेट में मारी गोली, हालत गंभीर; बीएचयू रेफर

बैरिया थाना क्षेत्र के कोटवा मोड़ के पास वारदात, पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लेकर शुरू की जांच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बलिया। जनपद के बैरिया थाना क्षेत्र में सोमवार शाम एक युवक को गोली मार दिए जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना कोटवा मोड़ (रानीगंज) के पास करीब 7:30 बजे हुई। पेट में गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल भेजा गया, जहां से हालत नाजुक होने पर बेहतर इलाज के लिए बीएचयू, वाराणसी रेफर कर दिया गया। घायल युवक की पहचान रेवती थाना क्षेत्र के झड़कटहा गांव निवासी अंगद सिंह उर्फ विकास (27) पुत्र बृजेश सिंह के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पीआरवी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्राधिकारी बैरिया आलोक गुप्ता एवं थाना प्रभारी राजेंद्र प्रसाद सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने पूछताछ के लिए दो युवकों को हिरासत में लिया है। वहीं मुख्य आरोपी से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस घटना के कारणों और हमलावरों की भूमिका की गहनता से जांच कर रही है। जिला अस्पताल में तैनात सर्जन डॉ. दानिश ने बताया कि युवक के पेट में गोली लगी है और उसकी स्थिति गंभीर होने के कारण उसे बीएचयू, वाराणसी रेफर किया गया है। क्षेत्राधिकारी आलोक गुप्ता ने बताया कि सोमवार शाम करीब 7:30 बजे कोटवा मोड़ के पास गोली लगने की सूचना मिली थी। परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान को लेकर डीपीआरओ से की भेंट

ललितपुर। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी परिषद, जनपद ललितपुर की नवगठित जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने मंगलवार को जिला पंचायत राज कार्यालय पहुंचकर जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी परिषद के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश (जेपी) कुशवाहा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने डीपीआरओ का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। बैठक के दौरान परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने ग्रामीण सफाई कर्मचारियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं कर्मचारी हितों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही कर्मचारियों की समस्याओं के शीघ्र समाधान, विभाग और कर्मचारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा सकारात्मक कार्य वातावरण बनाए रखने पर भी विचार-विमर्श किया गया। परिषद के जिला अध्यक्ष जयप्रकाश (जेपी) कुशवाहा ने कहा कि संगठन ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के अधिकारों एवं हितों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेगा।

विधायक डॉ एमपी आर्य के द्वारा किया गया स्कूल चलो अभियान फेज टू रैली का शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरेली/ विकासखंड भदपुरा में नवाबगंज विधायक डॉक्टर एमपी आर्या की गरिमामय उपस्थित एवं खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार के निर्देशन में स्कूल चलो अभियान के फेज टू का रैली निकाल करके किया गया भव्य शुभारंभ। ब्लॉक कार्यालय क्योलड़िया पर स्कूल चलो अभियान संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के तहत प्राथमिक विद्यालय क्योलड़िया एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय क्योलाड़िया के लगभग 200 छात्र एवं छात्राओं तथा 100 से अधिक अध्यापकों के द्वारा जन जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवाबगंज विधायक डॉक्टर एमपी आर्य के द्वारा अध्यापकों छात्रों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा गया कि वर्तमान सरकार में सभी छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ पोषण युक्त भोजन प्रदान किया जा रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि विकासखंड भदपुरा में प्राथमिकता के आधार पर सभी छात्र-छात्राओं का विद्यालयों में सत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जा रहा है ताकि कोई भी बच्चा प्राथमिक शिक्षा से वंचित न रहे। छात्रों का विद्यालय में अधिकतम ठहराव सुनिश्चित करने हेतु रोचक गतिविधियों, स्मार्ट क्लास एवं स्वयं करके सीखने जैसी नवाचार तकनीकि का उपयोग करके शिक्षण कार्य किया जा रहा है। बारिश के मौसम में संचारी रोगों से बचाव हेतु सभी को जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका राखी गंगवार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एडीओ पंचायत भदपुरा प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रताप एवं राजवीर सिंह धर्म वीर ओम बाबू ठाकुर दास इंद्रपाल सिंह धीरेन्द्र अनिल सूरज गंगवार अभिषेक अवधेश सहित सैकड़ो शिक्षकों की गरिमामई उपस्थिति रही।

मितौली तहसील दिवस में 20 शिकायतें दर्ज, 3 का मौके पर निस्तारण

नीमगांव। तहसील परिसर में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) का आयोजन उपजिलाधिकारी मधुसूदन गुप्ता एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र यादव,तहसीलदार प्रभारी दिनेश कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। तहसील दिवस में कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुईं।

इनमें राजस्व विभाग की 5, ग्राम विकास विभाग की 1, पुलिस विभाग की 2 तथा विद्युत आपूर्ति से संबंधित 8 शिकायतें प्रमुख रहीं। प्राप्त शिकायतों में से राजस्व विभाग की 3 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजते हुए शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उपजिलाधिकारी मधुसूदन गुप्ता ने अधिकारियों से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

कीर्ति के लिए 300 M की दूरी जानलेवा बनी

टूटती सांसों की डोर को नहीं मिली एंबुलेंस, फिरोजाबाद में स्ट्रेचर पर तोड़ा दम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

फिरोजाबाद। डायलिसिस के दौरान युवती की अचानक तबीयत बिगड़ी और सांसें अटकने लगीं। आनन-फानन में उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। गेट पर खड़ी एंबुलेंस स्टाफ ने मरीज को ले जाने से इनकार कर दिया। बेबस स्वजन उसे स्ट्रेचर पर लिटाकर लेकर भागे, लेकिन ट्रामा सेंटर पहुंचने तक सांसें थम गईं। तीन सौ मीटर की दूरी जानलेवा साबित हुई। बेबस स्वजन शव लेकर घर चले गए। सीएमएस ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं।

डेढ़ साल पहले हुई थी किडनी खराब

मान सिंह की 20 वर्षीय बेटी कीर्ति की डेढ़ वर्ष पहले किडनी खराब हो गई थी। छह माह से सरकारी मेडिकल कालेज अस्पताल के डायलिसिस यूनिट में उनकी नियमित रूप से डायलिसिस हो रही थी। सोमवार सुबह 11 बजे स्वजन उन्हें डायलिसिस कक्ष में लेकर पहुंचे।

डायलिसिस के दौरान बढ़ गया था रक्तचाप

डायलिसिस के दौरान कीर्ति का अचानक रक्तचाप बढ़ गया और उसे सांस लेने में परेशानी होने लगी। चिकित्सक ने सरकारी ट्रामा सेंटर ले जाने को कहा। स्वजन का आरोप है कि सेंटर के गेट पर खड़ी एबुलेंस के स्टाफ से मदद मांगी तो यह कह दिया कि जब तक अधिकारी का फोन नहीं आएगा, वे मरीज को नहीं ले जाएंगे। इसके बाद स्वजन कीर्ति को स्ट्रेचर पर लेकर भागे। ट्रामा सेंटर में पहुंचने पर चिकित्सक ने कीर्ति को मृत घोषित कर दिया। सीएमएस डॉ. नवीन जैन का कहना है कि घटना की जानकारी मिली है। जांच कराई जा रही है, जो भी दोषी होंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

जिस ट्रेन में सवार थे संघ प्रमुख, उस पर हुए पथराव के बाद रेलवे अलर्ट

फिरोजाबाद में इन 8 हॉट स्पॉट पर स्पेशल निगरानी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

फिरोजाबाद। लखनऊ से दिल्ली जा रही स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस पर 11 जून की शाम पेमेश्वर गेट के निकट हुई पथराव की घटना के बाद रेलवे के साथ ही सिविल पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है। शिकोहाबाद से हिरन गांव तक आठ हॉटस्पॉट चिह्नित करने के बाद वहां की विशेष निगरानी की जा रही है। घटना के समय ट्रेन में संघ प्रमुख मोहन भागवत के बैठे होने के कारण लखनऊ से दिल्ली तक खलबली मच गई थी। पुलिस ने रात भर अभियान चलाकर सुबह दो बाल अपचारियों को गिरफ्तार किया था। अगले दिन उनका एक और साथी पकड़ा गया था। रेलवे स्टेशनों के आउटरों पर ट्रेनों के रुकने या गति कम होने पर पथराव की घटनाएं अक्सर होती रहती हैं। जिससे यात्री चौंके जाते हैं। उनकी जान-माल के नुकसान का खतरा भी रहता है।

11 जून को हुई घटना के समय ट्रेन के उसी कोच में बैठे थे संघ प्रमुख

इस वर्ष जिले में जनवरी से जून के पहले पखवाड़े तक आधा दर्जन से अधिक घटनाएं आरपीएफ के थानों में दर्ज की गईं। 11 जून को शताब्दी एक्सप्रेस के जिस ई-1 कोच पर पत्थर लगा उसी में संघ प्रमुख भी बैठे थे। गनीमत रही कि उन्हें या अन्य किसी यात्री को चोट नहीं आई, लेकिन इस घटना ने रेलवे और सिविल पुलिस के आला अधिकारियों में खलबली मचा दी।

लखनऊ से दिल्ली तक मच गई थी खलबली, पकड़े थे तीन बाल अपचारी

रात में ही एडीजी आगरा एसके भगत, डीएम संतोष कुमार शर्मा, डीआईजी आगरा शैलेश पांडेय, एसएसपी आदित्य लांग्हे मौके पर पहुंच गए थे। रात भर सर्च अभियान चला। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर कूड़ा बीनने वाले तीन किशोरों की पहचान हुई। सुबह दो को पकड़ लिया गया।

आठ हॉटस्पॉट किए गए चिन्हित

इस घटना के बाद जीआरपी, आरपीएफ और सिविल पुलिस ने कुल आठ हाटस्पाट चिह्नित किए हैं।

ये ऐसे स्थान हैं, जहां अक्सर आवारा किस्म के लोग घूमते रहते हैं। जीआरपी थाना प्रभारी शेर सिंह ने बताया कि हाट स्पाट चिह्नित करने के बाद इनकी विशेष रूप से निगरानी की जा रही है। यहां गश्त बढ़ा दिया है। इसके साथ ही आसपास के लोगों और दुकानदारों को जागरूक भी किया जा रहा है।

मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों में नहीं होते सीसीटीवी कैमरे

जिले से गुजरनी वाली ट्रेनों में केवल वंदे भारत एक्सप्रेस में ही सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। अन्य मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में कैमरों की व्यवस्था न होने के कारण पत्थरबाजी की घटनाओं के बाद आरोपितों तक पहुंचने में कठिनाई आती है। शताब्दी एक्सप्रेस पर हुई घटना के बाद 100 से अधिक स्थानों के सीसीटीवी कैमरे खंगालने पड़े थे।

संक्षिप्त खबरें

शराब के नशे में पति ने की मारपीट, घर में लगाई आग

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के मुलापुर गांव में शराब के नशे में पति द्वारा पत्नी व अन्य लोगों से मारपीट कर घर में आग लगाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता पूनम देवी ने पति सुरेश यादव के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि 06 जुलाई की शाम उसका पति शराब पीकर घर आया और उससे रुपये मांगे। रुपये देने पर पति ने रुपये फाड़कर फेंक दिए और उसके साथ हाथ-मुक्के से मारपीट शुरू कर दी। तहरीर के अनुसार बीच-बचाव करने पहुंचे प्रेमराज और उसकी बेटी के साथ भी आरोपी ने मारपीट की। इसके बाद आरोपी ने घर के सामान में आग लगा दी और घर में रखे कुछ आभूषण भी ले गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसका पति पंजाब पुलिस में तैनात है और वह उसका खर्चा भी नहीं देता है। पीड़िता ने कोतवाली गोपीगंज में लिखित तहरीर देकर आरोपी पति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

बीट पुलिसिंग की समीक्षा में एएसपी ने रजिस्टर और यक्ष ऐप का किया सत्यापन, दिए सख्त निर्देश

भदोही। अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय में जनपद के सभी थानों से आए बीट कांस्टेबलों एवं हेड कांस्टेबलों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने बीट पुलिसकर्मियों के हिस्ट्रीशीटर (एचएस) निगरानी रजिस्टर तथा नकबजनी और चोरी के अभियुक्तों से संबंधित निगरानी रजिस्टरों का भौतिक सत्यापन किया। बैठक में एएसपी ने बीट पुलिसकर्मियों के मोबाइल फोन में यक्ष (YAKSH) ऐप की भी लाइव जांच की। उन्होंने ऐप के सक्रिय संचालन और उस पर किए गए सत्यापन कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक ने सभी बीट पुलिसकर्मियों को अपने-अपने क्षेत्रों में हिस्ट्रीशीटरों और अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखने, यक्ष ऐप पर समय-समय पर सूचनाएं अपडेट करने तथा बीट पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी एवं सक्रिय बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तकनीक के बेहतर उपयोग और नियमित निगरानी से अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था को और मजबूत किया जा सकेगा।

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने सुनी आमजन की समस्याएं, दिये त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

सोनभद्र / उत्तर प्रदेश – मंगलवार दिनांक 07.07.2026 को पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई/जनता दर्शन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों एवं नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पूर्ण तत्परता के साथ सुना गया। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, साइबर अपराध, गुमशुदगी, राजस्व संबंधी प्रकरणों सहित विभिन्न पुलिस संबंधी शिकायतें प्राप्त हुईं। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा प्रत्येक प्रकरण का स्वयं संज्ञान लेते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारीगण एवं थाना प्रभारियों को शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत की तथ्यपरक जांच करते हुए पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाना प्राथमिकता रहे। साथ ही शिकायतकर्ताओं को की गई कार्यवाही से समय-समय पर अवगत कराने तथा जनसमस्याओं के समाधान में संवेदनशील एवं जिम्मेदार व्यवहार अपनाने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनावश्यक विलंब अथवा उत्पीड़न पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। जिन प्रकरणों में तत्काल हस्तक्षेप आवश्यक है, उनमें प्राथमिकता के आधार पर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

कोटेदारों की मनमानी से परेशान उपभोक्ता

पूरा राशन पाने की उम्मीद में बदल रहे उचित दर की दुकान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोपीगंज। नगर पालिका परिषद गोपीगंज क्षेत्र में उचित दर की दुकानों पर राशन वितरण को लेकर उपभोक्ताओं में भारी असंतोष व्याप्त है। क्षेत्र के अनेक राशन कार्ड धारकों का आरोप है कि कुछ कोटेदार शासन की मंशा के अनुरूप खाद्यान्न का वितरण नहीं कर रहे हैं। इसी कारण बड़ी संख्या में उपभोक्ता अपने निर्धारित कोटेदार को छोड़कर दूसरे कोटेदारों की दुकानों से राशन लेने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

उपभोक्ताओं का कहना है कि कई उचित दर विक्रेता पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को निर्धारित मात्रा से लगभग पांच किलोग्राम तथा अंत्योदय कार्डधारकों को लगभग दस किलोग्राम तक कम राशन दे रहे हैं। गरीब परिवारों का आरोप है कि सरकार द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराए जाने वाले खाद्यान्न में कटौती किए जाने से उनके सामने रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो रहा है। बताया जाता है कि पूरा राशन मिलने की उम्मीद में उपभोक्ता दूसरे कोटेदार के यहां अपना राशन कार्ड संबद्ध करा लेते हैं। हालांकि वहां भी कुछ महीनों तक व्यवस्था ठीक रहने के बाद फिर वही शिकायतें सामने आने लगती हैं। इससे उपभोक्ताओं के सामने यह सवाल खड़ा हो गया है कि आखिर वे अपनी शिकायत लेकर जाएं तो कहां जाएं। कुछ कार्डधारकों ने आरोप लगाया कि शिकायत करने पर कार्रवाई के बजाय उन्हें धमकियां दी जाती हैं। उनका कहना है कि कुछ दबंग प्रवृत्ति के कोटेदार खुलेआम कहते हैं कि 'जहां शिकायत करनी हो कर दो, हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। ऐसे आरोपों से आम उपभोक्ताओं में भय और असंतोष का माहौल बना हुआ है। इसके अलावा कुछ लोगों का यह भी आरोप है कि कई स्थानों पर पहले उपभोक्ताओं से ई-पॉस मशीन पर अंगूठा लगवा लिया जाता है, लेकिन राशन देने के बजाय 'आज नहीं, कल आना' कहकर कई दिनों तक टालमटोल की जाती है। बाद में दुकान बंद कर दी जाती है, जिससे पूरे महीने उपभोक्ता राशन से वंचित रह जाते हैं। नगर के कुछ लोगों ने यह भी आरोप लगाया है कि कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों के पास दो-दो उचित दर की दुकानों का संचालन या संबद्धता है, जहां अनियमितताओं की शिकायतें अधिक मिल रही हैं। क्षेत्रीय नागरिकों और उपभोक्ताओं ने जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी कोटेदारों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने तथा सभी पात्र लाभार्थियों को शासन के निर्धारित मानक के अनुसार पूरा राशन उपलब्ध कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो गरीबों के हक पर डाका डालने का यह सिलसिला जारी रहेगा।

लेखपालों की ग्राम सचिवालयों में नियमित उपस्थिति के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान राजस्व, पुलिस, विद्युत, विकास, कृषि, सामाजिक सुरक्षा और भूमि विवाद समेत विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहे। अधिकारी स्वयं मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों की बात सुनें, तथ्यों का सत्यापन करें और निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने आपसी सहमति से निस्तारित होने वाले मामलों को प्राथमिकता देने तथा जटिल मामलों में टीम गठित कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को ग्राम सचिवालयों में लेखपालों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए रोस्टर जारी करने का निर्देश दिया। कहा कि निर्धारित तिथि पर लेखपाल गांव में बैठकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनें और स्थानीय स्तर पर उनका समाधान करें, ताकि लोगों को तहसील के चक्कर न लगाने पड़ें। जिलाधिकारी ने किसान हितैषी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए पात्र किसानों की फार्मर आईडी शत-प्रतिशत बनाने के निर्देश दिए।उन्होंने उप जिलाधिकारियों, लेखपालों, कानूनगो और कृषि विभाग के अधिकारियों से विशेष शिविरों के माध्यम से अभियान तेज करने को कहा। किसानों से भी अपील की कि जिनकी फार्मर आईडी नहीं बनी है, वे निकटतम शिविर में पहुंचकर पंजीकरण करा लें। डीएम ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य केवल शिकायतें प्राप्त करना नहीं, बल्कि शिकायतकर्ताओं को स्थायी राहत दिलाना है। शिकायतों के निस्तारण के बाद फीडबैक भी लिया जा रहा है। असंतोष मिलने पर संबंधित प्रकरण की दोबारा समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को जनशिकायतों के निस्तारण में संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने के निर्देश दिए।

ज्वेलरी की दुकान में शटर तोड़कर चोरों ने किया हाथ साफ

सुबह सो कर उठने पर लोगों ने देखा तो दुकान का शटर टूटा था सामान इधर-उधर फेंका था।

हलिया मीरजापुर। लालगंज थाना क्षेत्र के बेलन बरौधा बाजार मे सोमवार की रात ज्वेलरी की दुकान में शटर का ताला तोड़कर चोरों ने किया हाथ साफ। सुबह सोकर उठने पर देखा तो सामान फेंका था तब पीड़ित ने तुरंत पुलिस को सूचना दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके का मुआयना किया। देखते ही देखते पूरे मार्केट के लोग इकट्ठा हो गए प्राप्त जानकारी के अनुसार लालचंद सोनी पुत्र स्व0 हीरालाल निवासी बेलन बरौधा के ज्वेलरी व बर्तन की दुकान में बीती रात चोरों ने शटर चाड़ कर उसके अंदर लगा चैनल का ताला तोड़कर सीसीटीवी का कनेक्शन काटकर डीवीआर तथा दुकान में रखा लाखों रुपए का सोने व चांदी का आभूषण चुरा ले गए। प्रार्थी के मकान के पीछे डिब्बा तोड़कर अलमारी भी क्षतिग्रस्त कर दिए। कई डिब्बे जगह-जगह फेंके गए हैं। वहीं पीड़ित ने प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई का मांग किया

जर्जर सड़क के कारण लोगो का आना जाना हुआ दूभर

बरसात के कारण हुए गड्ढे, आये दिन गिर रहे रहे है छात्र

महज 1 किलोमीटर की दूरी तय करने में लग रहा है आधा घंटा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

चुनार, मीरजापुर। नगर क्षेत्र स्थित किला से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजकीय महाविद्यालय तक जाने वाली सड़क काफी जर्जर अवस्था में है।सड़क पर जगह जगह हुए 1 से 2 फ़ीट तक के गड्ढे ने लोगो का चलना दूभर कर दिया है जगह जगह जलजमाव के कारण आये दिन छात्रों से लेकर मरीज गिर कर चोटिल हो जा रहे है। महज 2 किलोमीटर की दूरी में तय करने में लगभग 100 से ज्यादा गड्ढे बड़ी दुर्घटना को दावत दे रहे है इस सड़क पर सीबीएसई से सम्बंधित डॉ सविता मेमोरियल ग्लोबल एकेडेमी के साथ ही आचार्य जी मंदिर, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजकीय महाविद्यालय स्थित है जिससे लगभग 4 हजार छात्र छात्राये व सैकड़ो मरीजों का आवागमन होता है, बावजूद इसके स्थानीय प्रशासन चुप्पी साधे हुए है यातायात की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण यह सड़क इन दिनों दयनीय स्थिति में है जो किसी दिन बड़ी दुर्घटना को दावत दे रही है । सड़क की दयनीय स्थिति पर नगर पालिका के साथ ही लोक निर्माण विभाग की चुप्पी समझ से परे है। स्थानीय लोगो ने कहा कि आगामी एक सप्ताह में इस सड़क के बाबत कोई फैसला नही लिया गया तो हम लोग आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

अन्य पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवाओं के लिए निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना

योजना में आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश- पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के न्यूनतम इंटरमीडिएट उत्तीर्ण शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए वर्ष 2026-27 में निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना संचालित की जा रही है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि ऐसे अभ्यर्थी, जिनके माता-पिता/अभिभावकों की सभी स्रोतों से वार्षिक आय ?1.00 लाख से अधिक नहीं है, वे 16 जून 2026 से 10 जुलाई 2026 तक विभागीय वेबसाइट obccomputer training.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने के उपरांत उसकी प्रति डाउनलोड कर सभी आवश्यक अभिलेखों के साथ निर्धारित तिथि तक जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय, विकास भवन, लोढ़ी, सोनभद्र में हार्डकॉपी जमा करना अनिवार्य है। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, कक्ष संख्या-37, विकास भवन, लोढ़ी, सोनभद्र अथवा मोबाइल नंबर 9369963358 पर संपर्क कर सकते हैं।जिला प्रशासन ने पात्र अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर योजना का लाभ प्राप्त करें।

चोपन पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित पुरस्कार घोषित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

चोपन/ सोनभद्र- पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में वांछित एवं पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना चोपन पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।मंगलवार दिनांक 07.07.2026 को समय करीब 09:10 बजे थाना चोपन पुलिस टीम द्वारा बस स्टैंड, चोपन से राजबीर सिंह पुत्र महिपाल सिंह, उम्र लगभग 40 वर्ष, निवासी सादात नगर, थाना नैटोर, जनपद बिजनौर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त मु0अ0सं0 1039/2025, धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट, थाना राबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र में वांछित चल रहा था।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत जुलाई माह का निःशुल्क राशन वितरण शुरू

अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को मिलेगा निःशुल्क खाद्यान्न, अंत्योदय परिवारों को अप्रैल-जून की चीनी का भी होगा वितरण

20 जुलाई तक मिलेगा खाद्यान्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश- जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि खाद्य एवं रसद विभाग के निर्देशानुसार जनपद में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अंतर्गत जुलाई 2026 का निःशुल्क खाद्यान्न वितरण 06 जुलाई से 20 जुलाई, 2026 तक उचित दर दुकानों के माध्यम से किया जा रहा है। इसके साथ ही अंत्योदय कार्डधारकों को अप्रैल, मई एवं जून 2026 के सापेक्ष चीनी का वितरण भी किया जाएगा।

अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 35 किलोग्राम खाद्यान्न (10 किलोग्राम गेहूं एवं 25 किलोग्राम चावल) निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त तीन माह के सापेक्ष 3 किलोग्राम चीनी प्रति कार्ड 18 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से वितरित की जाएगी। वहीं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 5 किलोग्राम खाद्यान्न (1 किलोग्राम गेहूं एवं 4 किलोग्राम चावल) निःशुल्क मिलेगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिन कार्डधारकों का बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण किसी कारणवश नहीं हो पा रहा है, वे 20 जुलाई, 2026 तक मोबाइल ओटीपी सत्यापन के माध्यम से भी खाद्यान्न प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने सभी राशन कार्डधारकों से अपील की है कि जिन सदस्यों की ई-केवाईसी अभी तक नहीं हुई है, वे शीघ्र ही अपनी उचित दर की दुकान पर जाकर ई-केवाईसी पूर्ण करा लें, ताकि भविष्य में खाद्यान्न वितरण का लाभ बिना किसी बाधा के प्राप्त होता रहे।

भाजपा मंडल की मासिक बैठक में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई

गोपीगंज। भारतीय जनता पार्टी गोपीगंज मंडल की मासिक बैठक एक विद्यालय में आयोजित की गई, जिसमें श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला उपाध्यक्ष बृजेश गुप्ता ने डॉ. मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। बैठक से पूर्व वरिष्ठ नेता विजयपथ चौबे के चचेरे बड़े भाई अखिलेशपति चौबे के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्य वक्ता कुंवर प्रमोद चंद्र मौर्य ने डॉ. मुखर्जी के जीवन एवं योगदान पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि बृजेश गुप्ता ने संगठन की नियमित बैठकों और कार्ययोजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अश्वनी अग्रवाल तथा संचालन मंडल महामंत्री राहुल चौबे ने किया। कार्यक्रम में पार्टी के भाजपा जिला उपाध्यक्ष बृजेश गुप्ता सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पहली बारिश में जलमग्न हुआ महजूदा बाजार

» डीएम के निर्देश के बाद भी नहीं बना नाला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही। सुरियावां-पाली मार्ग के चौड़ीकरण के दौरान महजूदा बाजार में सड़क किनारे जलनिकासी के लिए नाला निर्माण का प्रस्ताव भी शामिल था। नाला निर्माण शुरू कराने के लिए मजदूर मौके पर पहुंच गए थे और निर्माण सामग्री भी आ गई थी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अनुसार, मजदूरों के ठहरने की व्यवस्था भी कराई गई थी, लेकिन अचानक निर्माण कार्य रोक दिया गया। बाद में निर्माण सामग्री वापस भेज दी गई और मजदूर भी लौट गए। इसके बाद बाजारवासियों ने जिलाधिकारी शैलेष कुमार से शिकायत की। शिकायत पर जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिशासी अभियंता को नाला निर्माण कराने के निर्देश दिए, लेकिन लगभग एक माह बीतने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका।

इस बीच पहली ही बारिश में महजूदा बाजार में भारी जलभराव हो गया। कई घरों और दुकानों में पानी घुस गया, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय पर नाला बन गया होता तो यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती। बाजारवासियों ने विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए तत्काल नाला निर्माण शुरू कराने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

12 जुलाई को भदोही में लगेगा 14.46 लाख पौधों का हरित महायज्ञ

डीएम ने की जनभागीदारी की अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही। जनपद में 12 जुलाई को प्रदेशव्यापी वृहद वृक्षारोपण महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न विभागों के सहयोग से 14.46 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने जनपदवासियों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि वृक्षारोपण केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के प्रति प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत प्रत्येक नागरिक अपनी मां के नाम कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसके संरक्षण व नियमित देखभाल का भी संकल्प ले। पौधा लगाना जितना महत्वपूर्ण है, उसे जीवित रखना उससे कहीं अधिक आवश्यक है।

डीएम ने कहा कि घर, खेत की मेड़, विद्यालय, पंचायत भवन, स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र, सार्वजनिक स्थलों, सड़क किनारे, नदियों, नालों तथा अमृत सरोवरों के आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, स्वच्छ वायु, जैव विविधता और जलवायु संतुलन के सबसे प्रभावी माध्यम हैं।

उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों, पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं, स्वयं सहायता समूहों, किसानों, युवा संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, उद्योग एवं व्यापार जगत तथा सामाजिक व धार्मिक संगठनों से अभियान को जनआंदोलन बनाने की अपील की।

साथ ही संबंधित विभागों को पौधों की उपलब्धता, रोपण स्थलों की तैयारी, गड्ढों की खुदाई तथा पौधों के संरक्षण की समुचित व्यवस्था समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि प्रत्येक परिवार अपनी मां के सम्मान में एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल का संकल्प ले, तो भदोही ही नहीं बल्कि पूरा प्रदेश हरित और समृद्ध बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा।

मिर्जापुर में तालाब से मिले 31 पासपोर्ट

घटनास्थलः तुलापुर गांव, कछवां थाना क्षेत्र, मिर्जापुर (उत्तर प्रदेश) क्या है पूरा मामला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मिर्जापुर के कछवां थाना क्षेत्र के तुलापुर गांव में उस समय सनसनी फैल गई, जब स्थानीय मछुआरे एक तालाब में मछली पकड़ने गए थे। मछुआरों ने जब तालाब में जाल डाला, तो मछली की जगह उनके जाल में एक भारी बोरी फंस गई। मछुआरों ने जब बोरी को बाहर निकालकर खोला, तो वे दंग रह गए। बोरी के अंदर भारी मात्रा में गिट्टी (कंक्रीट) भरी हुई थी और उसी गिट्टी के बीच में 31 पासपोर्ट छिपाकर रखे गए थे। बोरी में गिट्टी इसलिए भरी गई थी ताकि वह भारी होकर तालाब की तलहटी में डूब जाए और कभी किसी के हाथ न लगे।

विदेश भेजने वाले एजेंटों पर गहराया शक

इतनी बड़ी संख्या में पासपोर्ट मिलने से नौकरी के नाम पर विदेश भेजने वाले फर्जी एजेंटों और मानव तस्करी/ठगी करने वाले गिरोह की भूमिका पर गहरा संदेह जताया जा रहा है।

आशंका है कि: धोखाधड़ी का मामला: एजेंटों ने युवाओं से विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर पासपोर्ट और मोटी रकम ऐंठी होगी।

सबूत मिटाने की कोशिश: काम न होने या कानूनी कार्रवाई/पुलिस के डर से बचने के लिए,एजेंटों ने इन सभी पासपोर्ट्स को एक साथ गिट्टी भरी बोरी में बांधकर तालाब में फेंक दिया ताकि सबूत मिटाया जा सके। **पुलिस की कार्रवाई** तालाब से पासपोर्ट मिलने की सूचना पर कछवां थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और सभी 31 पासपोर्ट को जब्त कर लिया। पुलिस अब इन पासपोर्ट पर दर्ज पतों और नामों के आधार पर उनके धारकों से संपर्क करने की कोशिश कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि उनके साथ किसने और किस तरह की धोखाधड़ी की है। पुलिस इस पूरे गिरोह का पर्दाफाश करने की जांच में जुट गई है।

फलदार पौधों का विद्यालय में हुआ सघन रोपण

चुनार, मीरजापुर। क्षेत्र के सिंघोरा गांव स्थित आर्यावर्त माध्यमिक विद्यालय में वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत एक वृक्ष मां के नाम अभियान के तहत मंगलवार को आम के पौधों का सघन रोपण किया गया।वन विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय परिसर में दर्जनों आम के पौधे लगाए गए।वन विभाग द्वारा आम बहार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत विद्यालय के बच्चों के लिए आम भंडारा कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।इस दौरान पौधरोपण के महत्व पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य श्रीश द्विवेदी ने कहा कि पौधे हमारे जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी है। पौधों के बिना पर्यावरण को स्वस्थ्य नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने छात्रों का आह्वान किया कि सभी छात्र विद्यालय परिसर के अलावा अपने घर के बाहर पड़ी खाली जमीन में पौधरोपण कर उसका संरक्षण करें। इस अवसर पर वन दरोगा अरूण तिवारी, सीताराम सोनकर एवं कांता प्रसाद पाल ने भी अपना विचार व्यक्त किया। इस दौरान संतोष कुमार दुबे, अखिलेश कुमार सिंह, चंद्रावती देवी, आशा देवी, सावित्री देवी सहित बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

नंबर वन बनेगी मातृशक्ति- गंगा धाकड़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश- मातृशक्ति विश्व हिंदू महासंघ संगठन का एक प्रमुख स्तंभ है, जो उत्तर प्रदेश की यशस्वी मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर लोक संन्यासी महंत योगी आदित्यनाथ महाराज के हिंदुत्व व विकास के प्रति पूरी तरह से समर्पित है। उक्त बातें विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेश मातृशक्ति प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष गंगा धाकड़ ने एक वर्चुअल बैठक कहीं। गंगा धाकड़ ने कहा कि,हमें मेनबॉडी के विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेश के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति के साथ मिलकर विश्व हिंदू महासंघ संगठन को आगे बढ़ाना है।बैठक का संचालन कर रहीं विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेश मातृशक्ति प्रकोष्ठ की प्रदेश महामंत्री संगीता मिश्रा ने विश्व हिंदू महासंघ संगठन के विस्तार हेतु क्षेत्रीय अध्यक्षों को नियुक्ति, निष्कासन व पद परिवर्तन का अधिकार भी दे दिया। संगीता मिश्रा ने जोर देकर यह भी कहा कि, किसी को भी विश्व हिंदू महासंघ संगठन में जोड़ने या हटाने से पहले मातृशक्ति प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष गंगा धाकड़ की अनुमति जरूरी है।क्षेत्रीय अध्यक्ष गण आशा सभरवाल, आशा शर्मा व नीलम गिरी ने कहा कि, हमें मेन बॉडी के मंडल प्रभारियों व जिला अध्यक्षों से राय परामर्श करके ही विश्व हिंदू महासंघ संगठन का विस्तार करना चाहिए।

क्षेत्रीय महामंत्री गण सुनीता मेहता व प्रज्ञा श्रीवास्तव ने कहा कि हम अध्यक्ष व महामंत्री एक-एक संभाग लेकर विश्व हिंदू महासंघ संगठन को गांव स्तर तक मजबूत बना सकती हैं। उक्त के अतिरिक्त विंध्यवासिनी प्रजापति,पुष्पलता सिंह, अनीता द्विवेदी, नीलम राणा,रेनू गुप्ता, दीपमाला शर्मा, दृष्टि त्यागी व निशा माहेश्वरी ने कहा कि, हमें 30 जुलाई तक सभी जनपदों में जिला अध्यक्षों के नियुक्ति कर लेनी चाहिए। मेन बॉडी के क्षेत्रीय अध्यक्ष श्याम बाबू शर्मा ने कहा कि हमें प्रकोष्ठों के साथ मिलकर विश्व हिंदू महासंघ संगठन को मजबूत बनाना है। बैठक में उपस्थित विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेश के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति ने मातृशक्ति की प्रदेश अध्यक्ष व महामंत्री के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मातृशक्ति ने सबसे पहले अपने क्षेत्रीय अध्यक्षों व महामंत्रियों की बैठक कराके मेनबॉडी व प्रकोष्ठों को प्रोत्साहित किया।

अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास में प्रवेश आवेदन आमंत्रित

31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन करने का अवसर, पात्र छात्र उठाएं लाभ

सोनभद्र/उत्तर प्रदेश- जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने अवगत कराया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय अनुसूचित जाति (बालक) छात्रावास में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। अनुसूचित जाति वर्ग के पात्र छात्र निर्धारित अवधि के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर छात्रावास सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी समाज कल्याण विभाग की आधिकारिक वेबसाइट https://upswdhms.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ आवश्यक अभिलेख एवं प्रमाण-पत्र भी ऑनलाइन अपलोड करना अनिवार्य होगा। पात्रता एवं चयन शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार किया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक छात्र समय रहते आवेदन कर किसी भी असुविधा से बचें। अधिक जानकारी एवं सहायता के लिए कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, सोनभद्र अथवा मोबाइल नंबर 8077913747 पर संपर्क किया जा सकता है।

संक्षिप्त खबरें

नेपाल ले जाते ई रिक्शा पर लदा खाद्य सामग्री व दो अभियुक्तों को पुलिस ने पकड़ा

लोटन (सिद्धार्थनगर)। लोटन कोतवाली क्षेत्र के बढ़ारा गांव के पास मंगलवार को थाना कोतवाली लोटन पुलिस टीम द्वारा 325 चन रिफाइंड तेल (45 गत्ता 650 ML को × 05 गत्ता 325 ML को) व 50 चन नमक (02 बोरी) के साथ एक अभियुक्त को व ई-रिक्शा के साथ बढ़ारा गांव से नेपाल राष्ट्र को जाने वाली पकडण्डी से इण्डो नेपाल बॉर्डर पर चेकिंग के दौरान बरामद किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त प्रवीन प्रजापति पुत्र सुरेश प्रजापत ग्राम धरमौली जबकि कि दूसरा अभियुक्त दुर्गेश यादव पुत्र रामवृक्ष यादव ग्राम हरखंशपुर अभियुक्त थाना कोतवाली लोटन का निवासी है। उक्त अभियुक्त द्वारा भी एक ई-रिक्शे पर बीती रात भारत नेपाल सीमा के पीलर संख्या 539 के पास से 750किग्रा0 चीनी, 315किग्रा0मैदा, 60किग्रा0सोयाबीन,19-2किग्रा0तील का तेल,107किग्रा0रिफाईन्ड तेल बरामद किया।पुलिस ने बरामद सामान व पकड़े गए अभियुक्तों को विधिक कार्रवाई के लिए कस्टम कार्यालय ककरहवा भेज दिया।

नैवियर घास की जड़े उपलब्ध कराने की योजना शुरू, 20 लाभार्थियों का होगा चयन

प्रतापगढ़। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी राम शब्द ने बताया है कि प्रदेश सरकार द्वारा पशुओं को वर्ष भर हरे चारे की उपलब्धता कराने के उद्देश्य से नेवियर घास की जड़े रूट स्लिप उपलब्ध कराने की योजना प्रारम्भ की गयी है। योजना दो वर्ष तक संचालित की जानी है। पंजीकृत गोशाला गौआश्रम स्थल, इच्छुक कृषक पशुपालक, गैर सरकारी सस्था, एफ0पी0ओ0, स्वयं सहायता समूह के इच्छुक लाभार्थी जिनके पास 0.2 हेक्टेयर सिंचित भूमि हो तथा आवागमन के साधन हो, ऐसे आवेदक लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन कर सकते है। विभाग द्वारा संचालित याजनाओं से लाभान्वित लाभार्थी भी आवेदन कर सकते है। चयनित लाभार्थी को नैवियर घास की जड़े/रुट स्लिप निःशुल्क उपलब्ध करायी जायेगी, जिसे एक वर्ष पश्चात उपलब्ध करायी गयी जड़ो को दुगुनी मात्रा में वापस देने हेतु लाभार्थी द्वारा सहमति-पत्र लिया जायेगा, जिसे दोगुने नये लाभार्थी को पात्रता के अनुसार निःशुल्क प्राप्त कराया जायेगा।उन्होने बताया है कि आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, भूमि के स्वामित्व का प्रमाण (खसरा खतौनी एव अन्य सम्बन्धित प्रमाण पत्र), बैंक पासबुक की छायाप्रति स्वप्रमाणित होनी चाहिये। इच्छुक पात्र व्यक्ति अधिक जानकारी हेतु अपने निकटतम पशु चिकित्सालय/ मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है।

बालिका की मौत से कोहराम, इलाज में लापरवाही को लेकर बिफरे परिजन

लालगंज, प्रतापगढ़। बालिका की इलाज के दौरान मौत को लेकर यहां परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बालिका की मौत के लिए, चिकित्सीय लापरवाही को लेकर भी आरोप लगाया है। लालगंज कोतवाली के बोधी का पुरवा निवासी शरद सिंह की पुत्री शिवानी 10 को गले में दर्द की शिकायत थी। परिजन उसे पड़ोसी जिले रायबरेली में शहर स्थित एक नर्सिंग होम में उन्तीस जून को इलाज के लिए ले गये। वहां चिकित्सकों ने उसका आपरेशन किया। आपरेशन के बाद परिजनों का आरोप है कि दर्द से कराह रही शिवानी को कोई इंजेक्शन लगाया गया। इसके बाद बालिका बेहोश हो गयी। अस्पताल में वेंटीलेटर के अभाव में उसे रेफर कर दिया गया। परिजन उसे लेकर लखनऊ अपोलो अस्पताल पहुंचे। यहां मंगलवार की सुबह शिवानी की सांसे थम गयी। मौत की खबर घर पहुंची तब परिजनों में कोहराम मच गया। रायबरेली के निजी अस्पताल में लापरवाही को लेकर पीड़ित परिवार ने वहां के डीएम व सीएमओ को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार की है।

दो बेटियां लापता, अपहरण का केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। पिता की डांट फटकार से क्षुब्ध दो बेटियों के अचानक लापता होने से परेशान पिता ने लालगंज पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के नेताजीपुरम निवासी संदीप कुमार सोनी पुत्र रामलखन ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती छः जुलाई को उसने अपनी पुत्री राधा 18 तथा रोशनी 15 को किसी बात पर डांट दिया था। इससे क्षुब्ध होकर दोनो बेटियां घर से कहीं चली गयी। पीड़ित ने बेटियों के साथ अप्रिय घटना की आशंका जतायी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

खेल मैदान की जमीन नापने गई टीम का विरोध

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

रतनपुर/महराजगंज। जिलाधिकारी के निर्देश पर नौतनवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रतनपुर में खेल मैदान की भूमि की पैमाइश करने पहुंची तहसील प्रशासन की टीम को ग्रामीणों के भारी विरोध और विवाद के कारण बिना नापी किए ही बैरंग वापस लौटना पड़ा।ग्रामीण युवाओं के खेलकूद और शारीरिक विकास के लिए ग्राम पंचायत रतनपुर में एक खेल मैदान का निर्माण प्रस्तावित है। इसके लिए जमीन का चिन्हांकन और पैमाइश कराने के उद्देश्य से ग्राम प्रधान उपजिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र सौंपकर प्रशासनिक मदद मांगी थी। दूसरी तरफ, गांव के ही एक अन्य पक्ष ने उक्त प्रस्तावित भूमि पर खेल मैदान बनाए जाने का कड़ा विरोध किया था। इस संबंध में विपक्ष के लोगों ने जिलाधिकारी के समाधान दिवस में एक शिकायती पत्र देकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी और पैमाइश रोकने की मांग की थी। दोनों पक्षों के दावों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने मामले की निष्पक्ष जांच और भूमि विवाद के निस्तारण के निर्देश दिए थे। जिलाधिकारी के इसी आदेश के अनुपालन में मंगलवार को एसडीएम नवीन प्रसाद के नेतृत्व में तहसील प्रशासन की एक उच्चस्तरीय टीम भारी पुलिस बल के साथ रतनपुर गांव पहुंची। टीम जैसे ही तय जमीन को नापने के लिए आगे बढ़ी, तभी दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई और देखते ही देखते मौके पर भारी विवाद की स्थिति पैदा हो गई। माहौल में बढ़ते तनाव और दोनों पक्षों के अड़ियल रुख को

देखते हुए एसडीएम ने पैमाइश की प्रक्रिया को फिलहाल रोकने का निर्णय लिया, जिसके चलते पूरी टीम को बिना जमीन का चिन्हांकन किए ही मौके से वापस आना पड़ा। इस प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान मौके पर तहसीलदार कर्णसिंह, नायब तहसीलदार सौरभ श्रीवास्तव, लेखपाल प्रियांशु सिंह और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सतीश कुमार सिंह सहित भारी संख्या में तहसील कर्मचारी, स्थानीय पुलिस और बड़ी तादाद में ग्रामीण मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

उसका बाजार (सिद्धार्थनगर)। उस्का बाजार थाना के सेमरहना गांव के टोला भठिया में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव मिला है। मंगलवार भोर में शौच के लिए निकले ग्रामीणों ने गांव के बाहर बाग में पेड़ पर शव लटकता देख पुलिस को सूचना दी। युवक की पहचान दीनानाथ उर्फ ध्रुव यादव (21)पुत्र हरीराम के रूप में हुई है। वह दिल्ली में रहता था और गांव वापस कब आया, किसी को नहीं जानकारी है। स्वजन ने युवक कि हत्या कर फंदे पर शव लटका उसे आत्महत्या का स्वरूप देने का आरोप लगाया है।

उस्का बाजार थाना के भठिया गांव निवासी युवक ध्रुव यादव कि मां प्रभावती ने आरोप लगाया कि उसके तीन पुत्र में यह सबसे छोटा है। सभी पुत्र रोजी-रोटी के लिए बाहर रहते हैं। अविवाहित ध्रुव यादव भी दिल्ली में काम करता था। गांव की एक युवती से उसकी मित्रता थी।दोनों अक्सर फोन पर बात भी करते रहे। इसी बात को लेकर युवती के परिवार से विवाद भी हो चुका है। ध्रुव यादव कब दिल्ली से गांव आया किसी को नहीं मालूम है। वहां से आने के बाद घर भी नहीं पहुंचा।उसका मोबाइल भी स्विच आफ था, इसलिए बात भी नहीं हो सकी। भोर में गांव के लोगों ने पेड़ पर फंदे से लटकते उसके शव को देख सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि फंदे पर लटकता युवक का शव मिला है। पुलिस मामले कि जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत का स्पष्ट होगा। तहरीर मिलने पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करेगी।

विरारी में जमीनी विवाद को लेकर बुजुर्ग किसान को धमकी

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम विरारी में जमीनी विवाद को लेकर एक बुजुर्ग किसान को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने गांव के ही चार नामजद आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में ग्राम विरारी निवासी कन्छेदी पुत्र विज्जा ने बताया कि वह ग्राम स्थित आराजी संख्या 893/2 पर वर्ष 1991 से लगातार काबिज है और उसी भूमि पर खेती कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनका आरोप है कि पड़ोसी पिछले कई महीनों से उनकी भूमि पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं तथा खेती करने में लगातार बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। 4 जुलाई की शाम करीब पांच बजे वह अपनी जमीन पर कृषि कार्य के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान गांव के कुछ लोग वहां आ गए और गाली-गलौज करने लगे।

हज-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू, 20 जुलाई तक निःशुल्क भरे जाएंगे फार्म

प्रतापगढ़। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी छोटेलाल ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया मुम्बई द्वारा हज-2027 के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक आवेदक हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट https://www.hajcommittee.gov.in एवं हज सुविधा ऐप के माध्यम से 20 जुलाई की रात्रि 11:59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जनपद प्रतापगढ़ में हज आवेदकों की सुविधा के लिए दो निःशुल्क हज ई-सुविधा केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनमें मदरसा दारूल उलूम गुलशने मदीना पल्टन बाजार, प्रतापगढ़ तथा मदरसा दारूल उलूम बाज-ए-अशहब बरई कुण्डा, प्रतापगढ़ शामिल हैं, जहां आवेदन प्रक्रिया में सहायता प्रदान की जाएगी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि हज-2027 के लिए केवल मशीन पठित पासपोर्ट ही मान्य होंगे। पासपोर्ट की वैधता 31 दिसंबर 2027 तक होना अनिवार्य है। आवेदन के समय पासपोर्ट आकार का फोटो, पासपोर्ट के प्रथम एवं अंतिम पृष्ठ की प्रति, आवासीय प्रमाण पत्र, बैंक खाते का विवरण, कैंसिल चेक अथवा बैंक पासबुक की प्रति ऑनलाइन अपलोड करनी होगी।

राममंदिर में चढ़ावा चोरी की घटना के विरोध में कांग्रेस ने निकाली सद्बुद्धि यात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रतापगढ़। राम मंदिर में चढ़ावा चोरी की घटना के विरोध में मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी प्रतापगढ़ द्वारा जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में 'सद्बुद्धि पदयात्रा' का आयोजन किया गया। अम्बेडकर चौराहे, पुलिस लाइन, राजापाल टंकी चौराहे से ट्रेजरी चौराहा स्थित श्री हनुमान मन्दिर पहुँच कर सुन्दर काण्ड पाठ एवं श्री हनुमान चालीसा का पाठ कर कार्यक्रम का समापन किया गया।जहां भगवान श्रीराम से दोषियों एवं सत्ता में बैठे लोगों को सद्बुद्धि प्रदान करने की प्रार्थना की गई।इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि भगवान श्रीराम पूरे देश की आस्था के केंद्र हैं और मंदिरों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। सरकार श्री राम मंदिर साइन बोर्ड का गठन क्यों नहीं कर रही है जबकि श्री राम मंदिर ट्रस्ट के लोगों द्वारा 70 बार चोरी की गई।जिला उपाध्यक्ष राम लवट यादव ने कहा कि राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में निष्पक्ष, पारदर्शी एवं उच्चस्तरीय जांच तथा दोषियों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

जिला उपाध्यक्ष इंद्रानंद तिवारी ने कहा कि संघ-भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आशीर्वाद प्राप्त कर चंपत राय की चंडाल चौकड़ी ने गरीब जनता द्वारा चढ़ाए गए प्रभु श्री राम के चढ़ावे, आभूषण, दान और शिलाओं को लूट लिया।इस अवसर पर कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, महेन्द्र शुक्ला, विजय शंकर त्रिपाठी, अभय प्रताप सिंह, वीपी त्रिपाठी, मासूम हैदर, प्रदीप द्विवेदी, प्रशांत सिंह प्रिशु, यश द्विवेदी, मो. इस्तियाक, सरोज कश्यप,सुरेश शुक्ला, सरोज, डॉ दीपक त्रिपाठी, भवानी शंकर दुबे, मोहम्मद वसीम, मकरंद शुक्ला, सोनी तिवारी, फतेह बहादुर सिंह, सुरेश कुमार मिश्रा, राम रतन तिवारी, अभय किशोर त्रिपाठी, अशोक सिंह, उमेश तिवारी, राधेश्याम दुबे, रविंद्र मिश्रा, धर्मराज सिंह, सुरेश दुबे, रवि प्रताप सिंह, धर्मराज सिंह, इंद्रदेव पांडे, नूर आलम,फरीद भाई, जमाल, सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

एसटीएफ मुठभेड़ में एक लाख का इनामी कुख्यात डकैत ढेर

» तीन राज्यों में 21 संगीन मुकदमे दर्ज, बेवाना क्षेत्र में हुई कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

अंबेडकरनगर। उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने मंगलवार तड़के अंबेडकरनगर जिले के बेवाना थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक लाख रुपये के इनामी कुख्यात डकैत विक्की उर्फ आसिम अली उर्फ नक्शे अली उर्फ पेदा को मुठभेड़ में मार गिराया। आरोपी पर उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा में डकैती, हत्या सहित 21 संगीन मुकदमे दर्ज थे। पुलिस के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 3:45 बजे एसटीएफ की टीम ने अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मिश्र के नेतृत्व में बेवाना थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव के पास स्थित तालाब के निकट घेराबंदी की। इस दौरान बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। एसटीएफ के मुताबिक मारा गया अपराधी छैमार डकैती गिरोह का सक्रिय सदस्य था। यह गिरोह उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा के विभिन्न जिलों में डकैती एवं लूट की वारदातों को अंजाम देता था। पुलिस का कहना है कि विरोध करने पर गिरोह कई मामलों में गृहस्वामियों की हत्या तक कर देता था। एसटीएफ ने बताया कि विक्की वर्ष 2006 से आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय था और उसके खिलाफ डकैती, हत्या, हत्या के प्रयास तथा अन्य गंभीर धाराओं में 21 मुकदमे दर्ज थे। वह लंबे समय से फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था।

पुलिस के अनुसार खुफिया सूचना के आधार पर पता चला था कि गिरोह के सदस्य इन दिनों अंबेडकरनगर जिले में सक्रिय हैं। इसी सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसटीएफ ने घेराबंदी कर उसे मुठभेड़ में मार गिराया। जांच में यह भी सामने आया कि वर्ष 2014 में

जौनपुर जिले के शाहगंज क्षेत्र में एक परिवार के घर हुई चर्चित डकैती में भी वह शामिल था। उस घटना में परिवार के छह लोगों पर धारदार हथियारों से हमला किया गया था, जिनमें से तीन की बाद में मृत्यु हो गई थी। एसटीएफ के अनुसार ऐसी कई अन्य वारदातों में भी गिरोह की संलिप्तता सामने आई है, जिनमें घायल लोगों ने बाद में दम तोड़ दिया।मौके से एसटीएफ ने एक अवैध असलहा, 20 से अधिक कारतूस, एक मोटरसाइकिल तथा अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

अयोध्या में चंदा चढ़ावा में लूट भगवान श्रीराम के भक्तों के साथ विश्वासघात- प्रमोद तिवारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लालगंज, प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के दरबार में जिस तरह की लूट की गयी है यह सीधे तौर पर भगवान श्रीराम के भक्तों के साथ विश्वासघात है। उन्होने कहा कि अयोध्या में एक सौ चौबीस करोड़ रूपये भगवान श्रीराम के मन्दिर के उदघाटन प्राण प्रतिष्ठा समेत विविध कार्यक्रमों में खर्च कर दिए गए। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि जन्मभूमि पर झण्डा फहराने के लिए दस करोड़ रूपये और पाण्डाल लगाने के नाम पर एक सौ चौदह करोड़ रूपये खर्च किये गये। उन्होने कहा कि इन कार्यक्रमों के नाम पर इतनी बड़ी धनराशि के खर्च होने को लेकर एसआईटी के द्वारा भी ट्रस्ट के नियमों के अनुरूप सत्यापन की प्रक्रिया से भी इतनी बड़ी धनराशि का खर्च किया जाना समझ से परे है। उन्होने कहा कि कार्यक्रमों के नाम पर करोड़ों की धनराशि को मनमाना खर्च करना भी खुली लूट को जाहिर करता है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने 1980 में बतौर प्रदेश के तत्कालीन पर्यटन मंत्री के रूप में श्रीराम कथा पार्क के निर्माण में स्वयं के योगदान का जिक्र करते हुए कहा कि आज श्रीराम जन्मभूमि पर आस्था को ताक पर रखकर इस प्रकार की लूट और डकैती का दृश्य श्रीराम भक्तों के साथ हर देशवासी के लिए पीड़ाजनक है। उन्होने कहा कि इंसान के साथ धोखा तो भगवान माफ भी कर सकते हैं पर जिन्होंने स्वयं भगवान श्रीराम के साथ धोखा और पाप किया है उन्हें दुनिया में कोई नहीं माफ कर सकता है। उन्होने ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविन्ददेव गिरि को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जिन पर कोष की रक्षा व देखरेख की जिम्मेदारी है उनके रहते भगवान श्रीराम के चंदे चढ़ावे में चोरी हो गयी। उन्होने कहा

कि जिम्मेदारी तय करने की जगह आश्चर्य है कि कोषाध्यक्ष गोविन्ददेव प्रेस कान्फ्रेंस के जरिए इस प्रकरण के सबसे चर्चित मुख्य आरोपी चंपत राय तथा अनिल मिश्र का बचाव कर रहे हैं।उन्होने कहा कि भगवान श्रीराम का मन्दिर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से बना है।उन्होने कहा कि भाजपा ने भगवान श्रीराम का मन्दिर नहीं बनवाया है। सांसद प्रमोद तिवारी का बयान मंगलवार को यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत किया गया है।

पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी: पूर्व मंत्री सतीश द्विवेदी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बिस्कोहर (सिद्धार्थनगर)। नगर पंचायत बिस्कोहर में मंगलवार को 77 वां वन महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री डॉ सतीश चंद द्विवेदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं , वरिष्ठ नेताओं के साथ पौधरोपण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री डॉ सतीश द्विवेदी ने कहा कि यह हर वर्ष 1 जुलाई से 7 जुलाई तक मनाया जाता है। वर्ष 2026 में यह 77वां वन महोत्सव है, जो पूरे देश में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान के रूप में आयोजित हो रहा है। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता संरक्षण और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए जन-जागरूकता फैलाना है। इसे जुलाई के पहले सप्ताह में स्थानांतरित किया क्योंकि इस समय मानसून आता है, जिससे रोपे गए पौधों की दर बढ़ जाती है। शुरू में यह एक आंदोलन था, जो धीरे-धीरे पूरे देश का त्योहार बन गया।

2026 में वन महोत्सव 'एक पेड़ माँ के नाम 3.0' अभियान के तहत मनाया जा रहा है। 'आम बहार, आपके द्वार' जैसी योजनाओं के तहत फलदार पौधे घर-घर पहुंचाए जा रहे हैं। वन महोत्सव केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है। यह पर्यावरणीय संतुलन, मिट्टी संरक्षण, जल संरक्षण और वायु शुद्धिकरण का प्रतीक है। प्रत्येक नागरिक को कम से कम एक पेड़ लगाने और उसे बचाने का संकल्प लेना चाहिए। यदि हम सभी लोगों के द्वारा आज पौधे लगाएंगे, तो आने वाली पीढ़ियां कल हरा भरा वातावरण में सांस लेंगी। इस वन महोत्सव को एक सप्ताह का कार्यक्रम न बनने दें, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा बना दें। एक पेड़ लगाओ, पृथ्वी बचाओ ,यह नारा केवल शब्द नहीं, बल्कि हमारा भविष्य है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अजय गुप्ता, बिस्कोहर मंडल अध्यक्ष कुंवर मिश्रा, खेमराज, गौकर्ण पाठक, शिवजी तिवारी, राजमणि दुबे, सभासद सत्य नारायण दुबे, वन विभाग के रेंजर, वन दरोगा, वन रक्षक, अखिलेश अवस्थी, राजू सिंह, गणेश वरुण मनीराम प्रजापति संदीप चौरसिया, कन्हैया वरुण, मिंटू मिश्रा, साधू अवस्थी आदि उपस्थित रहें।

घर से खेलते खेलते निकला मासूम रोटावेटर में फंसकर मौत

सिद्धार्थनगर। खेलते- खेलते एक मासूम बच्चा घर के बाहर खड़े रोटावेटर के पास पहुंच गया। बताया जाता है कि वह उसी में फंस गया। दम घुटने से उसकी मृत्यु हो गई। इटवा थाना क्षेत्र के इटवा कस्बे में सोमवार रात हृदयविदारक घटना हुई है। मासूम सरफराज(4) पुत्र मुश्ताक रात करीब आठ बजे घर से खेलते-खेलते कहीं निकल गया था। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटा तो स्वजन चिंतित हो उठे। आसपास उसकी तलाश शुरू की गई। रिश्तेदारों और स्थानीय लोगों ने भी अपने-अपने स्तर पर अलग-अलग स्थानों पर खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। रात करीब नौ बजे सूचना मिली कि एक बच्चा मैदान में खड़े रोटावेटर में फंसा हुआ है। स्वजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे तथा गंभीर अवस्था में सरफराज को बाहर निकालकर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटवा ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चूंकि शरीर पर कहीं भी चोट के निशान नहीं थे, इसलिए माना जा रहा है कि मासूम खेलते-खेलते रोटावेटर के पास पहुंच गया और उसके नीचे फंस गया। दम घुटने से उसकी मृत्यु हो गई। मासूम की मौत की सूचना मिलते ही स्वजन शोक में डूब गए। माता-पिता सहित अन्य स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग अस्पताल और पीड़ित परिवार के घर पहुंच गए।

पेड़ से टकराया अनियंत्रित डंपर धू धू कर जला, चालक ने कूदकर बचाई जान

गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर

लालगंज (रायबरेली)। कोतवाली क्षेत्र के डलमऊ रोड पर टुकरा गांव के पास मंगलवार को एक तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि डंपर में आग लग गई। हादसे से मौके पर अफरा तफरी मच गई। डंपर बांदा जनपद के तिंदवारी थाना क्षेत्र के जोहरापुर गांव निवासी बुद्धिलाल (35) पुत्र फूलचंद चला रहे थे। वह मौरंग लेकर लालगंज की ओर आ रहे थे। टुकरा मजरे चांदा टीकर गांव के पास अचानक डंपर अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। टक्कर में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं क्लीनर ने भी समय रहते वाहन से कूदकर अपनी जान बचा ली। हादसे के तुरंत बाद डंपर में भीषण आग लग गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक डंपर का अगला हिस्सा बुरी तरह जल चुका था। पुलिस ने घायल चालक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

स्कूल चलो और संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत विद्यालयों ने निकाली जागरूकता रैलियां

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बलरामपुर। जनपद में बच्चों के शत-प्रतिशत नामांकन, नियमित विद्यालय उपस्थिति तथा संचारी रोगों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को स्कूल चलो अभियान एवं विशेष संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान के तहत विभिन्न विकास खंडों के विद्यालयों द्वारा जागरूकता रैलियां निकाली गईं। विकास खंड पचपेड़वा के कंपोजिट विद्यालय औरहवा, उच्च प्राथमिक विद्यालय अचकवापुर तथा कंपोजिट विद्यालय कोहरगड्डी के विद्यार्थियों ने गांवों में रैली निकालकर अभिभावकों से अपने बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने और नियमित रूप से स्कूल भेजने की अपील की। बच्चों ने शिक्षा के महत्व से जुड़े आकर्षक नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। वहीं, विकास खंड रेहरा बाजार के प्राथमिक विद्यालय तेंदुआ भानपुर में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत रैली निकाली गई। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने ग्रामीणों को घर और आसपास साफ-सफाई रखने, जलभराव रोकने, मच्छरों से बचाव करने तथा बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सकीय सलाह लेने का संदेश दिया। इसी क्रम में विकास खंड गैंसड़ी के प्राथमिक विद्यालय सोनगढ़ा एवं कंपोजिट विद्यालय विशुनपुर कला में भी संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली आयोजित की गई। वहीं रेहरा बाजार

के कंपोजिट विद्यालय मुबारकपुर, किरतापुर और खम्हरिया के विद्यार्थियों ने दस्तक अभियान के तहत जनजागरूकता रैली निकालकर स्वच्छता और संचारी रोगों की रोकथाम के प्रति लोगों को जागरूक किया।

विकास खंड गैंडास बुजुर्ग के प्राथमिक विद्यालय परैला माफी में स्कूल चलो अभियान और संचारी रोग नियंत्रण अभियान की संयुक्त रैली निकाली गई। विद्यार्थियों ने हाथों में जागरूकता तख्तियां लेकर गांव का भ्रमण किया और शिक्षा के साथ स्वास्थ्य के प्रति भी सजग रहने का आह्वान किया। जिला प्रशासन ने जनपदवासियों से अपील की है कि सभी अभिभावक अपने बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करें, उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजें तथा संचारी रोगों की रोकथाम के लिए स्वच्छता संबंधी उपाय अपनाते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। प्रशासन का कहना है कि ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रमों से शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक माहौल तैयार हो रहा है।

इटवा में राजस्व टीम ने की अवल संपति कुर्क

एसडीएम के आदेश पर कई गाटा संख्या जब्त, बिक्री व हस्तांतरण पर लगी रोक

सिद्धार्थनगर। इटवा तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम ने मंगलवार को उपजिलाधिकारी इटवा के आदेश पर ग्राम पिपरी महरी निवासी कुशलावती देवी पत्नी संकटा प्रसाद की अचल संपत्ति कुर्क कर दी। कुर्की के बाद संबंधित भूमि के हस्तांतरण, बिक्री, दान अथवा किसी भी प्रकार का प्रभार अर्जित करने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। प्रशासन के अनुसार यह कार्रवाई 11 जून 2026 को उपजिलाधिकारी इटवा द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में की गई। कुर्क की गई संपत्तियों में ग्राम सिहोरवा मिश्र, तप्पा हीर स्थित गाटा संख्या 115 (0.383 हे.), 116 (0.115 हे.), 120 (0.297 हे.), 121 (0.409 हे.), 122 (0.319 हे.) तथा 123 (0.060 हे.) शामिल हैं। इसके अलावा ग्राम पिपरी महरी स्थित गाटा संख्या 145 (0.051 हे.), 167 (0.243 हे.), 245 (0.043 हे.), 49 (0.034 हे.), 50 (0.069 हे.) तथा 54 (0.276 हे.) को भी कुर्क किया गया है।

नंद के आनंद भयो... कृष्ण जन्म प्रसंग से गूंजा कथा पंडाल

कृष्ण जन्म प्रसंग सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लालगंज (रायबरेली)। डलमऊ रोड बाईपास स्थित एक उत्सव लॉन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठे दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्म का पावन प्रसंग सुनाया गया। कृष्ण जन्म का प्रसंग आते ही पूरा कथा पंडाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालु भक्ति में डूब गए और वातावरण भक्तिमय हो गया। कथा व्यास मुनि चैतन्य जी महाराज ने कहा कि जब जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण केवल एक अवतार ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व के गुरु हैं। उन्होंने अजामिल का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भगवान के नाम का सच्चे मन से स्मरण करने वाला व्यक्ति भी भवसागर से पार हो सकता है। नाम की महिमा ही मनुष्य के जीवन का सबसे बड़ा सहारा है। कथा व्यास

ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के जन्म लेते ही कारागार के बंधन टूट गए। पहरेदार गहरी निद्रा में सो गए और पूरा वातावरण दिव्य आनंद से भर गया। यह प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा व्यास ने बताया कि गर्गाचार्य ने भगवान श्रीकृष्ण और बलराम का नामकरण किया था। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के नाम का स्मरण अनेक जन्मों के पापों का नाश करता है। इस अवसर पर बाराती लाल यादव, प्रभाकर सविता, शिवा यादव, मनीष जायसवाल, उमाशंकर सिंह, हनुमान यादव, रामचंद्र मिश्रा, बलराम, राजन यादव, मुन्ना, अंकित, सुरेश, गरिमा, सोमाधर्मदास, पूजा, आरती, सुनीता, राजेंद्र, अर्जुन यादव, डॉ. सुंदर यादव, हृदयेश कुमार, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

ग्राम समाज की बंजर भूमि पर अवैध कब्जे के आरोप में मुकदमा दर्ज, एसडीएम के आदेश पर कार्रवाई

महराजगंज/रायबरेली। तहसील क्षेत्र के ग्राम पूरे अचली, परगना सेमरौता स्थित ग्राम समाज की बंजर भूमि पर कथित अवैध कब्जा कर निर्माण करने के मामले में महराजगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। लेखपाल संदीप यादव द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार, ग्राम पूरे अचली की गाटा संख्या 507 (घूर गड्ढा) एवं 522 राजस्व अभिलेखों में बंजर भूमि के रूप में दर्ज हैं। आरोप है कि गांव निवासी सुनील कुमार पुत्र कन्हैयालाल ने उक्त भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया था। सूचना मिलने पर लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवा दिया, लेकिन आरोप है कि बाद में दोबारा निर्माण शुरू करा दिया गया। तहरीर में कहा गया है कि दोबारा मना करने के बावजूद निर्माण कार्य नहीं रोका गया। इसके बाद लेखपाल ने महराजगंज कोतवाली में तहरीर देकर विधिक कार्रवाई की मांग की।

राजस्व निरीक्षक की संस्तुति एवं उपजिलाधिकारी चंद्र प्रकाश गौतम के आदेश पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। उपजिलाधिकारी चंद्र प्रकाश गौतम ने बताया कि ग्राम समाज की सुरक्षित भूमि पर अवैध निर्माण की शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत के बाद हल्का लेखपाल से जांच कराई गई, जिसमें मामला सही पाया गया। इसके आधार पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। उन्होंने कहा कि जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

संक्षिप्त खबरें

किराना दुकान से 10 लाख की चरस बरामद, एक शातिर गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। किराना दुकान की आड़ में चुपचाप चल रहे नशे के कारोबार का बिहार एसटीएफ ने पर्दाफाश किया है। मुजफ्फरपुर में संयुक्त कार्रवाई के दौरान चार किलो चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 10 लाख रुपये आंकी गई है। अब पुलिस आरोपित के नेटवर्क और आपराधिक इतिहास की पड़ताल में जुट गई है। बिहार एसटीएफ की विशेष टीम ने मुजफ्फरपुर में बड़ी कार्रवाई करते हुए चार किलो चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपित की पहचान मुन्नू कुमार उर्फ मुन्नू साह के रूप में हुई है। कार्रवाई बिहार एसटीएफ और मुजफ्फरपुर जिले की औराई थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने की।

बिहार में 21 हजार करोड़ से सड़कों और पुलों का होगा कायाकल्प

मुजफ्फरपुर। बिहार में सड़कों और पुलों के बुनियादी ढांचे को विश्वस्तरीय बनाने के लिए राज्य सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। पथ निर्माण विभाग ने राज्य की गारंटी पर विभिन्न बैंकों और वित्तीय संस्थानों से कुल 21 हजार करोड़ रुपये का ऋण लेने की प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है। इस भारी-भरकम राशि के आवंटित होने से मुजफ्फरपुर सहित पूरे उत्तर बिहार में लंबित और निर्माणाधीन सड़क व पुल परियोजनाओं के काम में अभूतपूर्व तेजी आएगी। इस स्वीकृत राशि में से 15 हजार करोड़ रुपये बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड (BSRDCL) को और 6 हजार करोड़ रुपये बिहार राज्य पुल निर्माण निगम को दिए जाएंगे। विभाग ने इस संबंध में औपचारिक संकल्प जारी कर सभी संबंधित अधिकारियों को नियमों और शर्तों से अवगत करा दिया है।

मोक्ष नगरी गयाजी में बनेंगे भव्य प्रवेश द्वार, पितृपक्ष से पहले मिलेगा नया आकर्षक स्वरूप

गयाजी। गयाजी एक ऐतिहासिक और धार्मिक शहर के रूप में देश-विदेश में अपनी अलग पहचान रखता है। इसे मोक्ष की भूमि भी कहा जाता है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में पिंडदानी अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान करने पहुंचते हैं। ऐसे में शहर की धार्मिक महत्ता के अनुरूप इसे और आकर्षक व व्यवस्थित बनाने की दिशा में नगर निगम ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। अब गयाजी में प्रवेश करते ही तीर्थयात्रियों और आम लोगों को इस पवित्र नगरी का भव्य स्वागत देखने को मिलेगा। नगर निगम ने शहर के तीन प्रमुख स्थानों पर भव्य प्रवेश द्वार के निर्माण का निर्णय लिया है। इस योजना की सभी प्रशासनिक और तकनीकी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं और आगामी एक पखवारे के भीतर निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है। लक्ष्य है कि ये तीनों प्रवेश द्वार पितृपक्ष मेले से पहले तैयार हो जाएं, ताकि देश-विदेश से आने वाले तीर्थयात्रियों को शहर का एक नया और आकर्षक स्वरूप देखने को मिले।

बिहार में स्टेट हाईवे पर प्राइवेट गाड़ियों को टोल टैक्स से छूट, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का एलान

अररिया। पथ निर्माण विभाग के अधीन राज्य उच्च पथ (स्टेट हाईवे) व पुलों पर बिहार सरकार द्वारा टोल टैक्स लगाए जाने के निर्णय के बाद से आम लोग इसको लेकर काफी संशकति थे। लोगों को लग रहा था कि अब हर किसी वाहन चालकों से स्टेट हाईवे और पुलों पर टैक्स लिया जाएगा, जो सीधा उनकी जेब पर एक अतिरिक्त भाड़ होगा। हालांकि, मंगलवार को अररिया जिले के फारबिसगंज प्रखंड के हरिपुर पंचायत सरकार भवन परिसर में आयोजित सहयोग शिविर कार्यक्रम में शिरकत करते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने स्टेट हाईवे पर टोल टैक्स को लेकर सरकार की मंशा को स्पष्ट कर दिया। उन्होंने कहा कि स्टेट हाईवे पर टोल टैक्स को लेकर कोई भ्रम नहीं होना चाहिए। निजी वाहनों पर किसी प्रकार का टोल टैक्स नहीं लगेगा। केवल व्यवसायिक वाहनों से ही टैक्स लिया जाएगा।

बांकीपुर उपचुनावः प्रशांत किशोर को मिला 'बिहारी बाबू' शत्रुघ्न सिन्हा का साथ

पटना। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के राज्यसभा सदस्य बनने के बाद खाली हुई हाईप्रोफाइल बांकीपुर विधानसभा सीट का राजनीतिक तापमान लगातार बढ़ रहा है। हालांकि, उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (BJP) ने अब तक अपने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है, जबकि प्रमुख विपक्षी दल और अन्य पार्टियां उम्मीदवारों का एलान कर चुनावी मैदान में उतर चुकी हैं। भाजपा की ओर से कई नामों पर चर्चा तेज है। इनमें पार्टी नेता अजीत कुमार लाली और नील रतन घोष प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं। पार्टी नेतृत्व फिलहाल उम्मीदवार के चयन को लेकर मंथन में जुटा है। ऐसे में भाजपा के फैसले पर सभी राजनीतिक दलों और चुनावी विश्लेषकों की नजर टिकी हुई है। उधर, राष्ट्रीय जनता दल ने एक बार फिर रेखा कुमारी पर भरोसा जताते हुए उन्हें उम्मीदवार बनाया है। वहीं, जन सुराज से प्रशांत किशोर खुद चुनावी मैदान में उतर चुके हैं। जनशक्ति जनता दल ने वीणा मानवी को अपना प्रत्याशी बनाया है।

73 विद्यार्थियों को मिली साइकिल

मुख्यमंत्री उत्कृष्ट जेबीसी प्लस टू उच्च विद्यालय में कल्याण विभाग ने 73 छात्र-छात्राओं के बीच वितरित हुईं साइकिलें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

जामताड़ा, झारखंडः- मुख्यमंत्री उत्कृष्ट जेबीसी प्लस टू उच्च विद्यालय, जामताड़ा में मंगलवार को कल्याण विभाग की ओर से छात्र-हित में साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यालय के 73 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिलों का वितरण किया गया। साइकिल मिलने के बाद विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। विद्यार्थियों ने कहा कि इससे विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी और पढ़ाई नियमित रूप से जारी रखने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद अध्यक्ष दीपिका बेसरा, प्रखंड प्रमुख लुखीमुनी सोरेन तथा प्रमुख प्रतिनिधि आनंद टुडू ने संयुक्त रूप से विद्यार्थियों को साइकिल प्रदान कर किया। इस दौरान अतिथियों ने छात्रों को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। जिला परिषद अध्यक्ष दीपिका बेसरा ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार जनहितकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। सरकार की विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ विद्यार्थियों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि साइकिल वितरण योजना का मुख्य उद्देश्य दूर-दराज के गांवों से आने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि दूरी उनकी शिक्षा में बाधा न बने। उन्होंने विद्यार्थियों से साइकिल का सुरक्षित उपयोग करने और शिक्षा के प्रति समर्पित रहने की अपील की। प्रखंड प्रमुख लुखीमुनी सोरेन ने कहा कि शिक्षा समाज और राष्ट्र के विकास की सबसे मजबूत नींव है। सरकार विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि साइकिल मिलने से विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों का समय बचेगा और विद्यालय में उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित होगी। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड कल्याण पदाधिकारी जितेंद्र साहू ने कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि विभाग का उद्देश्य जरूरतमंद विद्यार्थियों तक सरकारी सुविधाओं को पारदर्शिता के साथ पहुंचाना है। उन्होंने छात्रों से सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाकर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रखंड कल्याण पर्यवेक्षक राजू प्रसाद भगत, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट जेबीसी प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक एबीमाइल टुडू, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने राज्य सरकार और कल्याण विभाग के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी योजनाएं विद्यार्थियों के शैक्षणिक जीवन को नई दिशा देने के साथ उन्हें शिक्षा के प्रति और अधिक प्रेरित करती हैं।

किसानों को मोटे अनाज की खेती अपनाने की सलाह

मिलेट मिशन पंजीकरण शिविर में 31 जुलाई तक चलेगा विशेष अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः- नारायणपुर प्रखंड की मदनाडीह पंचायत में मंगलवार को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के तत्वावधान तथा आत्मा जामताड़ा के सहयोग से पंचायत स्तरीय मिलेट मिशन पंजीकरण शिविर सह कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। शिविर में किसानों को मिलेट मिशन के तहत पंजीकरण कराने के लिए जागरूक किया गया तथा बदलते मौसम को देखते हुए मोटे अनाज की खेती अपनाने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी लव कुमार ने बताया कि मिलेट मिशन के तहत विशेष पंजीकरण अभियान 7 जुलाई से 31 जुलाई तक संचालित किया जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक किसानों से अभियान में पंजीकरण कर सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष एल-नीनो के प्रभाव के कारण वर्षा प्रभावित होने की संभावना है। विशेषकर संताल परगना क्षेत्र में सामान्य से कम बारिश होने के आसार हैं। ऐसी स्थिति में किसानों को केवल धान की खेती पर निर्भर नहीं रहना चाहिए, बल्कि अरहर, मकई, मड़ुवा तथा विभिन्न प्रकार की सब्जियों की खेती को भी प्राथमिकता देनी चाहिए। जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा कि बदलती जलवायु परिस्थितियों में मोटे अनाज (मिलेट) की खेती किसानों के लिए अधिक लाभकारी, टिकाऊ एवं सुरक्षित विकल्प बनकर उभर रही है। उन्होंने किसानों से आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने तथा फसल विविधीकरण पर विशेष ध्यान देने का भी आग्रह किया। गोष्ठी में किसानों को मिलेट मिशन के उद्देश्य, पंजीकरण प्रक्रिया तथा आधुनिक कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बीटीएम सीमावती सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

सुबह हंसते हुए स्कूल गया राजवीर, दोपहर में अस्पताल और अगले दिन मौत

पटना। दीघा थाना क्षेत्र के कुर्जी गेट नंबर-77 स्थित होली फेथ इंटरनेशनल स्कूल के आठवीं कक्षा के 12 वर्षीय छात्र राजवीर राय की इलाज के दौरान मौत हो गई। छात्र की मौत के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित भीड़ ने स्कूल परिसर में तोड़फोड़ की और दीघा-दानापुर मुख्य मार्ग पर कई घंटे तक जाम लगा दिया। मृतक के पिता नीरज राय ने आरोप लगाया कि स्कूल के शिक्षकों ने उनके बेटे की बेरहमी से पिटाई की, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। उनका कहना है कि जब वे अस्पताल पहुंचे तो राजवीर के मुंह से खून निकल रहा था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि घटना के बाद सबूत मिटाने के लिए स्कूल के सीसीटीवी कैमरों के तार काट दिए गए। स्कूल संचालक सुधीर ने सभी आरोपों को खारिज किया है। उनके अनुसार, क्लास टीचर की अनुपस्थिति में बच्चों को खेल के मैदान में भेजा गया था, जहां राजवीर अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा। स्कूल प्रबंधन का दावा है कि छात्र को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया और परिजनों को इसकी सूचना दी गई। पिता की लिखित शिकायत पर दीघा थाने में स्कूल संचालक सुधीर, प्रधानाध्यापिका आशा राय और कुछ अज्ञात शिक्षकों के खिलाफ हत्या और प्रताड़ना समेत विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

एसडीपीओ कार्यालय में मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित

लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन और अपराध नियंत्रण पर जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरही, हजारीबाग, झारखंडः- अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही राधा प्रेम किशोर की अध्यक्षता में मंगलवार को मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में अनुमंडल क्षेत्र के सर्किल इंस्पेक्टर सहित सभी थाना प्रभारी शामिल हुए। बैठक में क्षेत्र की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के निष्पादन तथा पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी, वारंट एवं कुर्की के मामलों में तेजी लाने तथा नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। इसके अलावा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने, रात्रि गश्ती को प्रभावी बनाने और आम जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी बल दिया गया। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों का समयबद्ध और निष्पक्ष तरीके से निपटारा सुनिश्चित किया जाए। थाना स्तर पर आने वाले फरियादियों के साथ बेहतर व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। साइबर अपराध, अवैध गतिविधियों और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों पर भी कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया गया। अपराध गोष्ठी के दौरान विभिन्न थानों के लंबित मामलों की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधिकारियों को विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा गया। मौके पर पुनि सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर अनिल सिंह, बरकट्ठा सर्किल इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी, चौपारण थाना प्रभारी पंकज कुमार, बरकट्ठा थाना प्रभारी आशीष भगत, गोरहर थाना प्रभारी रवि रंजन, महिला थाना प्रभारी राधा रागिनी समेत अनुमंडल के पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

चढ़ावा चोरी की आड़ में सनातनियों को कर रहे हैं भ्रमित : मदन माधुर्य

मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम को काल्पनिक बताने वाले चढ़ावा चोरी की आड़ में सनातनियों को कर रहे हैं भ्रमित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः- अयोध्या के श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी की दुर्भाग्यपूर्ण घटना से भारतवर्ष सहित विश्व के करोड़ों रामभक्तों को गहरा आघात लगा है। आस्था और विश्वास पर चोट करने वालों को कड़ा दंड मिले, चाहे वे कितने भी प्रभावशाली व्यक्ति क्यों न हों। सनातन से अधिक शक्तिशाली कदापि कोई नहीं हो सकता, ऐसा मानना सनातनियों का है। वहीं दूसरी ओर, सनातन को समाप्त करने तथा श्रीराम को काल्पनिक बताने की विकृत मानसिकता रखने वालों को यह ज्ञात होना चाहिए कि सनातन कोई व्यक्ति या संस्था नहीं है और न ही श्रीराम काल्पनिक हैं। सनातनी आदि माता हैं और विश्व ब्रह्मांड की रचयिता तथा संहारक भी वही सनातनी माता हैं। ऐसी आदि महाशक्तिशालिनी माता के न प्रकट होने की कोई सीमा है और न ही उनके विस्तार का कोई अंत। परंतु श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी की आड़ लेकर सनातन धर्म, संस्कृति, श्रीराम और जन्मभूमि के प्रति देश के लोगों, विशेषकर करोड़ों सनातनियों को, स्वतंत्रता काल से लेकर श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा तक भ्रमित करते रहे नेताओं को भारत के सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी संशय फैलाने, मंदिर निर्माण की अनावश्यक आलोचना करने तथा एक हिंदू होने के बावजूद विभिन्न बहाने बनाकर श्रीराम मंदिर नहीं जाने वालों को अचानक चढ़ावा चोरी की आड़ में श्रीराम के प्रति कपटपूर्ण भक्ति क्यों उमड़ने लगी है? इसमें तनिक भी संशय नहीं है कि श्रीराम सबके हैं और रहेंगे।

उनके प्रति भक्तिभाव, पूजन और दर्शन करने से किसी को भी मना करने का अधिकार नहीं है। लेकिन यह भी सत्य है कि 495 वर्षों के कठिन बलिदान, संघर्ष और सर्वोच्च न्यायालय में लंबे समय तक चली प्रक्रिया के बाद प्राचीन श्रीराम जन्मभूमि होने के अकाट्य प्रमाण मिलने पर ही वर्तमान श्रीराम मंदिर का निर्माण सनातनियों के आर्थिक, मानसिक और शारीरिक सहयोग से संभव हो सका। इसके बाद भी श्रीराम मंदिर निर्माण को लेकर बिना प्रामाणिक तथ्यों के आधार पर सनातनियों को भ्रमित करने तथा विभिन्न जातियों में बांटने की कुचेष्टा केवल वोट पाने की लालसा में की जाती रही है। प्रमाणिक शास्त्रों का कथन है कि प्रेम और ईर्ष्या मानवीय जन्मजात गुण-अवगुण हैं, जिन्हें बदलना असंभव तो नहीं, किंतु कठिन अवश्य है। भगवान के प्रति भक्तिभाव के लिए कोई समय सीमा नहीं होती, बल्कि कुवृत्तियों के परिवर्तन के लिए सतत अभ्यास करना पड़ता है। उल्लेखनीय है कि देव और दानव दोनों भाई हैं। वे एक पिता कश्यप तथा दक्ष प्रजापति की दो कन्याओं दिति और अदिति के पुत्र हैं। दिति से दैत्य तथा अदिति से देव हुए। आदि माता सनातनी या जगदंबा ने देवों के लिए स्वर्ग, दैत्यों के लिए पाताल तथा मानवों के लिए मृत्युलोक प्रदान किया। परंतु अतिमहत्वाकांक्षा और कुवृत्तियों से प्रभावित दिति ने इसे पक्षपात बताते हुए महाशक्तिशाली पुत्रों को उत्पन्न किया और स्वर्ग पर चढ़ाई करती रहीं। इसी प्रकार देव-दानव महासंग्राम चलता रहा। इन दिनों भी विस्तारवाद की नीति के कारण विश्व व्यथित है। वहीं सतयुग से कलियुग तक भारतवर्ष के किसी भी काल में चक्रवर्ती महान शक्तिशाली सम्राटों ने अकारण किसी दूसरे देश पर आक्रमण नहीं किया और 'वसुधैव कुटुंबकम्' की अवधारणा पर चलते हुए भारतीय राष्ट्र को समृद्धि के शिखर तक पहुंचाया।

राहुल दुबे गैंग पर हजारीबाग पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो अपराधी गिरफ्तार

स्कॉर्पियो, हथियार व जिंदा कारतूस बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

हजारीबाग, झारखंडः- हजारीबाग जिले के गिद्दी थाना क्षेत्र में पुलिस ने कुख्यात राहुल दुबे गैंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो सक्रिय अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से एक स्कॉर्पियो वाहन, एक देशी लोडेड पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, दो मैगजीन तथा दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। इस कार्रवाई की जानकारी पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने मंगलवार को आयोजित प्रेसवार्ता में दी। एसपी ने बताया कि 6 जुलाई 2026 की रात गुप्त सूचना मिली थी कि सफेद रंग की स्कॉर्पियो निबंधन संख्या जेएच 10 एआर 8705 से कुछ अपराधी हथियार के साथ गिद्दी से मांडू होते हुए हजारीबाग की ओर आ रहे हैं। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बड़कागांव अमित आनंद के नेतृत्व में विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने गिद्दी-मांडू मार्ग स्थित कनकी मोड़ के पास सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही संदिग्ध स्कॉर्पियो को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर वाहन चालक कुछ दूरी पर गाड़ी छोड़कर अपने साथी के साथ भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा कर दोनों आरोपियों को दबोच लिया। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने अपनी पहचान मोहित सिंह उर्फ कुणाल और भोला उर्फ ओम प्रकाश पाल के रूप में बताई। दोनों ने स्वीकार किया कि वे राहुल दुबे गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं तथा गिरोह के लिए लूट, फिरौती, रंगदारी वसूली और क्षेत्र में दहशत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग जैसी घटनाओं को अंजाम देते रहे हैं। तलाशी के दौरान उनके पास से एक देशी लोडेड पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और दो मैगजीन बरामद किए गए। इस संबंध में गिद्दी थाना कांड संख्या 17/26, दिनांक 7 जुलाई 2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 111(2), 111(3) एवं आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने बताया कि मोहित सिंह का आपराधिक इतिहास रहा है। दिसंबर 2025 में उसने राहुल दुबे गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ उरीमारी थाना क्षेत्र के विस्थापित नेता दशई मांझी के घर पर फायरिंग की थी। इस मामले में उरीमारी ओपी कांड संख्या 286/25 दर्ज है। इसके बाद जनवरी 2026 में बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की तैयारी के दौरान हथियार के साथ राहुल दुबे गिरोह के नौ सक्रिय सदस्यों के साथ मोहित सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। यह मामला बड़कागांव (उरीमारी ओपी) कांड संख्या 01/26 से संबंधित है। जेल से बाहर आने के बाद भी उसने अपनी गतिविधियां नहीं छोड़ीं और 2 जून 2026 को अपने साथियों के साथ मिलकर गिद्दी सी-चेकपोस्ट पर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था। इस संबंध में गिद्दी थाना कांड संख्या 13/26 दर्ज है।गिरफ्तार अभियुक्त में मोहित सिंह उर्फ कुणाल (19 वर्ष) पिता राजू सिंह, स्थायी पता पड़रिया, थाना माली, जिला औरंगाबाद (बिहार) व वर्तमान पता आजाद रोड, सयाल, थाना भुरकुंडा, जिला रामगढ़ और भोला उर्फ ओम प्रकाश पाल (34 वर्ष) पिता कृष्णा चौधरी, स्थायी पता परसिया, थाना हल्दी, जिला बलिया (उत्तर प्रदेश) व वर्तमान पता- सयाल नालापार, थाना भुरकुंडा ओपी, जिला रामगढ़ शामिल है। बरामद सामान में एक स्कॉर्पियो वाहन, एक देशी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, दो मैगजीन, दो मोबाइल फोन जब्त किया गया। छापामारी अभियान का नेतृत्व एसडीपीओ बड़कागांव अमित आनंद ने किया। टीम में पुलिस निरीक्षक शाहिद रजा, गिद्दी थाना प्रभारी मो. इकबाल हुसैन, उरीमारी ओपी प्रभारी रथु उरांव, केरेडारी थाना प्रभारी वेद प्रकाश पाण्डेय, तकनीकी शाखा, नक्सल शाखा के पदाधिकारी तथा गिद्दी एवं उरीमारी थाना के सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे।

हजारीबाग पुलिस की समीक्षा बैठक

लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

हजारीबाग, झारखंडः- पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग ने मंगलवार को सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सदर तथा थाना के सभी पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर नए एवं पुराने लंबित कांडों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन, वारंटों के क्रियान्वयन, साइबर अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी तथा जनसमस्याओं के समयबद्ध समाधान को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने वर्ष 2025 से पूर्व तथा वर्तमान में लंबित सभी आपराधिक मामलों का प्राथमिकता के आधार पर अविलंब निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे से न्याय प्रक्रिया में तेजी आएगी और अपराध नियंत्रण को मजबूती मिलेगी। सदर थाना में लंबित जमानती एवं गैर-जमानती वारंट, इश्तेहार तथा कुर्की-जब्ती की कार्रवाई को लेकर भी विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी लंबित वारंटों का जल्द से जल्द निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक सोमवार को थाना स्तर पर सभी पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर लंबित मामलों की समीक्षा की जाए तथा उनके निष्पादन की प्रगति की नियमित निगरानी की जाए। बैठक में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री पर सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने ऐसे स्थानों की पहचान कर उनमें संलिप्त अभियुक्तों को चिन्हित करने तथा विशेष अभियान चलाकर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का आदेश दिया। साइबर अपराध से जुड़े लंबित मामलों को भी प्राथमिकता देने पर जोर देते हुए उन्होंने संबंधित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा थानों में आने वाले आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने और उनका समयबद्ध समाधान करने पर बल दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता की शिकायतों का त्वरित निष्पादन पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बैठक में जमीन विवाद से संबंधित लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि ऐसे मामलों की थाना दिवस में नियमित समीक्षा की जाए तथा आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित अंचलाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी को पत्राचार कर विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन, अपराध नियंत्रण और आम जनता को बेहतर पुलिस सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई करने को कहा।

जगन्नाथपुर रथ यात्रा 2026 की तैयारियां तेज, उपायुक्त व एसएसपी ने किया रूट निरीक्षण

रांची, झारखंडः- ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथ यात्रा 2026 को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और भव्य बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मंगलवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री एवं वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने संयुक्त रूप से पूरे रथ यात्रा मार्ग और मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद नीलाद्री प्रशासनिक भवन में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर सुरक्षा, यातायात, स्वास्थ्य, स्वच्छता, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने रथ यात्रा के पूरे मार्ग को पूर्ण रूप से अतिक्रमण मुक्त कराने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तत्काल शुरू की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर प्रशासन ने विशेष तैयारी की है। मेला क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में एंबुलेंस और मेडिकल टीम की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा सके। विद्युत व्यवस्था को लेकर भी संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश दिए गए। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि कहीं भी खुले बिजली के तार न रहें। पूरे क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था की जांच की जाएगी तथा निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए बैकअप की भी समुचित व्यवस्था रहेगी।

एसआईआर फॉर्म भरने में तेजी लाने के लिए बरही एसडीओ व सीओ ने किया कोनरा पंचायत का निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरही, हजारीबाग, झारखण्डः- मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत बरही अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू एवं अंचल अधिकारी चंद्रशेखर कुणाल ने मंगलवार को कोनरा पंचायत का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एसआईआर फॉर्म भरने और उसके ट्रैक को आगे बढ़ाने के कार्यों की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को अभियान में तेजी लाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान एसडीओ जोहन टुडू ने कहा कि एसआईआर अभियान निर्वाचन आयोग का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। सभी बीएलओ, पंचायत कर्मी एवं संबंधित अधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें ताकि कोई भी पात्र मतदाता इस प्रक्रिया से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि फॉर्म भरने के साथ-साथ उसकी आगे की प्रक्रिया भी समयबद्ध तरीके से पूरी की जाए और कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। वहीं, अंचल अधिकारी चंद्रशेखर कुणाल ने कहा कि सभी कर्मी निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप तेजी से कार्य करें। प्रत्येक फॉर्म का सही तरीके से सत्यापन एवं ट्रैकिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य समय पर एवं त्रुटिरहित ढंग से पूरा हो सके। उन्होंने लोगों से भी इस अभियान में सहयोग करने और आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय पर फॉर्म जमा करने की अपील की। निरीक्षण के दौरान पंचायत सहायक पिंटू कुमार रजक, पंचायत सचिव लक्ष्मी कुमारी, बीएलओ संयुक्ता सिन्हा, स्थानीय ग्रामीण हैदर अली सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

कटकमसांडी में ब्राउन शुगर के खिलाफ कार्रवाई,25 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

गुप्त सूचना पर पुलिस की छापेमारी, एसपी अमन कुमार ने प्रेसवार्ता कर दी जानकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

हजारीबाग, झारखंडः- हजारीबाग जिले में नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कटकमसांडी थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लगभग 25 ग्राम ब्राउन शुगर और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। मामले की जानकारी पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने मंगलवार को आयोजित प्रेसवार्ता में दी। एसपी ने बताया कि 7 जुलाई 2026 को गुप्त सूचना मिली थी कि कटकमसांडी थाना क्षेत्र के डांढ़ गांव में दो व्यक्ति ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करने वाले हैं। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) अमित कुमार के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम में पेलावल अंचल के पुलिस निरीक्षक सपन महथा, कटकमसांडी थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश, पेलावल ओपी प्रभारी बिट्टू रजक एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम मो. रिजवान पिता स्व. मोईनुद्दीन सुभाष मार्ग, थाना बड़ा बाजार, हजारीबाग निवासी तथा मो. रफीक पिता मो. अफजल सरदार रोड, थाना बड़ा बाजार, हजारीबाग निवासी बताया।तलाशी के दौरान दोनों के पास से लगभग 12 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करते हैं तथा यह मादक पदार्थ कटकमसांडी थाना क्षेत्र के डांढ़ गांव निवासी छोटन साव से खरीदा था। इसके बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डांढ़ गांव में छापेमारी कर छोटन साव पिता स्व. परमेश्वर साव को गिरफ्तार किया। उसकी तलाशी में लगभग 13 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। इस प्रकार कुल 25 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई। इस संबंध में कटकमसांडी थाना कांड संख्या-109/26 दिनांक 7 जुलाई 2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(बी), 22(बी), 29 एवं 32 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त मो. रिजवान, पिता स्व. मोईनुद्दीन, निवासी सुभाष मार्ग, थाना बड़ा बाजार, हजारीबाग व मो. रफीक पितता मो. अफजल, निवासी सरदार रोड, थाना बड़ा बाजार, हजारीबाग व छोटन साव पिता स्व. परमेश्वर साव, निवासी ग्राम डांढ़, थाना कटकमसांडी, जिला हजारीबाग शामिल है। बरामद सामग्री में लगभग 25 ग्राम ब्राउन शुगर, एक मोबाइल फोन जब्त किया गया।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी मो. रिजवान के विरुद्ध सदर थाना में हत्या एवं अन्य गंभीर मामलों से संबंधित तीन कांड पूर्व से दर्ज हैं। वहीं छोटन साव के विरुद्ध भी वर्ष 2024 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है। इस कार्रवाई का नेतृत्व अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) अमित कुमार ने किया। टीम में पुलिस निरीक्षक सपन महथा, कटकमसांडी थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश, पेलावल ओपी प्रभारी बिट्टू रजक तथा थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

संक्षिप्त खबरें

मनी लॉन्ड्रिंग केस में पूर्व मंत्री संजीव अरोड़ा को हाई कोर्ट से झटका, तत्काल राहत देने से इनकार

चंडीगढ़। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार पूर्व मंत्री संजीव अरोड़ा को फिलहाल पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली है। अरोड़ा की नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से मामले में अब तक की जांच की विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट तलब की है। रिपोर्ट मिलने के बाद अदालत मामले की अगली सुनवाई में जमानत याचिका पर विचार करेगी। संजीव अरोड़ा ने नियमित जमानत के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा उस समय खटखटाया, जब गुरुग्राम की अदालत 15 जून को उनकी जमानत याचिका खारिज कर चुकी थी। निचली अदालत से राहत नहीं मिलने के बाद उन्होंने हाई कोर्ट में नियमित जमानत की मांग करते हुए याचिका दायर की। मामले के अनुसार, हरियाणा के गुरुग्राम में 18 मार्च को एक एफआईआर दर्ज की गई थी। इसी एफआईआर के आधार पर प्रवर्तन निदेशालय ने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की। अरोड़ा का कहना है कि ईडी की पूरी कार्रवाई इसी एफआईआर पर आधारित है और उसी के चलते उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया गया।

ब्लैकमेल कर शादी का दबाव बनाने वाला शातिर युवक गिरफ्तार, गोपीगंज पुलिस की कार्रवाई

गोपीगंज। जान से मारने की धमकी देकर शादी का दबाव बनाने तथा पीड़िता के निजी फोटो व डेटा से छेड़छाड़ कर फर्जी इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड तैयार कर ब्लैकमेल करने के आरोप में गोपीगंज पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर मिर्जापुर तिराहे से अभियुक्त पवन गुप्ता (25) निवासी करसौता, थाना घोरावल, जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार किया गया। उसके विरुद्ध विभिन्न धाराओं एवं आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में गोपीगंज पुलिस ने की।

महिलाओं से झपट्टामारी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार

बस्ती। बस्तीजिले केथाना छावनी पुलिस ने महिलाओं से झपट्टामारी करने वाले दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से झपट्टामारी में छीना गया सोने का लॉकेट, 11,500 रुपये नकद, चोरी की टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल तथा दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय भेज दिया है।थाना छावनी में दर्ज मुकदमा संख्या 126/2026, धारा 304 एवं 317(2) बीएनएस की विवेचना के दौरान प्रभारी निरीक्षक राणा देवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मंगलवार को ग्राम नारापार पुलिया के पास से दीपक मौर्या उर्फ रितेश मौर्या पुत्र स्वर्गीय काली प्रसाद मौर्या निवासी ग्राम कैथवालिया थाना परसरामपुर तथा आकाश पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी ग्राम मेढ़ईया शुक्ल थाना परसरामपुर को गिरफ्तार किया।पुलिस पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने बताया कि 16 जून 2026 को गैंग के सरगना विरेन्द्र उर्फ गुल्ले ने खर्च के लिए रुपये की आवश्यकता बताकर उन्हें अपने साथ लिया था।

कांग्रेस ने सद्बुद्धि पद यात्रा निकालकर किया श्रीराम मंदिर चढ़ावा प्रकरण के निष्पक्ष जांच की मांग

बस्ती।बस्ती जिले में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर मंगलवार को बस्ती में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला अध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी के नेतृत्व में 'सद्बुद्धि पदयात्रा' निकाली गई। पदयात्रा जिला कांग्रेस कार्यालय से प्रारंभ होकर गायत्री शक्तिपीठ मंदिर तक पहुंची, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रार्थना कर कार्यक्रम का समापन किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी एवं वित्तीय अनियमितताओं के विरोध में प्रदर्शन करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि इस प्रकरण से करोड़ों रामभक्तों की आस्था आहत हुई है, इसलिए पूरे मामले की उच्च न्यायालय के सिटिंग जज से निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। जिला अध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की मांग है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही श्रीराम मंदिर ट्रस्ट को भंग कर मंदिर की व्यवस्था चारों पीठों के शंकराचार्यों एवं श्रीराम मंदिर के सम्मानित महंतों को सौंपी जाए, ताकि श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास बना रहे। कहा कि 'सद्बुद्धि पदयात्रा' का उद्देश्य आस्था से जुड़े इस मुद्दे पर निष्पक्ष जांच की मांग उठाना और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित कराना है।

दिल्ली को ग्रीन कवर: अमित शाह का मास्टर प्लान

अमित शाह ने पेश किया ग्रीन मास्टर प्लान- 100 जलाशय, 70 लाख पौधे और ई-बसें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि सरकार दिल्ली के 'सेंट्रल रिज' (केंद्रीय रिज) की जैव विविधता, मिट्टी और पानी की सुरक्षा के लिए कानूनी रास्ता अपनाएगी। यहां एक मेगा वृक्षारोपण अभियान का उद्घाटन करने के बाद शाह ने कहा कि रिज क्षेत्र में जामुन, आम, अर्जुन और नीम जैसे पेड़ लगाए जाएंगे, जो 100 वर्षों से अधिक समय तक जीवित रहते हैं। इस मेगा वृक्षारोपण अभियान के तहत शहर में 70 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

रिज क्षेत्र को मिलेगा ग्रीन कवर

उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार अगले चार वर्षों में स्थानीय वृक्ष प्रजातियों के एक करोड़ पौधे, बड़ी वृक्ष प्रजातियों के 23 लाख पौधे और 65 लाख झाड़ियां व औषधीय पौधे लगाकर रिज क्षेत्र के 6,300 हेक्टेयर हिस्से को हरित क्षेत्र (ग्रीन कवर) में बदलेगी।

दिल्ली को प्रदूषण मुक्त और हरा-भरा बनाने का लक्ष्य

यमुना की सफाई और कचरा प्रबंधन

उन्होंने घोषणा की कि अगले सप्ताह राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दिल्ली की डेयरियों से एक किलोग्राम गाय का गोबर भी बहकर यमुना नदी में न जाए। शाह ने यह भी रेखांकित किया कि यमुना की सफाई के लिए फिलहाल 129 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट चालू हैं और 29 अन्य पाइपलाइन में हैं।

शाह ने रिज को 'ग्रीन रिज' में बदलने के लिए एक 'भव्य मास्टर प्लान' का भी उल्लेख किया। इस मास्टर प्लान के तहत दिल्ली को प्रदूषण मुक्त और हरा-भरा बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रिज में 100 जलाशय, रेस्तरां और 'नक्षत्र वन', 'तीर्थंकर वन' व 'वामन वन' जैसे छोटे उद्यान विकसित किए जाएंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि रिज की जैव विविधता, मिट्टी और पानी का संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए कानूनी सुरक्षा का उपयोग किया जाएगा।

ई-बसें और बुनियादी ढांचा

केंद्रीय गृह मंत्री ने 300 ई-बसों को हरी झंडी दिखाई। इसके साथ ही उन्होंने नरेला में एक उच्च सुरक्षा वाली जेल की डिजिटल रूप से आधारशिला रखी, तीन बस डिपो और नंद नगरी में एक स्वचालित वाहन परीक्षण स्टेशन का उद्घाटन किया।

पंजाब पुलिस ने 255 गुम मोबाइल फोन ढूंढकर मालिकों को लौटाए

अमृतसर। कमिश्नरेट पुलिस अमृतसर ने जनहित की पहल के तहत 255 गुम हुए मोबाइल फोन तलाश कर उनके असल मालिकों को सौंप दिए। बरामद किए गए मोबाइल फोन जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और पंजाब के विभिन्न जिलों से ट्रेस किए गए। इन मोबाइल फोन की कुल अनुमानित कीमत करीब 41.40 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर के निर्देश पर पुलिस टीमों ने लगातार तकनीकी निगरानी और की मदद से मोबाइल फोन का पता लगाया। कुल 255 मोबाइल में से 220 मोबाइल थाना साइबर क्राइम टीम ने और 35 मोबाइल सब-डिवीजन सेंट्रल की टीम ने ट्रेस किए। यह कमिश्नरेट पुलिस की गुम मोबाइल फोन बरामद करने की चौथी बड़ी कार्रवाई है। इससे पहले पहले चरण में 100, दूसरे चरण में 200 और तीसरे चरण में 400 मोबाइल फोन उनके मालिकों को लौटाए जा चुके हैं। अब चौथे चरण में 255 और मोबाइल बरामद कर लोगों को सौंपे गए हैं। बरामद मोबाइल फोन में आईफोन के अलावा पोको, वनप्लस, सैमसंग, वीवो, ओप्पो, रेडमी, रियलमी और शाओमी समेत विभिन्न कंपनियों के स्मार्टफोन शामिल हैं।

दो भाइयों पर चाकू से हमला

एक की मौत; तीन आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बाहरी दिल्ली। राज पार्क थाना अंतर्गत मंगोलपुरी क्यू- ब्लॉक में दो भाइयों पर चाकू से हमला किया गया। इस घटना में एक भाई की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। इस मामले में पुलिस ने तीन मुख्य आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक नाबालिग शामिल है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए अन्य आरोपितों में प्रिंस उर्फ अरुण तथा भरत है। पुलिस ने बताया कि 6 जुलाई की रात 9:37 बजे राज पार्क थाने में क्यू-9/150, मंगोलपुरी में हुई हत्या की सूचना पर एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। जांच के दौरान पता चला कि लगभग 45 वर्ष के महेश नामक व्यक्ति को उसके स्वजन द्वारा एसजीएम अस्पताल, मंगोलपुरी ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पीठ पर चाकू से एक घाव का निशान मिला। इसके अलावा, यह भी पता चला कि एक और व्यक्ति, मुकेश को भी बाएं जांघ पर चाकू के घाव है और उसका

दिल्ली के मंगोलपुरी में दो भाइयों पर चाकू से हमला किया गया, जिसमें एक भाई महेश की मौत हो गई और दूसरा मुकेश गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने इस मामले में तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक नाबालिग भी शामिल है।

इलाज चल रहा है। प्रारंभिक छानबीन में पता चला कि दो पड़ोसियों के बीच यह घटना पुरानी दुश्मनी के कारण हुई। पिछले एक वर्ष में, दोनों पक्षों की ओर से दो-दो सहित कुल चार मामले दर्ज किए जा चुके हैं। राज पार्क पुलिस स्टेशन में संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई और मामले की जांच जारी है। इस घटना में एक पुलिसकर्मी की भी भूमिका सामने आई है जबकि घटना में शामिल अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए अलग-अलग टीमें काम कर रही हैं।

लोनी में भीषण सड़क हादसा

ऑटो-कैंटर की टक्कर में युवती का हाथ कटा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लोनी। लोनी थाना क्षेत्र बंथला चिरौड़ी मार्ग पर निठौरा गेट के निकट मंगलवार सुबह ओवरटेक के चक्कर में एक तेज रफ्तार ऑटो सामने से आ रहे कैंटर से टकरा गया। हादसे में ऑटो सवार युवती का हाथ कट गया। युवती को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।कैंटर को कब्जे में लेकर पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी है। सिरोली गांव निवासी राहुल ने बताया कि बहन काजल (24) गाजियाबाद में ब्यूटी पार्लर का कोर्स सीखने जाती है। मंगलवार सुबह करीब नौ बजे वह घंटाघर जाने के लिए ऑटो में बैठी थी।

सामने आ रहे कैंटर से भिड़ा ऑटो

जब ऑटो निठोरा गेट के सामने पहुंचा तो सामने चल रहे वाहन को ओवरटेक करते समय सामने से आ रहे कैंटर से जा



भिड़ा। इस घटना में ऑटो पलट गया और बहन का हाथ कट कर सड़क पर गिर गया। जबकि ऑटो सवार अन्य सवारियां मामूली रूप से चोटिल हो गई। आरोप है कि हादसे के बाद ऑटो व कैंटर चालक मौके से फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस स्वजन को सूचना देकर गंभीर हालत में युवती को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। युवती का इलाज जारी है। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि कैंटर व ऑटो को कब्जे में लेकर फरार वाहन चालकों की तलाश की जा रही है।

अमृतसर-मानावाला रेलवे ट्रैक के पोल पर सीसीटीवी कैमरा मिलने से मचा हड़कंप

अमृतसर। अमृतसर-मानावाला रेलवे ट्रैक पर पोल पर सीसीटीवी कैमरा लगा मिला है जिसने आरपीएफ, जीआरपी और सिविल पुलिस की नींद उड़ाकर रख दी है। आरपीएफ ने उस कैमरे को कब्जे में लिया है और इस सनसनीखेज मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी गई है। मिली जानकारी के दौरान अमृतसर-जालंधर सेक्शन में जीआरपी पुलिस कर्मचारी गत दिन शाम को रूटीन चेकिंग कर रहे थे तभी उनकी नज़र अमृतसर-मानावाला मध्य पड़ते किलोमीटर संख्या 508/23 पर ओएचई के पोल पर लगे सीसीटीवी कैमरे पर पड़ी। उसके बाद जीआरपी, आरपीएफ, सिविल पुलिस और एआरपी पुलिस टीमें मौके पर पहुंच गई। आरपीएफ ने उस कैमरे को अपने कब्जे में ले लिया है। यह एरिया जीआरपी के अधीन आता है। फिलहाल मामले की जांच जारी है और अभी एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

शाहदरा पुलिस ने शातिर वाहन चोर किया गिरफ्तार

पांच चोरी के दोपहिया और स्नैचिंग का मोबाइल बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नई दिल्ली। शाहदरा जिले की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड एएटीएस ने एक शातिर वाहन चोर और स्नैचर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के पांच दोपहिया वाहन और स्नैचिंग का एक मोबाइल फोन बरामद किया है। आरोपी की पहचान 28 वर्षीय उमेश उर्फ हिमांशु निवासी त्रिलोकपुरी के रूप में हुई है। उसके खिलाफ पहले से स्नैचिंग, लूट और आर्म्स एक्ट सहित 19 आपराधिक मामले दर्ज हैं।पुलिस के अनुसार शाहदरा जिले में लगातार हो रही दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं को देखते हुए एएटीएस को सक्रिय वाहन चोरों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसके लिए इंस्पेक्टर प्रतीक सक्सेना के नेतृत्व में गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया, खुफिया जानकारी जुटाई और संवेदनशील स्थानों पर निगरानी शुरू की। इसी दौरान 6 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली कि एक वाहन चोर कड़कड़डूमा कोर्ट रेड लाइट के पास चोरी की मोटरसाइकिल के साथ आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर उमेश उर्फ हिमांशु को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से बरामद टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल की जांच में पता चला कि यह जीटीबी एन्क्लेव थाना क्षेत्र से चोरी की गई थी।पूछताछ के दौरान आरोपी ने कई वाहन चोरी की वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चार अन्य चोरी के दोपहिया वाहन भी बरामद किए। आरोपी ने बताया कि इनमें से दो वाहन उसने स्वयं चोरी किए थे, जबकि दो अन्य चोरी के वाहन उसके साथी राशिद ने उसके पास छिपाकर रखवाए थे। जांच में ये वाहन लक्ष्मी नगर, जीटीबी एन्क्लेव, शकरपुर और आनंद विहार थाना क्षेत्रों में दर्ज चोरी के मामलों से संबंधित पाए गए।पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक नीले रंग का ओप्पो मोबाइल फोन भी बरामद किया। पूछताछ में उसने बताया कि यह

मोबाइल ईस्ट विनोद नगर मेट्रो स्टेशन के पास स्नैचिंग के दौरान छीना गया था। जांच में यह मोबाइल पांडव नगर थाना क्षेत्र में दर्ज स्नैचिंग के मामले का निकला।पुलिस के मुताबिक आरोपी नशे का आदी है और अपनी लत पूरी करने तथा खर्च चलाने के लिए वाहन चोरी और स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देता था। वह 18 मई 2026 को आर्म्स एक्ट के एक मामले में मंडोली जेल से जमानत पर रिहा हुआ था।शाहदरा पुलिस अब आरोपी के फरार साथी राशिद की तलाश कर रही है। साथ ही उससे जुड़े अन्य मामलों और चोरी की संपत्ति की बरामदगी के लिए जांच जारी है।

नसिक्योरिटी गार्डों को दौड़ा-दौड़ाकर डंडों से पीटा

गेट पर रोकने को लेकर हुई थी बहस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नोएडा। गेट पर रोकने के विवाद में रविवार देर रात सेक्टर 116 में छह-सात युवकों ने मिलकर तीन गार्डों को दौड़ा-दौड़ाकर डंडों से पीटा। युवकों के गुंडई करने की हरकत का वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। सेक्टर 113 थाना पुलिस ने संज्ञान लेकर जांच शुरू कर दी। आरोपित युवक डिलीवरी ब्वाय बताए जा रहे हैं। अभी पुलिस आरोपितों को पकड़ने में खाली हाथ है। टीम आरोपितों की तलाश में जुटी है। बता दें कि पिछले सप्ताह सेक्टर 108 में भी गार्ड अजयपाल से मारपीट करने का मामला सामने आया था। सोशल मीडिया पर वायरल दो मिनट 39 सेकंड के वीडियो में गेट के पास कैब, गार्ड और कुछ युवक खड़े दिख रहे हैं। कैब

के जाने के बाद छह-सात युवक मिलकर गार्ड को डंडे से पीटना शुरू कर देते हैं। गार्ड के बचकर भागने पर युवक डंडा लेकर पीछे दौड़ते हैं। उसके बाद अन्य दो गार्डों को पकड़कर पीटते हैं। गार्ड के बार-बार कहने पर कि उसने कुछ नहीं और न ही रोककर हाथापाई की थी। वह कसम भी खाता है। उसके बाद भी युवक नहीं मानते हैं। गार्डों को पीटते हैं। पीड़ित गार्डों ने मामले की शिकायत आरडब्ल्यूए पदाधिकारी और पुलिस से की। एसीपी राकेश प्रताप सिंह ने बताया कि पूरा मामला संज्ञान में है। गार्डों की ओर से शिकायत लेकर कार्रवाई की जा रही है। आरोपितों की पहचान और तलाश में टीम लगी है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। सेक्टरों में पुलिस गश्त नहीं होने से असामाजिक तत्वों के हौंसले बुलंद हैं। आए दिन सेक्टरों में गार्डों के साथ-साथ आमजन से मारपीट व झपटमारी के मामले सामने आते रहते हैं। आरडब्लयूए पदाधिकारियों ने घटना को लेकर नाराजगी जताई है। सोमवार को पुलिस अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की। सेक्टर में गश्त बढ़ाने की भी मांग की।

116 करोड़ का घोटाला! चंडीगढ़ निगम का अकाउंटेंट गिरफ्तारी से बचने के लिए लगा रहा दांव-पेच

तीसरी बार मांगी अग्रिम जमानत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

चंडीगढ़। नगर निगम के अधिकारियों और आइडीएफसी फर्स्ट बैंक के कर्मियों की मिलीभगत से हुए 116.84 करोड़ रुपये के घोटाले में अब तक 10 से अधिक आरोपित पकड़े जा चुके हैं। हालांकि, नगर निगम की अकाउंट्स ब्रांच का अकाउंटेंट अनुभव मिश्रा अभी तक जांच एजेंसियों के हाथ नहीं आया है। वह नगर निगम में आउटसोर्स पर काम करता था और घोटाला सामने आने के बाद से फरार है। मिश्रा ने गिरफ्तारी से बचने के लिए जिला अदालत में तीसरी बार अग्रिम जमानत अर्जी दायर की है। इससे पहले दो बार उसने अग्रिम जमानत अर्जी दायर की थी, लेकिन दोनों बार अर्जी वापस ले ली थी। जमानत अर्जी में उसने खुद को बेकसूर बताया है। इस पर अदालत ने सीबीआई को जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। आरोपित की जमानत अर्जी पर 13 जुलाई को सुनवाई होगी। मार्च 2026 में सामने आए इस घोटाले में वह मुख्य आरोपितों में शामिल है। आरोप है कि

फर्जी दस्तावेजों के जरिए स्मार्ट सिटी फंड की रकम को डायवर्ट कर करोड़ों का गबन किया गया। पहले मामले की जांच चंडीगढ़ पुलिस के पास थी, लेकिन बाद में इसे सीबीआई को सौंप दिया गया। हालांकि, सीबीआई भी अब तक उसे ढूंढ नहीं पाई। जांच एजेंसी इस बात का पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इतनी बड़ी वित्तीय जिम्मेदारी एक आउटसोर्स कर्मचारी को कैसे सौंपी गई। अब तक की जांच में सामने आया है कि आरोपितों ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में फर्जी एफडी तैयार कीं। इसके जरिए स्मार्ट सिटी परियोजना के फंड को निकालकर शेल कंपनियों में ट्रांसफर किया गया और बाद में इस रकम को रियल एस्टेट में निवेश किया गया।

चंडीगढ़ में पांच युवकों हत्या के आरोप तय, 31 से चलेगा ट्रायल

चंडीगढ़। कैब चालक सुशील उर्फ साहिल का अपहरण कर हत्या करने के मामले में पांच युवकों के खिलाफ जिला अदालत में मुकदमा चलेगा। अदालत ने इस मामले में रमन सिंह उर्फ नेगी, मोहित, रजनीश उर्फ एडी, शेमल सिंह और विजेंद्र उर्फ टूडो के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। आरोपितों के खिलाफ 31 जुलाई से आईपीसी की धारा 103(1), 115(2), 140(3), 142, 190, 191(1), 191(2), 61(2) के तहत ट्रायल शुरू होगा। आरोप है कि इन सभी ने रंजिश के चलते सुशील का पहले अपहरण किया और फिर बुरी तरह पीटकर उसकी हत्या कर दी थी। सेक्टर-31 थाना पुलिस ने पांचों आरोपितों को गिरफ्तार कर इनके खिलाफ केस दर्ज किया था। केस के मुताबिक पांच फरवरी को सेक्टर-20 निवासी सुशील निजी काम से अंबाला और पिहोवा गया था। शाम करीब 4:30 बजे लौटते समय हल्लोमाजरा से 3-4 बाइक सवार युवकों ने उसका अपहरण कर लिया। इसके बाद वह उसे जीरकपुर की प्रीत कालोनी ले गए। आरोपितों ने वहां उसे इतनी बुरी तरह पीटा कि उसकी मौत हो गई।

पंजाब कांग्रेस में गुटबाजी के बीच भूपेश बघेल की एंट्री, दोनों ग्रुप के नेताओं के साथ की अलग-अलग बैठक

चंडीगढ़। पंजाब कांग्रेस में 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पार्टी का मंथन लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। कांग्रेस में गुटबाजी के बीच विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश प्रभारी भूपेश बघेल लगातार कांग्रेस नेताओं से मिले। मंगलवार को पंजाब कांग्रेस भवन में पार्टी के प्रदेश प्रभारी भूपेश बघेल ने नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें कीं। बैठकों का सिलसिला दोपहर बाद तक चलता रहा। हालांकि, पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा इस बैठक में शामिल नहीं हुए। दोनों फिलहाल दिल्ली में हैं। बैठक में पंजाब कांग्रेस के तीनों वर्किंग प्रेसिडेंट, महासचिवों और संगठन के अन्य पदाधिकारियों से अलग-अलग बातचीत की गई। दोपहर बाद जिला कांग्रेस अध्यक्षों के साथ भी बैठक प्रस्तावित रही, जिसमें संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और चुनावी रणनीति पर चर्चा की गई।

मोहाली में भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर हादसा

कंटेनर में पीछे से घुसी कार; हिमाचल के कारोबारी समेत तीन की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मोहाली। भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार तड़के टोल प्लाजा के पास हुए भीषण सड़क हादसे में हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के तीन लोगों की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब आगे चल रहे कंटेनर के अचानक ब्रेक लगाने पर पीछे से आ रही क्रेटा कार उसके पिछले हिस्से में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार तीनों लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान ऊना जिले के देहलां गांव निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी सुरेश ऐरी, मैहतपुर निवासी कारोबारी प्रत्युष जैन और उनकी पत्नी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार हादसा घड़ूंआ थाना क्षेत्र में भारतमाला एक्सप्रेस-वे के टोल प्लाजा के पास हुआ। सूचना मिलते ही घड़ूंआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। क्षतिग्रस्त कार में फंसे तीनों लोगों को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। शवों को पोस्टमार्टम के लिए

अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रत्युष जैन के चाचा अश्वनी जैन ने बताया कि प्रत्युष अपनी पत्नी और परिवार के मित्र सुरेश ऐरी के साथ जींद में अपनी बहन की शादी में शामिल होने गए थे। शादी समारोह रविवार को संपन्न हुआ था। इसके बाद तीनों कार से ऊना लौट रहे थे। मंगलवार सुबह मोहाली के पास भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर टोल प्लाजा के निकट उनकी कार हादसे का शिकार हो गई, जिसमें तीनों की मौत हो गई। अश्वनी जैन ने बताया कि प्रत्युष जैन की शादी करीब तीन माह पहले ही हुई थी। परिवार में शादी की खुशियां अभी खत्म भी नहीं हुई थीं कि इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। हादसे की सूचना मिलते ही ऊना में शोक की लहर दौड़ गई।

अमृतसर में पाकिस्तान से भेजी गई 25 किलो हेरोइन पकड़ी

सोनू खत्री गैंग से जुड़े तीन तस्कर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

अमृतसर। पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस टीम ने सीमा पार से ड्रोन के जरिए भेजी गई 25 किलो हेरोइन बरामद की है। इस मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है, जिनका संबंध कुख्यात सोनू खत्री गैंग से है। बरामद हेरोइन पाकिस्तान से ड्रोन के माध्यम से भारतीय सीमा में पहुंचाई गई थी। दरअसल, काउंटर इंटेलिजेंस को विश्वसनीय सूचना मिली थी कि सीमा पार से आई बड़ी मात्रा में हेरोइन की खेप मेहता रोड के रास्ते आगे भेजी जाने वाली है। सूचना के आधार पर सेक्टर इंचार्ज इंद्रदीप सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम ने गांव गिल के पास नाकाबंदी की। इस दौरान कार को रुकवाकर तलाशी ली गई, जिसमें से 25 किलो हेरोइन बरामद हुई। मौके से कार में सवार तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान भूपिंदर सिंह उर्फ भिंदा खरोड़, रवि कुमार निवासी दसूहा और विशाल कुमार निवासी गांव अनगढ़ (अमृतसर) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक भूपिंदर सिंह कुख्यात सोनू खत्री गैंग से जुड़ा हुआ है। उसके खिलाफ हत्या, एनडीपीएस एक्ट और अन्य गंभीर मामलों सहित नौ आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस अब उसके आपराधिक नेटवर्क और अन्य साथियों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपित पाकिस्तान स्थित तस्करी नेटवर्क के संपर्क में थे।

ड्रोन के जरिए सीमा पार से भेजी गई हेरोइन को भारतीय सीमा में रिसीव करने के बाद इसे पंजाब सहित अन्य राज्यों में सप्लाई करने की योजना थी। पुलिस को आशंका है कि इस नेटवर्क में कई अन्य स्थानीय सहयोगी भी शामिल हो सकते हैं। पुलिस ने तीनों आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट समेत अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही बरामद हेरोइन के स्रोत, सप्लाई चेन, लेनदेन और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े अन्य सदस्यों की भूमिका की गहन

जांच शुरू कर दी गई है। जांच एजेंसियां यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही हैं कि यह खेप किन जिलों या राज्यों में पहुंचाई जानी थी और इसके पीछे सक्रिय तस्करी गिरोह का संचालन कैसे किया जा रहा था। गौरतलबब है कि सीमा पार से ड्रोन के माध्यम से हथियार और नशीले पदार्थ भेजे जाने की घटनाएं हाल के वर्षों में सुरक्षा एजेंसियों के लिए बड़ी चुनौती बनकर उभरी हैं। ऐसे में पंजाब पुलिस और काउंटर इंटेलिजेंस की यह कार्रवाई न केवल मादक पदार्थों की तस्करी पर बड़ा प्रहार मानी जा रही है, बल्कि इससे अंतरराष्ट्रीय ड्रग नेटवर्क की गतिविधियों का भी खुलासा होने की उम्मीद है।

सांसद की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास, शाषी परिषद एवं प्रबंध समिति की बैठक सम्पन्न

● खनन से प्रभावित क्षेत्रों के विकास हेतु सभी जनप्रतिनिधिगण अपने-अपने प्रस्ताव तीन दिनके अंदर उपलब्ध करायें- सांसद।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज। सांसद फूलपुर प्रवीण पटेल की अध्यक्षता एवं विधायक कोरांव राजमणि कोल, विधायक फूलपुर दीपक पटेल विधायक फाफामऊ गुरु प्रसाद मौर्य, विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद व सांसद इलाहाबाद के प्रतिनिधि विनय कुशवाहा, विधायक शहर पश्चिम के प्रतिनिधि प्रमोद कुमार तथा मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह की उपस्थिति में जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास, प्रयागराज की शाषी परिषद एवं प्रबंध समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक मुख्यतः जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास के अन्तर्गत प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष क्षेत्रों व प्राप्त प्रस्तावों के अनुमोदन के लिए आहूत की गयी। बैठक में जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास के अन्तर्गत प्रस्तावित विकास कार्यों की समीक्षा की गयी तथा जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में ज्येष्ठ खनन अधिकारी श्री के0के0 राय के द्वारा अवगत कराया गया कि भूतत्व एवं खनिकर्म अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा खनन क्षेत्र के विकास हेतु प्रत्यक्ष रूप से व अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्र का खनन पट्टा क्षेत्र से दूरी के आधार पर निर्धारण किया गया। जनपद प्रयागराज के विभिन्न तहसीलों में स्थित खनन पट्टा क्षेत्र को

केन्द्र बिन्दु मानते हुए 0 से 05 किलोमीटर की परिधि में आने वाले राजस्व गांव प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्र कहलायेगें तथा 05 से 10 किलोमीटर की परिधि में आने वाले राजस्व गांव अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्र है। उक्त प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष क्षेत्र के विकास हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक क्रमशः प्रतिवर्ष कुल मात्राकृत धनराशि का 70: 30 अनुपात में धनराशि व्यय की जायेगी एवं प्रत्यक्ष क्षेत्र के लिए निर्धारित 70 प्रतिशत धनराशि में से पुनः 70 प्रतिशत की धनराशि उच्च प्राथमिकता वाले कार्यों पर तथा 30 प्रतिशत की धनराशि अन्य प्राथमिकता वाले कार्यों पर व्यय किया जाना है। अप्रत्यक्ष क्षेत्र के लिए निर्धारित 30 प्रतिशत धनराशि में से पुनः 70 प्रतिशत की धनराशि उच्च प्राथमिकता वाले कार्यों पर तथा 30 प्रतिशत की धनराशि अन्य प्राथमिकता वाले कार्यों पर व्यय किया जायेगा। प्राथमिकता वाले कार्य में पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के उपाय, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, महिला, बाल, वयोवृद्ध एवं निःशक्त लोगो का कल्याण, कौशल विकास एवं आजीविका सृजन आदि तथा भौतिक अवसंरचना, सिंचाई चेकडैम, ऊर्जा एवं वाटर शेड, पर्यावरणीय गुणवत्ता आदि अन्य प्राथमिकता वाले कार्य है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में खनन क्षेत्र के विकास हेतु 15 करोड़ रूपये खर्च किया जाना प्रस्तावित है। विगत बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा सम्बंधित अधिकारियों को उपजिलाधिकारियों के माध्यम से प्राप्त खनन पट्टा क्षेत्र के प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित गॉव की सूची सभी सांसदगण एवं सभी विधायकगण को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए गये थे, जिसके अनुक्रम में सदर, फूलपुर, हण्डिया, कोरांव, मेजा, करछना व बारा तहसील के खनन पट्टे से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित राजस्व ग्रामों चयनित राजस्व ग्रामों का विवरण ज्येष्ठ खनन अधिकारी के द्वारा बैठक में रखा गया। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि सभी जनप्रतिनिधि राजस्व गांवों की सूची का अवलोकन कर लें तथा यदि कोई राजस्व गांव निर्धारित क्षेत्र सीमा में स्थित है तथा उसका नाम सूची में सम्मिलित नहीं हो पाया है, तो उसका नाम दें दे, जिससे सूची में सम्मिलित किया जा सकें। बैठक में सांसद पटेल ने कहा कि जिला खनिज फाउंडेशन न्यास की धनराशि का उपयोग शासन की मंशा के अनुरूप खनन प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, स्वच्छता एवं अन्य जन कल्याणकारी कार्यों पर प्राथमिकता के आधार पर किया जाये, जिससे स्थानीय लोगो को अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि खनन से प्रभावित क्षेत्रों का सम्यक रूप से विकास कराया जा सके, इसलिए सभी जनप्रतिनिधिगण इन क्षेत्रों के विकास हेतु अपने-अपने प्रस्ताव तीन दिवस के अंदर उपलब्ध करा दें, जिससे उन्हें भी कार्य योजना में सम्मिलित किया जा सके। सांसद जी ने कहा कि उपस्थित सभी सदस्यगणों द्वारा सर्वसम्मति से प्राथमिकता पर सर्वप्रथम खनन से से प्रभावित क्षेत्रों के सभी जूनियर व प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों के बैठने हेतु फर्नीचर की व्यवस्था किए जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया है। बैठक में विद्यालयों के मूलभूत सुविधाओं-शौचालय, पंखा, वाटर कूलर एवं स्मार्ट क्लास, दिव्यांग बच्चों के लिए ब्रेललिपि तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थायें एवं खनन वाहनों से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत के कार्य को प्राथमिकता दिए जाने का सुझाव दिया गया। इस अवस सांसद व विधायकगणों द्वारा भी अपने-अपने सुझाव दिए गए। उन्होंने अवैध खनन पर रोक लगाये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन उपमा पाण्डेय, ज्येष्ठ खनन अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

पीडीए का बुलडोजर एक्शन, 53 बीघा में विकसित अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

कई कॉलोनियों पर बड़ी कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रयागराज। प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने अवैध प्लाटिंग और अनधिकृत कॉलोनियों के खिलाफ मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 53 बीघा भूमि पर विकसित अवैध प्लाटिंग को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। जोन-02 के उपजोन-2ए एवं 2बी क्षेत्र में चले इस अभियान के दौरान कई स्थानों पर सड़कें, प्लाटों की बाउंड्री, अवैध विकास कार्य एवं अन्य निर्माण हटाए गए। कार्रवाई के दौरान संबंधित क्षेत्रों में अफरा-तफरी का माहौल रहा और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर मौजूद रहे। पीडीए के जोनल अधिकारी सूरज कुमार पटेल के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के तहत सबसे पहले

असरावेंकलां में अनुज सिंह, शिवांश श्रीवास्तव एवं रूपेश द्विवेदी द्वारा लगभग 20 बीघा भूमि पर विकसित अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। इसी क्षेत्र में मधुकर मिश्रा द्वारा लगभग 8 बीघा भूमि पर की गई अवैध प्लाटिंग पर भी बुलडोजर चलाकर उसे हटाया गया। इसके बाद टीम रावतपुर पहुंची, जहां अनुज सिंह द्वारा लगभग 7 बीघा भूमि पर विकसित अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। वहीं कटहुला गौसपुर में पप्पू पाल, मनोज पाल एवं विजय पाल द्वारा लगभग 4 बीघा क्षेत्र में विकसित की गई अवैध प्लाटिंग को भी पूरी तरह हटाने की कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान शाहउर्फ पीपलगांव में भी पीडीए ने सख्त रुख अपनाया। यहां अनुज सिंह, मोहम्मद शकील एवं मोहम्मद शाहबाज सईद द्वारा लगभग 2 बीघा भूमि पर विकसित अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। इसके अतिरिक्त इसी क्षेत्र में सुशील यादव, मोहम्मद मुस्लिम, फरमूद मुल्ला, मकबूल अहमद, अनस, वदूद अहमद, लल्लू उर्फ रामनाथ, मेट्रो इन्फ्रावेंचर प्राइवेट लिमिटेड तथा सुरेन्द्र द्विवेदी द्वारा लगभग 12 बीघा भूमि पर किए गए अवैध विकास कार्यों पर भी बुलडोजर चलाकर कार्रवाई की गई। पीडीए अधिकारियों ने बताया कि बिना स्वीकृत मानचित्र और प्राधिकरण की अनुमति के विकसित की जा रही कॉलोनियों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति या संस्था के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और अवैध निर्माण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

छिवकी रेलवे स्टेशन पर 22 शीशी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नैनी, प्रयागराज । जीआरपी छिवकी एवं आरपीएफ की संयुक्त टीम ने मंगलवार को छिवकी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-2 से एक व्यक्ति को 22 शीशी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया। बरामद शराब की अनुमानित कीमत करीब 20 हजार रुपये बताई गई है। जीआरपी के अनुसार, रेलवे स्टेशन, सर्कुलेटिंग एरिया एवं ट्रेनों में चोरी, छिनैती, अवैध तस्करी और अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रयागराज के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी रेलवे अरुण कुमार पाठक के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक जीआरपी प्रयागराज अकलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रामकरन सिंह

(प्रभारी चौकी जीआरपी छिवकी) एवं आरपीएफ की संयुक्त टीम ने मंगलवार सुबह करीब 11:20 बजे प्लेटफॉर्म संख्या-2 के दिल्ली छोर स्थित एक बेंच के पास संदिग्ध अवस्था में खड़े व्यक्ति को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अभय बागची उर्फ अभोय बागची (45) पुत्र स्वर्गीय जे.आर. बागची, निवासी उत्तरी लोकपुर, अरैल रोड, नैनी, प्रयागराज के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 22 शीशी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। जीआरपी ने अभियुक्त के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय भेजने की कार्रवाई शुरू की।

सार्वजनिक सुलभ शौचालय पर अक्सर लटका रहता है ताला, लोग परेशान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नैनी, प्रयागराज। नैनी सब्जी मंडी के समीप स्थित सार्वजनिक सुलभ शौचालय की अव्यवस्था से स्थानीय लोगों और राहगीरों में नाराजगी है। आरोप है कि शौचालय में आए दिन ताला लगा रहता है, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्रीय सभासद द्वारा शौचालय के बाथरूम के उपयोग पर शुल्क न लेने के निर्देश दिए जाने के बावजूद कर्मचारियों द्वारा चार्ज वसूला जा रहा है। इससे आम नागरिकों में रोष व्याप्त है। लोगों का आरोप है कि सार्वजनिक सुविधा के लिए बनाए गए इस शौचालय में नियमित रूप से ताला लगाए जाने और मनमानी शुल्क वसूली के कारण इसका उद्देश्य ही प्रभावित हो रहा है। नागरिकों ने नगर निगम के अधिकारियों से मामले की जांच कर कर्मचारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने तथा शौचालय को नियमित रूप से आम लोगों के लिए खुला रखने की मांग की है।

प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट की समीक्षा बैठक

जुलाई के अंत तक लंबित विवेचनाओं के निस्तारण के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रयागराज। पुलिस आयुक्त जोगेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइंस स्थित त्रिवेणी सभागार में कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा को लेकर महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. अजय पाल शर्मा, सभी पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारी, विवेचक तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में पुलिस आयुक्त ने अपराध नियंत्रण, विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी तथा कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश

दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ करें तथा जनता से जुड़े मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। पुलिस आयुक्त ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि 60 एवं 90 दिनों से लंबित सभी विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण जुलाई माह के अंत तक हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। वहीं सभी सहायक पुलिस आयुक्तों को निर्देश दिया गया कि वे लंबित विवेचनाओं की नियमित समीक्षा एवं पर्यवेक्षण करते हुए उनके शीघ्र निस्तारण की निगरानी करें। बैठक में गैंगस्टर एक्ट से संबंधित लंबित मुकदमों की भी समीक्षा की गई। थाना प्रभारियों एवं विवेचकों को निर्देश दिए गए कि ऐसे मामलों की विवेचना में तेजी लाते हुए शीघ्र चार्जशीट दाखिल की जाए। महिला संबंधी अपराध, हत्या, लूट, चोरी, नकबजनी, चेन स्नैचिंग तथा अन्य जघन्य अपराधों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वांछित अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी कर विवेचनाओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। पुलिस आयुक्त ने जनपद में चिन्हित भू-माफियाओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों के खिलाफ नियमानुसार गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उनकी अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों के जब्तीकरण की प्रक्रिया भी तेज की जाए। साथ ही सभी थानों को हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की सूची अपडेट करने, उनका नियमित सत्यापन करने और उनकी गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

बेंगलुरु राजधानी एक्सप्रेस में बुजुर्ग दंपती का पर्स चोरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ललितपुर। नई दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन से हैदराबाद जा रही 22692 केएसआर बेंगलुरु राजधानी एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे पंजाब के एक बुजुर्ग दंपती का लाखों रुपये मूल्य के आभूषण, आईफोन और नगदी से भरा लेडीज पर्स चोरी होने का मामला सामने आया है।

शिकायत मिलने पर जीआरपी थाना ललितपुर ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसएएस नगर (मोहाली), पंजाब निवासी अशोक गनडोरा अपनी पत्नी पूनम के साथ राजधानी एक्सप्रेस के ए-2 कोच की सीट संख्या 1 और 3 पर यात्रा कर रहे थे।

यात्रा के दौरान उनकी पत्नी ने अपना भूरे रंग का लेडीज पर्स सिरहाने रख दिया था। बताया गया कि 12 जून की रात करीब 1:30 बजे, जब ट्रेन झांसी रेलवे स्टेशन के आसपास थी, तब उनकी नींद खुली तो पर्स गायब मिला।

तालबेहट में मवेशी चोरी के संगठित गिरोह का खुलासा, दो मामलों में एक जैसे आरोपियों पर एफआईआर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ललितपुर। तालबेहट थाना क्षेत्र में मवेशी चोरी के दो अलग-अलग मामलों में एक ही गिरोह के शामिल होने की आशंका के बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। 6 जुलाई को दर्ज दो अलग-अलग एफआईआर में कई समान आरोपियों के नाम सामने आने से यह मामला चर्चा का विषय बन गया है। पुलिस ने दोनों मामलों में बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामला ग्राम खांदी मजरा टेकरी का है, जहां निवासी रोहित यादव ने शिकायत दर्ज कराई कि 5 मई को उनके घर के बाहर बंधे एक बकरे और एक बकरी की चोरी हो गई। काफी तलाश के बाद उन्होंने कुछ लोगों पर संलिप्तता का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी।

प्रेमिका से शादी की जिद में हाईटेंशन टावर पर चढ़ा युवक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रयागराज। मऊआइमा थाना क्षेत्र में मंगलवार को प्रेम प्रसंग का मामला उस समय हाई प्रोफाइल ड्रामे में बदल गया, जब एक युवक अपनी प्रेमिका से शादी कराने की मांग को लेकर हाईटेंशन बिजली के टावर पर चढ़ गया। युवक ने साफ कहा कि जब तक उसकी शादी नहीं कराई जाएगी, वह टावर से नीचे नहीं उतरेगा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और बिजली विभाग के अधिकारियों में हड़कंप मच गया, जबकि मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार, मऊआइमा थाना क्षेत्र के रोजिहित गांव निवासी श्याम बाबू क्षेत्र में एक कोचिंग

संस्थान संचालित करता है। बताया जा रहा है कि उसकी कोचिंग में पढ़ने वाली एक युवती से उसका प्रेम संबंध था। युवक युवती से शादी करना चाहता था, लेकिन युवती और उसके परिजन इस रिश्ते के लिए तैयार नहीं थे। इसी बात से आहत होकर युवक पिलखुवा गांव के पास स्थित हाईटेंशन बिजली के टावर पर चढ़ गया। युवक के टावर पर चढ़ने की सूचना मिलते ही मऊआइमा थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए पुलिस ने पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर दी और लोगों को सुरक्षित दूरी पर रहने की हिदायत दी। साथ ही बिजली विभाग के अधिकारियों को भी मौके पर बुलाया गया, ताकि बचाव कार्य सुरक्षित ढंग से किया जा सके। करीब ढाई से तीन घंटे तक पुलिस अधिकारी युवक को समझाने-बुझाने में जुटे रहे। इस दौरान युवक बार-बार अपनी प्रेमिका से शादी कराने की मांग दोहराता रहा। उसने अपनी मांगों से संबंधित एक पत्र भी टावर से नीचे फेंका, जिसमें प्रेमिका से विवाह कराने की अपील की गई थी। । पुलिस अधिकारियों ने धैर्यपूर्वक उससे बातचीत की और उसे विश्वास दिलाया कि उसकी बात सुनी जाएगी तथा कानूनी प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। युवक आखिरकार सुरक्षित नीचे उतर आया। पुलिस ने उसे अपनी अभिरक्षा में लेकर मऊआइमा थाने पहुंचाया। इसके बाद युवती और उसके परिजनों को भी थाने बुलाया गया, जहां दोनों पक्षों से अलग-अलग और आमने-सामने बातचीत की गई। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी जुटाई और दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए।

प्रयागराज जंक्शन पर 50 लाख रुपये के नकली नोटों जैसी गड्डियों के साथ शातिर ठग गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रयागराज। रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में बढ़ते अपराध, चोरी, छिनैती तथा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जीआरपी प्रयागराज ने मंगलवार को बड़ी सफलता हासिल की। जीआरपी और सीआईबी आरपीएफ की संयुक्त टीम ने प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन से एक शातिर ठग को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 50 लाख रुपये मूल्य की नकली नोटों जैसी गड्डियां बरामद की हैं। आरोपी इन गड्डियों का झांसा देकर लोगों से असली रुपये लेकर फरार हो जाता था। जानकारी के अनुसार, पुलिस महानिदेशक रेलवे, पुलिस महानिरीक्षक रेलवे प्रयागराज तथा पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रयागराज के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी रेलवे अरुण कुमार पाठक के निकट पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक जीआरपी प्रयागराज अकलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजकुमार चौहान तथा सीआईबी आरपीएफ की संयुक्त टीम रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी कर रही थी। इसी दौरान टीम ने प्रयागराज जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर दिल्ली छोर की ओर जंक्शन बोर्ड से पहले चिलवल के पेड़ के नीचे बने चबूतरे के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। पूछताछ और तलाशी लेने पर उसके पास से पाँच-पाँच सौ रुपये के नोटों जैसी दिखाई देने वाली गड्डी के रूप में तैयार दस-दस गड्डियों के कुल दस बंडल बरामद हुए। इन गड्डियों पर सफेद पारदर्शी प्लास्टिक की पैकिंग की गई थी और इनका कुल अंकित मूल्य 50 लाख रुपये था। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान रामनिवास के रूप में हुई है। वह लोगों को नकली नोटों की गड्डियां दिखाकर लालच देता था और असली रुपये लेकर मौके से फरार हो जाता था। आरोपी लंबे समय से इस प्रकार की धोखाधड़ी को अंजाम दे रहा था। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर जीआरपी प्रयागराज थाने में मु0अ0सं0 308/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 180, 182 एवं 318(4) में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर उसके अन्य साथियों, संभावित गिरोह और इस प्रकार की वारदातों में उसकी संलिप्तता की जांच कर रही है।

राम यश पीजी कॉलेज में साइबर जागरूकता अभियान

500 एनसीसी कैडेट्स व शिक्षकों को बताए गए ऑनलाइन सुरक्षा के उपाय।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रयागराज। साइबर अपराधों में लगातार हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए कमिश्नरेट प्रयागराज की साइबर सेल द्वारा नवाबगंज थाना क्षेत्र स्थित राम यश पीजी कॉलेज में व्यापक साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों से आए लगभग 500 एनसीसी कैडेट्स के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया तथा ऑनलाइन ठगी से बचाव के प्रभावी उपाय बताए गए।

कार्यक्रम के दौरान साइबर सेल की टीम ने बताया कि डिजिटल युग में साइबर अपराधियों द्वारा फर्जी कॉल, फिशिंग लिंक, सोशल मीडिया, ओटीपी, केवाईसी अपडेट, ऑनलाइन लॉटरी, निवेश योजनाओं और अन्य माध्यमों से लोगों को ठगी का शिकार बनाया जा रहा है। ऐसे मामलों से बचने के लिए प्रत्येक नागरिक को सतर्क रहने की आवश्यकता है। साइबर विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को सलाह दी कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, मजबूत और सुरक्षित पासवर्ड का उपयोग करें, सोशल मीडिया पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से बचें तथा किसी भी प्रकार की ऑनलाइन लॉटरी, इनाम या आकर्षक ऑफर के झांसे में न आएं। इसके अलावा सार्वजनिक वाई-फाई का उपयोग सावधानी से करने, अपने मोबाइल और ब्राउजर को नियमित रूप से अपडेट रखने तथा सोशल मीडिया खातों पर टू-स्टेप वेरिफिकेशन (2-Step Verification) सक्रिय रखने की भी सलाह दी गई। अनजान नंबरों से आने वाली संदिग्ध कॉल और संदेशों से सतर्क रहने का भी आह्वान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कैडेट्स और शिक्षकों को बताया गया कि यदि किसी भी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी या ऑनलाइन धोखाधड़ी होती है तो वह बिना देरी किए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें। साथ ही Cyber Crime Portal पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकते हैं या अपने नजदीकी थाने की साइबर हेल्प डेस्क पर पहुंचकर लिखित शिकायत दे सकते हैं। साइबर सेल की टीम ने प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों के उत्तर भी दिए और साइबर अपराध से बचाव के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी। इस जागरूकता अभियान में प्रभारी साइबर सेल उपनिरीक्षक घनश्याम यादव, उपनिरीक्षक स्वतंत्र कुमार, उपनिरीक्षक रूपेश कुमार तथा कांस्टेबल अनमोल सिंह ने सक्रिय सहभागिता की। टीम ने सभी से अपील की कि साइबर सुरक्षा संबंधी सावधानियों का पालन करें और किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। कार्यक्रम के अंत में साइबर सेल की टीम ने संदेश दिया कि 'साइबर अपराध के प्रति जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है।'

सीरिया दौरे पर थे मैक्रों, तभी दमिश्क में धमाकों से दहला इलाका

पेरिस(एजेंसी)। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की ऐतिहासिक सीरिया यात्रा के दौरान मंगलवार को राजधानी दमिश्क में कई विस्फोट हुए। सीरिया के सरकारी मीडिया के अनुसार, इन धमाकों में कम से कम चार लोग घायल हो गए। मैक्रों जब सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा से मुलाकात के लिए राष्ट्रपति भवन पहुंचे थे तभी 'फोर सीजन्स होटल' के निकट विस्फोट हुए। हालांकि, सीरियाई अधिकारियों ने घटना पर तत्काल कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की। सीरिया की मीडिया के अनुसार, मैक्रों इसी 'फोर सीजन्स' होटल में ठहरे हुए हैं। वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति के कार्यालय ने कहा कि राष्ट्रपति पूरी तरह सुरक्षित हैं और उनकी राष्ट्रपति अहमद अल-शरा के साथ बैठक जारी है। मैक्रों, अहमद अल-शरा के सत्ता में आने के बाद सीरिया का दौरा करने वाले पश्चिमी देशों के प्रमुख नेता हैं। उनकी यह यात्रा तुर्किये की राजधानी अंकारा में होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन से पहले हो रही है।मैक्रों ने सीरिया पर लगे अधिकांश प्रतिबंध हटाने के लिए यूरोप और अमेरिका को राजी करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वह सोमवार रात एक आर्थिक प्रतिनिधिमंडल के साथ सीरिया पहुंचे। इस दौरान उनके और राष्ट्रपति अल-शरा के बीच कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर होने हैं। युद्ध से तबाह सीरिया निवेशकों को आकर्षित कर देश के पुनर्निर्माण को गति देना चाहता है। सीरिया के सरकारी टेलीविजन ने एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी के हवाले से बताया कि राजधानी के मध्य क्षेत्र में दोनों विस्फोट, संवर्धित विस्फोटक उपकरणों के जरिए किए गए।इनमें से एक उपकरण कूड़ेदान में रखा गया था, जबकि दूसरा एक खड़ी कार में रखा गया था। रिपोर्ट के अनुसार, विस्फोटों में कम से कम चार लोग घायल हुए हैं, जिनमें कई पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। फिलहाल किसी की मौत की सूचना नहीं है। घटना की जांच जारी है। विस्फोट स्थल से धुएं का घना गुबार उठता देखा गया। यह इलाका दमिश्क की एक व्यस्त सड़क पर स्थित है और पर्यटन मंत्रालय के मुख्यालय तथा दमिश्क राष्ट्रीय संग्रहालय के निकट है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में एक वैन और एक मोटरसाइकिल आग की लपटों में घिरी दिखाई दे रही हैं, जबकि सड़क पर खून के धब्बे भी नजर आ रहे हैं। अभी तक किसी भी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। यह घटना उस हमले के कुछ ही दिन बाद हुई है, जिसमें दमिश्क के जस्टिस पैलेस के पास एक कैफे में विस्फोटक उपकरण से हमला किया गया था। उस हमले में कम से कम 10 लोगों की मौत हुई थी और 20 से अधिक लोग घायल हुए थे। ये विस्फोट राष्ट्रपति अहमद अल-शरा के लिए बड़ा झटका माने जा रहे हैं। अल-शरा ने वर्ष 2024 में विद्रोह का नेतृत्व करते हुए बशर अल-असद की सरकार को सत्ता से बेदखल किया था।

जगन्नाथ मंदिर समिति ने राष्ट्रपति-पीएम को लिखा पत्र

श्री जगन्नाथ मंदिर प्रबंध समिति (एसजेटीएमसी) ओडिशा के पुरी स्थित 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर की सबसे बड़ी नीति बनाने वाली संस्था है। दिब्यसिंह देब ने चार जुलाई को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा, पिछले करीब दो दशकों से श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (पुरी) इस जरूरी मुद्दे को सुलझाने के लगातार प्रयास कर रहा है। इसके अलावा, ओडिशा सरकार भी समय-समय पर इस बारे में बयान देती रही है। लेकिन इसके बावजूद भारत के बाहर इस्कॉन की ओर से की जा रही समय से पहले श्री जगन्नाथ यात्राओं को रोकने में सफलता नहीं मिली।

भुवनेश्वर (ओडिशा)(एजेंसी)। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रबंध समिति (एसजेटीएमसी) के अध्यक्ष और गजपति महाराजा दिव्यसिंह देव ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। उन्होंने उनसे आग्रह किया कि इस्कॉन की ओर से दुनियाभर में भगवान जगन्नाथ की समय से पहले निकाली जा रही 'स्नान यात्रा' और 'रथ यात्रा' को रोकने के लिए हस्तक्षेप करें। उन्होंने कहा कि इस्कॉन सदियों पुरानी परंपरा से अलग हटकर ये आयोजन कर रहा है, जिससे करोड़ों श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। पुरी के गजपति महाराजा दिव्यसिंह ने कहा, कई बार अनुरोध करने के बाद भी इस्कॉन भगवान जगन्नाथ के त्योहारों के आयोजन में पवित्र शास्त्रों और सदियों पुरानी परंपराओं के नियमों का पालन नहीं कर रहा है। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रबंध समिति (एसजेटीएमसी) ओडिशा के पुरी स्थित 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर की सबसे बड़ी नीति बनाने वाली संस्था है। दिब्यसिंह देब ने चार जुलाई को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा, पिछले करीब दो दशकों से श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (पुरी) इस जरूरी मुद्दे को सुलझाने के लगातार प्रयास कर रहा है। इसके अलावा, ओडिशा सरकार भी समय-समय पर इस बारे में बयान देती रही है। लेकिन इसके बावजूद भारत के बाहर इस्कॉन की ओर से की जा रही समय से पहले श्री जगन्नाथ यात्राओं को रोकने में सफलता नहीं मिली। भगवान जगन्नाथ के प्रथम सेवक माने जाने वाले दिब्यसिंह देब ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की गौरवशाली परंपरा की पवित्रता को दुनियाभर में बनाए रखने और भारत व विदेश में रहने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान करने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री से दोबारा अपील की है। उन्होंने प्रधानमंत्री से कहा कि वह ऐसे कदम उठाएं, जिससे इस्कॉन की ओर से शास्त्रों और परंपराओं के खिलाफ आयोजित की जा रही समय से पहले 'स्नान यात्रा' और 'रथ यात्रा' को रोका जा सके। श्री जगन्नाथ संस्कृति पर शोध करने वाले प्रोफेसर हरेकृष्ण सत्पथी ने कहा, इससे पहले दिब्यसिंह देब ने प्रधानमंत्री मोदी को 24 अक्तूबर 2025 और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को 20 अप्रैल 2026 को पत्र लिखा था। इसलिए एसजेटीएमसी ने दिल्ली एक प्रतिनिधिमंडल भेजने का फैसला किया है। यह प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री दोनों से मुलाकात करेगा और उन्हें श्री जगन्नाथ संस्कृति की पवित्रता बनाए रखने के महत्व के बारे में बताएगा। दिब्यसिंह देब ने माना कि केवल ओडिशा सरकार और जगन्नाथ मंदिर प्रशासन भारत के बाहर इस्कॉन की ओर से समय से पहले होने वाली रथ यात्रा को नहीं रोक सकते। उन्होंने कहा, हमने इस मामले को ओडिशा के मुख्यमंत्री, कानून मंत्री, सांसदों और विधायकों के सामने उठाया है, ताकि सभी मिलकर इस मुद्दे पर काम करें और पुरी के श्री जगन्नाथ मंदिर की सदियों पुरानी परंपरा को बचाया जा सके।

डिजिटल दौर में आंखों का रखें ख्याल आयुर्वेद के ये आसान उपाय आएंगे काम

आज के समय में मोबाइल, कंप्यूटर और टीवी का इस्तेमाल बहुत बढ़ गया है। लगातार स्क्रीन देखने की वजह से आंखों में थकान, जलन, सूखापन और रोशनी से जुड़ी समस्याएं बढ़ रही हैं। ऐसे में आंखों की सही देखभाल करना बेहद जरूरी हो गया है। आयुर्वेद में आंखों को शरीर का बेहद महत्वपूर्ण अंग माना गया है और इन्हें स्वस्थ रखने के लिए कई आसान उपाय बताए गए हैं। आयुर्वेद के अनुसार, आंखों की समस्याओं के पीछे मुख्य रूप से तीन कारण हो सकते हैं। पहला, आंखों का जरूरत से ज्यादा या गलत तरीके से इस्तेमाल करना। दूसरा, अपनी जीवनशैली और आदतों में लापरवाही करना। तीसरा, मौसम में होने वाले असामान्य बदलाव। इनसे बचने के लिए सही खानपान, अच्छी दिनचर्या और कुछ प्राकृतिक उपायों को अपनाने की सलाह दी गई है। आंखों की देखभाल के लिए पादाभ्यंग (पैरों की तेल से मालिश) को भी लाभकारी बताया गया है। रोजाना गुनगुने तेल से पैरों की मालिश करने से शरीर को आराम मिलता है और आंखों की थकान कम करने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा ठंडे पानी से आंखों को धोना भी एक आसान उपाय है। दिन में कुछ बार आंखों पर ठंडे पानी के छींटे मारने से ताजगी महसूस होती है। आयुर्वेद और योग में आंखों के लिए कई तरह के अभ्यास बताए गए हैं। इनमें पामिंग एक सरल तरीका है। इसमें आंखें बंद करके हथेलियों से उन्हें ढककर कुछ देर आराम किया जाता है। इससे आंखों को आराम मिलता है और तनाव कम महसूस होता है। इसी तरह आंखों को धीरे-धीरे दाएं-बाएं घुमाने जैसे अभ्यास भी आंखों की मांसपेशियों को सक्रिय रखने में मदद कर सकते हैं। सूर्य की हल्की रोशनी में बैठना, मोमबत्ती की लौ पर ध्यान केंद्रित करना और त्राटक जैसे योग अभ्यास भी पारंपरिक रूप से आंखों के लिए उपयोगी माने जाते हैं। आंखों को स्वस्थ रखने के लिए कुछ बुरी आदतों से बचना भी जरूरी है। ज्यादा देर तक स्क्रीन देखने से बचें, पर्याप्त नींद लें और आंखों पर अनावश्यक दबाव न डालें। इसके अलावा, पढ़ते समय पर्याप्त रोशनी का ध्यान रखें और किताब या स्क्रीन को आंखों से उचित दूरी पर रखें। समय-समय पर आंखों को आराम देना भी जरूरी है। लंबे समय तक आंखों में परेशानी, धुंधला दिखाई देना या दर्द जैसी समस्या होने पर विशेषज्ञ की सलाह जरूर लेनी चाहिए।

चाइल्ड आर्टिस्ट के रूप में रखा कदम, फिर बॉलीवुड की प्रमुख अभिनेत्रियों में एक बनीं

उनके पिता का नाम दर्शन सिंह और मां का नाम राजी कौर था। हालांकि, बेहद कम उम्र में पिता के निधन के बाद नीतू परिवार के साथ मुंबई शिफ्ट हो गई और बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट काम करने लगी। नीतू सिंह का असली नाम हरनीत कौर था लेकिन फिल्म में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट काम करने के दौरान उन्हें 'बेबी सोनिया' या 'बेबी नीतू' के स्क्रीन नाम से जाना जाने लगा।

बॉलीवुड ने हर दशक में एक से बढ़कर एक दिग्गज अभिनेत्री पाई है, जिन्होंने अपनी शानदार अभिनय, बेमिसाल खूबसूरती और लाजवाब डांस मूव्स से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को ऊंचाइयों तक पहुंचाने और लाखों दर्शकों के दिलों पर राज करने में अहम भूमिका निभाई। उन्हीं हिंदी चलचित्र अभिनेत्रियों में एक नीतू सिंह हैं, जो अब नीतू कपूर के नाम से जानी जाती हैं। बॉलीवुड की 1960 और 1970 के दशक की प्रमुख अभिनेत्रियों में एक, नीतू सिंह का जन्म 8 जुलाई 1958 को नई दिल्ली में एक पंजाबी जाट सिख परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम दर्शन सिंह और मां का नाम राजी कौर था। हालांकि, बेहद कम उम्र में पिता के निधन के बाद नीतू परिवार के साथ मुंबई शिफ्ट हो गई और बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट काम करने लगी। नीतू सिंह का असली नाम हरनीत कौर था लेकिन फिल्म में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट काम करने के दौरान उन्हें 'बेबी सोनिया' या 'बेबी नीतू' के स्क्रीन नाम से जाना जाने लगा। इसके बाद में फिल्मों में मुख्य अभिनेत्री के रूप में उनकी शुरुआत के साथ उन्हें 'नीतू सिंह' नाम दिया गया। बाल कलाकार के रूप में नीतू ने अपनी एक्टिंग करियर की शुरुआत 1966 में आई फिल्म 'सूरज' से की। इसके बाद उन्होंने चाइल्ड आर्टिस्ट के रूप में कई और फिल्मों में काम किया, जिसमें 'दस लाख' और 'दो कलियां' शामिल हैं। बाल अभिनेत्री के रूप में उनकी 'दो कलियां' फिल्म सबसे लोकप्रिय रही। इसमें उनके डबल रोल को काफी पसंद किया गया और उन्हें खूब सराहना मिली। इसके बाद नीतू ने एक मुख्य अभिनेत्री के रूप में फिल्म 'रिक्शावाला' से इंडस्ट्री में कदम रखा। इसके बाद अभिनेत्री ने कई फिल्मों में अपने शानदार अभिनय का परिचय दिया, जिसमें 'कभी-कभी', 'यादों की बारात', 'दीवार', 'खेल खेल में', 'काला पत्थर', 'अमर अकबर एंथनी', 'रफू चक्कर', 'दूसरा आदमी', आदि फिल्में शामिल हैं। इन फिल्मों के बदौलत वह 70 के दशक की सबसे लोकप्रिय और सफल अभिनेत्रियों में से एक बन गई। अभिनेत्री ने 22 जनवरी 1980 को बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता ऋषि कपूर से शादी की। इसके बाद उन्होंने अपने जीवन के नए अध्याय और परिवार पर ध्यान देने के लिए फिल्मों से लंबे समय का ब्रेक लिया। अभिनेत्री ने शादी के 26 वर्ष बाद एक बार फिर पर्दे पर 'लव आज कल' फिल्म से शानदार वापसी की और 'दो दूनी चार,' 'जब तक है जान,' 'जुग जुग जियो,' और 'बेशरम' जैसी फिल्मों में नजर आई। दर्शकों को पर्दे पर नीतू कपूर और ऋषि कपूर की जोड़ी काफी पसंद आती थी। नीतू सिंह ने अपने प्रेमी और फिर पति ऋषि कपूर के साथ लगभग 12 फिल्मों में एक साथ काम किया, जिसमें 'खेल खेल में', 'रफू चक्कर', 'कभी कभी', 'अमर अकबर एंथोनी', 'दूसरा आदमी', 'दुनिया मेरी जेब में', 'जहरीला इंसान', 'पति पत्नी और वो', 'जिंदा दिल', 'अनजाने में', 'झूठा कहीं का' और 'धन दौलत' शामिल हैं। नीतू सिंह ने अपने पूरे करियर में लगभग 80 से अधिक फिल्मों में काम किया है। उनके दो बच्चे हैं, अभिनेता रणबीर कपूर और रिद्धिमा कपूर। बेटी रिद्धिमा कपूर साहनी एक फैशन और ज्वैलरी डिजाइनर हैं। वहीं, बेटा रणबीर कपूर बॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता हैं। रिद्धिमा के पति का नाम भरत साहनी है, जो कि एक बिजनेसमैन हैं और दोनों की एक बेटी समारा है। वहीं, रणबीर ने अभिनेत्री आलिया भट्ट से शादी की है और उनकी भी एक बेटी राहा है।

मोदी सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को आईसीयू में पहुंचा दिया : कांग्रेस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज। कांग्रेस ने सोमवार को केंद्र सरकार पर देश की शिक्षा व्यवस्था को 'आईसीयू' में पहुंचाने का आरोप लगाया और कहा कि इस स्थिति में सुधार के लिए उनकी पार्टी द्वारा जल्द ही एक ''एजुकेशन चार्टर'' तैयार किया जाएगा।कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने यह भी कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना चाहिए और पेपर लीक माफिया से उनके कथित संबंधों की जांच कराई जानी चाहिए। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हिंदुस्तान की शिक्षा व्यवस्था को मोदी सरकार ने आईसीयू में पहुंचा दिया है। ऐसे में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी देश भर के छात्रों से मिल रहे हैं और उनकी बात सुन रहे हैं ताकि शिक्षा व्यवस्था में परिवर्तन लाया जा सके। उनका कहना था कि इसी उद्देश्य से राहुल गांधी ने हाल में राजस्थान के कोटा में छात्रों और उनके अभिभावकों के बीच एक प्रस्तुति दी थी और अब इस अभियान को देश के विभिन्न हिस्सों में आगे बढ़ाया जा रहा है।

कन्हैया कुमार ने सरकार के सामने कांग्रेस की तीन मांगे भी रखी।1. धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा हो और पेपर लीक माफिया से इनके संबंधों की जांच की जाए2. हिंदुस्तान की शिक्षा व्यवस्था को बदला जाए, जिसके लिए यूपीए सरकार ने कमेटी बनाई थी, लेकिन एनडीए सरकार ने मनमाने तरीके से एनटीए को खड़ा कर दिया3. युवाओं के लिए नियमित जॉब कैलेंडर जारी किया जाए और परीक्षा भर्ती प्रक्रियाओं के लिए एक एकेडमिक कैलेंडर निकाला जाए। कुमार ने कहा, ''हम छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के सुझावों को संकलित कर रहे हैं। आने वाले दिनों में हम एक एजुकेशन चार्टर बनाएंगे और देश की शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करेंगे।''उन्होंने आरोप लगाया कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए समिति बनाई थी, लेकिन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार ने मनमाने तरीके से राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) का गठन कर दिया। कुमार ने युवाओं के लिए नियमित रोजगार कैलेंडर जारी करने तथा परीक्षाओं और भर्तियों के लिए एक अकादमिक कैलेंडर लागू करने की भी मांग की।इस मौके पर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने आरोप लगाया कि देश की शिक्षा व्यवस्था बदहाल है और शैक्षणिक संस्थानों को व्यवस्थित तरीके से कमजोर किया जा रहा है। जाखड़ ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति का कार्यकाल बार-बार बढ़ाया जाना सवाल खड़ा करता है। उन्होंने दावा किया कि परिसर में आवाज उठाने वाले छात्रों को मुकदमों की धमकी दी जाती है और विशेष विचारधारा के लोगों की कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में नियुक्तियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इन्हीं मुद्दों को लेकर एनएसयूआई ने संगठनात्मक चुनावों की शुरुआत की है और वह प्रत्येक परिसर में चुनाव के माध्यम से अपनी इकाइयों का गठन करेगी ताकि छात्रों को अपनी आवाज उठाने का मंच मिल सके।

श्रीभूमि जिले के पांचडाली से श्यामनगर एनडी बांध को जोड़ने वाली सड़क कि क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

श्रीभूमि। असम के श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र के दरगारबंद ग्राम पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या-5 में पांचडाली से श्यामनगर एनडी बांध को जोड़ने वाली सड़क पर वर्ष 2025 में सरकारी पहल से एक पुलिया का निर्माण कराया गया था। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण के एक वर्ष के भीतर ही नदी के तेज बहाव के कारण पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई। वर्तमान में ग्रामीणों के आवागमन का एकमात्र सहारा बांस से बना अस्थायी पुल है, जिसे पार करते समय प्रतिदिन जान का जोखिम उठाना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया की शीघ्र मरम्मत अथवा पुनर्निर्माण होने से अनीपुर तक का महत्वपूर्ण और छोटा संपर्क मार्ग फिर से चालू हो जाएगा। इससे दुल्लभछड़ा मॉडल विलेज, कृष्णनगर, रूपाग्राम, श्यामनगर और पांचडाली के लोगों को आनीपुर बाजार तक आसान आवागमन की सुविधा मिलेगी। स्थानीय लोगों के अनुसार यह मार्ग एक वैकल्पिक बाईपास सड़क के रूप में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में कमी या पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के अभाव के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है, जिससे लंबे समय से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक विजय मालाकार से ईस मामले का संज्ञान लेकर घटनास्थल का निरीक्षण कराने, आवश्यक जांच करवाने तथा पुलिया की शीघ्र मरम्मत या पुनर्निर्माण कर स्थायी समाधान सुनिश्चित करने की मांग की है। ताकि लोगों का समस्या का समाधान हो सके।

कर्नाटक एसआईआर: अब एनडीए भी लगा रहा है धांधली का आरोप, डीके और सुरजेवाला का पलटवार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज। कर्नाटक में मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच राजनीतिक घमासान तेज हो गया है। एनडीए नेताओं ने इस प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के आरोप लगाए हैं। इसके जवाब में कांग्रेस के कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने एनडीए नेताओं को बिहार और बंगाल के एसआईआर में विपक्ष के आरोपों को याद दिलाया है। सोमवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (CEO) वी. अनबुकुमार से मुलाकात की और एक औपचारिक शिकायत सौंपी। एनडीए नेताओं ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची के संशोधन में जुटे अधिकारी स्वीकृत नियमों और दिशानिर्देशों की पूरी तरह अनदेखी कर रहे हैं। शिकायत में कहा गया कि बूथ स्तर के अधिकारियों (BLOs) को घर-घर जाकर सत्यापन करने का सख्त निर्देश है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका पालन नहीं किया जा रहा है। विपक्ष का कहना है कि घर घर जाने के बजाय समुदाय भवनों, मस्जिदों और बीएलओ के निजी आवासों पर मतदाता फॉर्म भरे जा रहे हैं। इसके लिए बकायदा व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर लोगों को इन जगहों पर आने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जो कि निर्वाचन आयोग के नियमों का सीधा उल्लंघन है। विपक्षी दलों ने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया कि वह इन सामूहिक नामांकन शिविरों के जरिए 'अवैध प्रवासियों (जैसे बांग्लादेशी प्रवासियों)' के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने का काम कर रही है। उन्होंने अपने दावों के समर्थन में कुछ वीडियो भी जारी किए हैं। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की है कि इस पूरी प्रक्रिया की तुरंत जांच कराई जाए, अब तक भरे गए सभी फॉर्म का दोबारा घर-घर जाकर अनिवार्य रूप से सत्यापन हो और दोषी अधिकारियों व राजनीतिक कार्यकर्ताओं के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने एनडीए नेताओं को एक्स पर जवाब दिया। उन्होंने लिखा- कर्नाटक में 'स्पेशल इंटेंसिव रिविज़न' (SIR) का विरोध करने वाले कर्नाटक के पूरी तरह से बंटे हुए और निराश BJP नेताओं (जिनके साथ निश्चित रूप से एचडी कुमारस्वामी भी शामिल हैं) का अजीब पाखंड। हम, कांग्रेस और कर्नाटक कांग्रेस के लोग, SIR के प्रति उनके विरोध का स्वागत करते हैं और कर्नाटक के BJP और JD-S नेताओं को चुनौती देते हैं कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने विपक्ष के सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार इस चुनावी प्रक्रिया में किसी भी तरह का हस्तक्षेप नहीं कर रही है। शिवकुमार ने कहा, 'सरकार इस प्रक्रिया को लेकर बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चला रही है और विपक्ष इसी बात से घबराया हुआ है।

राम मंदिर ट्रस्ट ने सीईओ के चयन के लिए तीन सदस्यीय समिति की घोषणा की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज। राम मंदिर में दान चोरी मामले पर छिड़े विवाद के बीच सोमवार को अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक हुई, जिसमें ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के लिए उपयुक्त उम्मीदवारों के चयन करने के लिए तीन सदस्यीय समिति की घोषणा की गई। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने पत्रकारों से बातचीत में एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, ''हमने न्यायाधीश (सेवानृवित) प्रदीप कोहली, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) विष्णुकांत चतुर्वेदी और सुरेश हवारे (श्री साईबाबा संस्थान ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष) की तीन सदस्यीय समिति नियुक्त की। यह समिति उम्मीदवारों का साक्षात्कार लेगी और हमें चुनने के लिए तीन नाम देगी।'' गोविंद देव गिरि ने सोमवार को अयोध्या में ट्रस्ट की एक मैराथन बैठक के बाद कहा, ''यह काम कोई एक व्यक्ति नहीं करेगा, बल्कि अनुभवी लोगों की एक समिति करेगी।'' ट्रस्ट की बैठक से पहले, विश्व हिंदू परिषद ने ट्रस्ट के मामलों के प्रबंधन के लिए एक सीईओ का पक्ष लिया था और उम्मीद जताई थी कि बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा की जाएगी। राम मंदिर में चढ़ावा चोरी प्रकरण के बीच श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सोमवार को हुई करीब तीन घंटे लंबी आपात बैठक में महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा के इस्तीफे स्वीकार कर लिए। ट्रस्ट ने चंपत राय की जगह ट्रस्टी कृष्ण मोहन को कार्यवाहक महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी। बैठक के बाद ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी ने चोरी की घटना को 'लज्जाजनक' बताते हुए कहा कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होने तक ट्रस्ट कोई ढिलाई नहीं बरतेगा और पूरे मामले की निगरानी के लिए एक समिति भी गठित की गई है। बैठक के बाद ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी ने कहा कि चढ़ावा चोरी की घटना पूरे ट्रस्ट और रामभक्तों के लिए अत्यंत पीड़ादायक और लज्जाजनक है। उन्होंने बताया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ट्रस्ट ने एक छोटी समिति गठित की है। इस समिति में सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति प्रदीप कोहली, रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल विष्णुकांत चतुर्वेदी और सुरेश जी हवारे शामिल हैं, जिन्होंने 10 साल तक शिरडी संस्थान का सफलतापूर्वक प्रबंधन किया था। गोविंद देव गिरी ने कहा कि हमने इस तीन सदस्यीय समिति को अंतिम रूप दे दिया है, वे अलग-अलग उम्मीदवारों का इंटरव्यू लेंगे और हमें नाम सौंपेंगे, जिनमें से हम अंतिम चयन करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि साथ ही एसआईटी की जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने पर निर्णय लिया जाएगा। गोविंद देव गिरी ने दोहराया कि 'चोरी, चोरी होती है' और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री तक जिम्मेदारी तय होनी चाहिए, जिन्होंने ट्रस्ट का गठन किया और उसके सदस्यों की नियुक्ति की। योगी सरकार तक, जिसने वर्षों तक इस लूट को जांच के बिना चलते रहने दिया और आरएसएस-वीएचपी माफिया की भी जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की अनदेखी करती है यूपी पुलिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने गिरफ्तारी संबंधी सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की अनदेखी पर पुलिस तंत्र को कड़ी फटकार लगाई। जस्टिस राजेश सिंह चौहान और जस्टिस दिवेश चंद्र सामंत की डिवीजन बेंच ने एक नाबालिग को कथित चोरी के मामले में अवैध रूप से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि 'सतेंद्र अंतिल बनाम सीबीआई (2022)' और 'अर्नेश कुमार' जैसे महत्वपूर्ण फैसलों में गिरफ्तारी को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं, लेकिन पुलिस अधिकारी कानून पढ़ने, समझने और उसका पालन करने के बजाय अपनी मनमर्जी से काम करते हैं। कोर्ट ने पाया कि नाबालिग की उम्र की पुष्टि किए बिना उसे जेल भेज दिया गया, जबकि जिन धाराओं में मामला दर्ज था उनमें अधिकतम 3 और 5 वर्ष की सजा का प्रावधान है। इसके बावजूद BNSS की धारा 35(3) के तहत अनिवार्य नोटिस जारी किए बिना ही गिरफ्तारी कर ली गई।